आज का मौसम

33.7° अधिकतम तापमान

27 .2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.46 सूर्यास्त 06.26

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष नवमी 02:43 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 1 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 214, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## भारत-चीन संबंधों से 2.8 अरब लोगों का कल्याण

### एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय बातचीत में बोले प्रधानमंत्री मोदी

- कहा-आपसी विश्वास, सम्मान के आधार पर चीन से संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए हम प्रतिबद्ध

तियानजिन (चीन), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा कि भारत आपसी विश्वास, सम्मान एवं संवेदनशीलता के आधार पर चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि दोनों देशों के बीच सहयोग 2.8 अरब लोगों के कल्याण से जुड़ा है। मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य की शुरुआत में कहा कि दोनों पक्षों द्वारा सीमा से सैनिकों को पीछे हटाए जाने से शांति और स्थिरता का माहौल बना। उत्तरी चीन के इस शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की शुल्क संबंधी नीति से पैदा हुई उथल पुथल की पृष्ठभूमि में हुई।

मोदी ने कहा कि हमारा सहयोग दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हितों से जुड़ा है। इससे समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि हम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसा समझा जाता है कि मोदी-शी वार्ता का मुख्य उद्देश्य उन द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना रहा जिनमें पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध के बाद गंभीर तनाव पैदा हो गया था।

मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में शनिवार शाम जापान से यहां पहुंचे। यह मई 2020 में शुरू हुए पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद मोदी की चीन की पहली यात्रा है।



चीन के तियानजिन में भारत-चीन द्विपक्षीय बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी

#### मोदी ने सीमापार से आतंकवाद का मुद्दा भी उठाया

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमापार से आतंकवाद का प्राथमिकता के साथ उल्लेख किया और इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों को इससे निपटने के लिए सूझबूझ के साथ सहयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐसा विषय है जो भारत और चीन दोनों को प्रभावित करता है।

#### जिनपिंग बोले-दोनों देशों के बीच दोस्ती सही विकल्प

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि दोनों देशों का मित्र बनना सही विकल्प है और उन्हें सीमा विवाद को अपने संबंधों को परिभाषित नहीं करने देना चाहिए। शी ने कहा कि दोनों को अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कहा कि भारत और चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी हैं और दोनों देश एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं बल्कि विकास के अवसर हैं।

### मोदी, शी ने वैश्विक व्यापार को स्थिर करने का लिया संकल्प

**तियानजिन।** अमेरिका के टैरिफ वॉर का मुकाबला करने का संकेत देते हुए भारत और चीन ने रविवार को वैश्विक व्यापार को स्थिर करने के लिए व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चुनौतियों से निपटने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने और सीमा मुद्दे के उचित समाधान की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर अपनी बातचीत में मोदी और शी ने आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक रणनीतिक तालमेल का प्रदर्शित किया, वह भी ऐसे समय में जब भारत दो दशकों से अधिक समय में अमेरिका के साथ अपने संबंधों में संभवत: सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ नीति और उनके प्रशासन द्वारा भारत की लगातार आलोचना करने के कारण दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। मोदी ने बैठक में कहा कि भारत और चीन दोनों ही रणनीतिक स्वायत्तता के पक्षधर हैं तथा उनके संबंधों को किसी तीसरे देश के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में आई गिरावट के मद्देनजर यह टिप्पणी कफी अहम है। वार्ता में भारत-चीन व्यापार घाटे को कम करने, आतंकवाद से मिलकर निपटने और बहुपक्षीय मंचों पर निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को स्वीकार किया।

#### जिनपिंग को भारत आने का न्योता

प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ की सफलतापूर्वक अध्यक्षता के लिए शी को बधाई दी। चीनी राष्ट्रपति को 2026 में भारत में प्रस्तावित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित भी किया। शी ने निमंत्रण के लिए मोदी को धन्यवाद दिया और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन की पेशकश की।

## फैसला अपलोड करने में देरी, सुप्रीम कोर्ट सख्त

- शीर्ष अदालत ने स्टेनो बुक को जब्त करने का दिया निर्देश
- 31 जुलाई का फैसला, 20 अगस्त तक नहीं किया गया था अपलोड

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करने के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को अपलोड करने में हुई देरी पर संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश के सचिव की स्टेनो बुक जब्त करने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आदेश कब टाइप किया गया था और उसमें कब सुधार किया गया था।

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इस बात पर गौर किया कि यह फैसला 31 जुलाई 2025 का था और इसे 20 अगस्त तक हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया। पीठ ने कहा कि मामले की विवेकपूर्ण जांच की जाए और आदेश को टाइप एवं अपलोड किए जाने के बारे में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) से रिपोर्ट हासिल की जाए। पीठ ने 20 अगस्त को मामले पर विचार करते हुए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी थी। 29 अगस्त को मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि रजिस्ट्रार जनरल ने 22 अगस्त को न्यायाधीश के सचिव से स्पष्टीकरण मांगा था।

उसने कहा कि सचिव ने 22 अगस्त को स्पष्टीकरण दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि सचिव ने आदेश अपलोड किए जाने के समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी और उन्होंने सिर्फ इतना बताया था कि न्यायाधीश एक अगस्त से 20 अगस्त के बीच कुछ चिकित्सा प्रक्रिया एवं सर्जरी से गुजरे थे।



#### स्पष्टीकरण मांगने पर अपलोड किया आदेश

पीठ ने कहा कि सचिव की ओर से स्पष्टीकरण दिए जाने की तिथि पर आदेश अपलोड किया गया था। हालांकि, इस तथ्य का जिक्र उन्होंने ही किया था। उसने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह आदेश 31 जुलाई को पारित नहीं किया गया था, बल्कि वास्तव में यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिया गया था। पीठ ने कहा कि सचिव की स्टेनो बुक जब्त की जाए और पता लगाया जाए कि किस तारीख को आदेश टाइप किया गया और पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) पर इसमें सुधार किया गया। शीर्ष अदालत ने एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत खारिज किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। उसने हरियाणा राज्य सहित सभी पक्षों को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद तय की।

## तेज धमाके से उड़ी अवैध पटाखा फैक्ट्री, दो की मौत

### गुडंबा के बेहटा में हुआ हादसा, छह घायल



घटनास्थल पर जांच एवं बचाव कार्य करती पुलिस व एसडीआरएफ की टीम।

- दो मकान खंडहर में तब्दील, चौकी इंचार्ज बेहटा और सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुडंबा के बेहटा में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार दोपहर करीब 12 बजे तेज धमाका हुआ। हादसे में आलम (50) और उसकी पत्नी मुन्नी (48) की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि करीब दो किमी दूर तक आवाज सुनाई दी। देर शाम डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने चौकी इंचार्ज बेहटा संतोष पटेल और सिपाही धर्मेश चाहर को निलंबित कर दिया, वहीं अन्य के खिलाफ जांच के आदेश दिए है।

पटाखा फैक्ट्री व एक अन्य मकान खंडहर में तब्दील हो गया। आसपास के पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर जिलाधिकारी विशाख जी. और जेसीपी कानून-व्यवस्था बबलू कुमार के अलावा पुलिस, अग्निशमन, एसडीआरएफ व प्रशासनिक टीम पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया। मलबे में दबे तीन लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। सात घंटे बाद दूसरा धमाका भी हुआ जिससे एक मवेशी की मौत हो गई। बेहटा में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार दोपहर करीब 12 बजे तेज धमाका हुआ जिससे मकान की छत उड़ गई। पूरा मकान खंडहर हो गया। इसके बाद कई धमाके हुए। जिसकी चपेट में आने के कारण पास का एक और मकान गिर गया। आसपास के पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए। मलबे में आठ से अधिक लोग दबे थे। सूचना पर पुलिस, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ की टीम पहुंची। मलबे के अंदर से आलम, मुन्नी, आलम का बेटा इरशाद, पड़ोसी नदीम, इरम, जैद, हूरजहां, जिशान और जियान को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को अस्पताल ले गए। जहां आलम और मुन्नी को मृत घोषित कर दिया। वहीं इरशाद, नदीम, हूरजहां और जिशान को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इरशाद, नदीम और हूरजहां की हालत गंभीर बताई जा रही है। संबंधित खबर पेज-4

## इंदौर जा रही फ्लाइट के इंजन में आग




- दिल्ली वापस लौटा एयर इंडिया का विमान, सुरक्षित लैंडिंग
- विमान में सवार थे 90 से ज्यादा यात्री

नई दिल्ली, एजेंसी

एयर इंडिया की दिल्ली से इंदौर जा रही एक उड़ान को रविवार सुबह टेकऑफ के तुरंत बाद इंजन में आग की चेतावनी के कारण दिल्ली वापस लौटना पड़ा जहां उसकी सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान में 90 से ज्यादा यात्री सवार थे।

फ्लाइट एआई2913 के दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट को विमान के दाहिने इंजन में आग की चेतावनी मिली। एहतियातन उस इंजन को बंद कर दिया गया और विमान को एक ही इंजन पर दिल्ली वापस लाया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 6.15 बजे एयरपोर्ट पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। एयर इंडिया ने घटना पर खेद व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा कि विमान को निरीक्षण के लिए ग्राउंड कर दिया गया है और यात्रियों को दूसरे विमान से इंदौर भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

## नई परंपरा, गजानन का नहीं करेंगे विसर्जन

**हल्द्वानी।** देश भर में गणपति बप्पा का पारंपरिक तौर पर विसर्जन किया जा रहा है, वहीं उत्तराखंड के हल्द्वानी में बद्रीपुरा गणेश महोत्सव समिति ने अनूठा निर्णय लिया है। समिति ने पांच दिन पूजा-अर्चना के बाद रविवार को वार्ड-11 में गणपति की विसर्जन शोभायात्रा निकाली। प्रतिमा का विसर्जन करने के बजाय सुरक्षित रख लिया।

समिति पदाधिकारियों और स्थानीय पार्षद रवि जोशी ने कहा कि देवभूमि में देवी-देवताओं को प्रतिष्ठित कर पूजित रखने की परंपरा है, विसर्जन की नहीं। प्रतिमा को कांच के फ्रेम में सुरक्षित रखा जाएगा और अगले साल गणेश चतुर्थी पर पंडाल में स्थापित किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### लोकप्रिय अभिनेत्री प्रिया मराठे का निधन



**मुंबई।** मराठी और हिंदी टेलीविजन की लोकप्रिय अभिनेत्री प्रिया मराठे (38) का रविवार को निधन हो गया। वह पिछले एक साल से कैंसर से जूझ रही थीं। उनके परिवार में मां और पति अभिनेता शांतनु मोघे हैं। प्रिया का जन्म 23 अप्रैल 1987 को ठाणे में हुआ और 2006 में मराठी धारावाहिक या सुखनो या से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कई लोकप्रिय हिंदी और मराठी टीवी शो में काम किया, जिनमें कसम से, पवित्र रिश्ता, बड़े अच्छे लगते हैं, चार दिन सासुके, तू दशहरे में और कॉमेडी सर्कस शामिल हैं।

### बांग्लादेश सीमा पर पांच करोड़ का सोना जब्त

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को एक विशेष अभियान के दौरान पांच करोड़ रुपये के 43 सोने के बिस्कुट जब्त किए। बीएसएफ द्वारा रविवार को बताया गया कि गुवाहाटी फ्रंटियर के अंतर्गत बीएसएफ की 138वीं बटालियन के सतर्क जवानों द्वारा भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चलाए गए इस अभियान में ज़ब्त किए गए सोने का वजन लगभग 5 .017 किलोग्राम है और इसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये है। कहा गया कि भारत-बांग्लादेश सीमा की संवेदनशील प्रकृति और सीमा पार तस्करों एवं राष्ट्र-विरोधी तत्वों से बढ़ते खतरे को देखते हुए बीएसएफ इस क्षेत्र में सतर्कता और अभियान तेज़ कर रहा है।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में, काउंटर इंटेलिजेंस पठानकोट, काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना और एसएसओसी अमृतसर ने संयुक्त रूप से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर विस्फोटकों, अत्याधुनिक हथियारों और गोला-बारूद के साथ इसके दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपने विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जिन्हें बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) का समर्थन प्राप्त है।

### केरल में प्रसिद्ध यूट्यूबर पर जानलेवा हमला

**इडुक्की।** केरल के इडुक्की जिले के थोडुपुझा में प्रसिद्ध यूट्यूबर शाजन स्कारिया पर कल शाम को अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। स्कारिया, मरुनादान मलयाली नामक यूट्यूब चैनल के मालिक हैं। पुलिस ने बताया कि कथित हमले में उन्हें मामूली चोट पहुंची है और बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के समक्ष दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, आरोपियों ने स्कारिया का वाहन रोका, उनके साथ मारपीट की और उनकी हत्या का प्रयास किया। थोडुपुझा पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा में लापरवाही अस्वीकार्य: योगी

- कुछ जिलों की अप्रिय घटनाओं पर सीएम सख्त, कहा- एंटी रोमियो स्क्वॉड की गतिविधियां बढ़ाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा और सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस विषय में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य होगी। कुछ जिलों की अप्रिय घटनाओं चेतावनी देते हुए कहा कि यदि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उदासीनता या ढिलाई मिली तो कठोर कार्रवाई तय है।

मुख्यमंत्री ने रविवार देर रात वीडियो कांफ्रेंसिंग में सभी जिलों के आला अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों में एंटी रोमियो स्क्वॉड की गतिविधियां और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाई जाएं। प्रत्येक संवेदनशील स्थल, बाजार, शिक्षण संस्थान और सार्वजनिक स्थान पर उनकी उपस्थिति और गश्त निरंतर दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं व छात्राओं को निर्भय वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की जिम्मेदारी है, इस पर किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। योगी ने हाल के दिनों में कुछ जिलों से प्राप्त अप्रिय घटनाओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस कप्तानों से मामले में अब तक हुई कार्रवाइयों की विस्तृत जानकारी भी ली।

## एजुकेट गर्ल्स को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार

**मनीला, एजेंसी।** दूरदराज के गांवों में स्कूल न जाने वाली लड़कियों की शिक्षा के लिए काम करने वाली भारतीय गैर-लाभकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स' को 2025 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेताओं में शामिल किया गया है। 'फाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली', जिसे व्यापक रूप से 'एजुकेट गर्ल्स' के नाम से जाना जाता है, ने रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय संगठन बनकर इतिहास रच दिया है। एशिया का नोबेल माना जाने वाला रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, एशिया के लोगों की सेवा में दिखाई गई महान भावना को मान्यता देता है। अन्य दो विजेताओं में मालदीव की शाहिना अली व फिलीपीन के फ्लेवियानो एंटोनियो एल विलानुएवा शामिल है।

**मन की बात** | प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों का इस्तेमाल कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का किया आह्वान

## हमारे जीवन की हर जरूरत में सब कुछ हो स्वदेशी : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर रविवार को देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का गौरवपूर्वक इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने स्थानीय उत्पादों के खुलकर इस्तेमाल (वोकल फॉर लोकल) के मंत्र पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मार्ग विकसित भारत बनाने में मददगार साबित होगा।

उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि जीवन की हर जरूरत में सबकुछ स्वदेशी होना चाहिए। मोदी अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद देश के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर लगातार जोर दे रहे हैं।

देश के विभिन्न भागों में गणेश उत्सव, दुर्गा पूजा और दीपावली उत्सव के आगमन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को त्योहारों के दौरान उपहार, कपड़े, सजावट की वस्तुएं या अन्य कोई चीज खरीदते समय स्वदेशी उत्पादों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्व से कहो यह स्वदेशी है, गर्व से कहो यह स्वदेशी है, गर्व से कहो यह स्वदेशी है। हमें इसी भावना के साथ आगे बढ़ना है। एक ही मंत्र है वोकल फॉर लोकल, एक ही रास्ता है आत्मनिर्भर भारत, एक ही लक्ष्य है विकसित भारत। मोदी ने कहा कि रामायण और भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम अब दुनिया के हर कोने तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में कनाडा के मिसिसागा में भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसी महीने रूस के बेहद ठंडे इलाके व्लादिवोस्तोक में एक अनोखी प्रदर्शनी आयोजित की गई।



#### देश की परीक्षा ले रहीं प्राकृतिक आपदाएं, घटनाओं से हर भारतीय दुखी

प्रधानमंत्री ने बरसात के मौसम में प्राकृतिक आपदाओं के कहर पर भी चिंता व्यक्त की। मोदी ने कहा कि इस मानसून में, प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि कहीं मकान तहस-नहस हो गए, कहीं खेत जलमग्न हो गए, बड़ी संख्या में परिवार बर्बाद हो गए। कहीं पुल पानी के तेज बहाव में बह गए, सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुखी किया है। प्रधानमंत्री ने बचाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और सुरक्षाबलों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जहां भी संकट आया, एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के हमारे जवानों और अन्य सुरक्षाबलों ने लोगों को बचाने के लिए दिन-रात काम किया। जवानों ने प्रौद्योगिकी की भी मदद ली। थर्मल कैमरे, लाइफ डिटेक्टर, खोजी कुत्तों और ड्रोन निगरानी की मदद से राहत कार्यों में तेजी लाने की कोशिश की गई।

# योगी सरकार आने पर रुका संभल में हिंदुओं का पलायन

## संभल हिंसा की रिपोर्ट में खुलासा, आपराधिक तत्वों पर चला डंडा तब हिंदुओं को हुआ भरोसा, रोका जेहादियों का एजेंडा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 68 पौराणिक तीर्थ स्थल और 19 प्राचीन कूप मुक्त कराए
- मस्जिद, मजार, कब्रिस्तान और मदरसों का कब्जा हटा

**अमृत विचार :** योगी सरकार जब 2017 में आई, उसके बाद संभल से हिंदुओं का पलायन रुका। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख से जेहादियों का एजेंडा थमा और अपराधिक तत्वों पर न्याय का डंडा चलना शुरू हुआ। इसके बाद हिंदुओं को संभल में सुरक्षित रहने का भरोसा हुआ। सरकार ने 68 पौराणिक तीर्थ स्थल और 19 प्राचीन कूप को मुसलमानों के अवैध कब्जे से मुक्त कराए। साथ ही मस्जिद, मजार, कब्रिस्तान और मदरसों का अवैध कब्जा भी हटा।

यह बातें संभल हिंसा की जांच करने वाले न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में हैं। कहा गया है कि आजादी के बाद से लगातार हिंदुओं को पलायन के लिए विवश किया गया। हिंदुओं के घर दुकान कारोबार पर सत्ता के संरक्षण में अवैध कब्जे हुए। लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में गद्दी संभालने के बाद योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पहली बार संभल के हिंदुओं के भरोसे को कायम किया। कहा गया है कि 2017 से पहले हिंदुओं का पलायन, दंगों में हिंदुओं की हत्या और उनकी संपतियों को नुकसान पहुंचाना संभल की कड़वी सच्चाई थी। तुष्टिकरण की राजनीति, अवसरवादी नेताओं की जोड़तोड़ और दंगों की साजिशों ने यहां के सामाजिक ताने-बाने को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था।

लेकिन 2017 के बाद तस्वीर तेजी से बदली है। मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से स्थिति को गंभीरता से समझा, सर्वे कराया और अराजक तत्वों को जेल भेजा। तुर्क पठान दंगों से हिंदुओं के संहार की योजना को ध्वस्त किया। सख्त कानून व्यवस्था के साथ-साथ विकास योजनाओं का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने लोगों के भीतर सुरक्षा और विश्वास की भावना जगाई। इन सब चीजों का नतीजा यह रहा कि संभल से हिंदुओं का पलायन रुका, कानून का इकबाल मजबूत हुआ और दंगाई जेलों में भेजे गए। सुरक्षा को लेकर हिंदुओं का भरोसा जागा।

### सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुद्धार का नया अध्याय

वर्षों से छिन्न-भिन्न सांस्कृतिक धरोहरों का पुनरुद्धार संभल में एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा सकता है। संभल के 68 पौराणिक तीर्थस्थलों और 19 प्राचीन कूपों को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई के साथ कल्कि अवतार मंदिर समेत कई प्राचीन धार्मिक स्थानों पर सर्वे और विकास कार्य चल रहे हैं। तीर्थों को उनके पुराने स्वरूप में लाने के लिए काम हो रहे हैं। संभल में पिछले एक वर्ष के दौरान 68.942 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। जीरो टॉलरेंस का परिणाम रहा कि कुल 37 अवैध कब्जे हटाए। इसमें मस्जिद से 16, मजार से 12, कब्रिस्तान से 7 और मदरसा से 2 अतिक्रमण शामिल रहे।

### बिजली चोरी रोकने के अभियान से नई पहचान

राज्य सरकार का कहना है कि राजनीतिक, धार्मिक और दबंग लोग ही नहीं, पूरा का पूरा मोहल्ला करोड़ों की बिजली चोरी करते पकड़ा गया। नतीजतन संभल में लाइन लॉस 82% से घटकर 18% पर आ गया और 84 करोड़ रुपये की राजकीय धनराशि की बचत हुई। बीमा माफिया पर हुई ऐतिहासिक कार्रवाई में 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा कर 67 लोगों को जेल भेजा गया। संभल में निर्यात में प्रदेश में 10वें स्थान पर पहुंच गया है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2405 करोड़ का निर्यात किया गया है, जिसमें ''वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत मेटेलिक, वुडन और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का विशेष योगदान रहा।

## नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेशवासियों की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए योगी सरकार पहली सितंबर से 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान एक माह तक चलाएगी। सभी पेट्रोल पंप पर निगरानी का नेतृत्व जिलाधिकारियों को सौंपा गया है। परिवहन, पुलिस, राजस्व व जिला प्रशासन के अधिकारी मिलकर मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि पहले हेलमेट, बाद में ईंधन। कहा कि 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि हर नागरिक को कानून के अनुरूप सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। योगी ने अभियान की सफलता के लिए प्रदेशवासियों का साथ भी मांगा।

## न्यूज ब्रीफ

### निजीकरण का संज्ञान ले नियामक आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र. ने उड़ीसा की तर्ज पर प्रदेश में राज्य विद्युत नियामक आयोग से स्वत: संज्ञान लेकर निजीकरण की प्रक्रिया रद्द करने की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। संघर्ष समिति ने कहा कि उड़ीसा में बिजली आपूर्ति कर रही निजी कंपनी टाटा पावर की उपभोक्ता सेवा बदहाल है। उड़ीसा के विद्युत नियामक आयोग ने स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू कर दी है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि वहां के आयोग ने सुनवाई के लिए 10 अक्टूबर की तारीख तय की है। संघर्ष समिति ने घोषणा की कि निजीकरण के विरोध में सितंबर में उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों के सम्मेलन प्रदेशभर में किए जाएंगे।

### इस बार भी उपभोक्ताओं का सरप्लस : परिषद

**अमृत विचार, लखनऊ :** नई बिजली दरों के निर्धारण में इस बार भी बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं की सरप्लस रकम निकलेगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने रविवार को दरों के प्रस्ताव का अध्ययन कर यह दावा किया। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों पर पहले से लगभग 33,122 करोड़ सरप्लस निकल रहा है। इसे अलग कर दिया जाय तो इस वित्तीय वर्ष में भी सरप्लस निकलने वाला है। उन्होंने कहा कि सरप्लस रहते बिजली दरों में बढ़ोतरी की संभावना कम है।

### परीक्षा घोटाले की जांच की समीक्षा आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार उप्र. लोक सेवा आयोग के परीक्षा घोटाले को लेकर चल रही जांच की सख्ती के साथ समीक्षा करने जा रही है। मुख्य सचिव दीपक कुमार जिम्मेदार अफसरों के साथ सोमवार को बैठक कर सीबीआई जांच की प्रगति समझेंगे। प्रकरण उप्र. लोकसेवा आयोग की अपर निजी सचिव (एपीएस) भर्ती 2010 में धांधली की सीबीआई जांच से जुड़ा है। सचिव लोक सेवा आयोग, निदेशक सीबीआई और पुलिस अधीक्षक सीबीआई भ्रष्टाचार निवारण को बुलाया गया है।

### सहकार भारती का राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में 10 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों व ऋण सहकारी समिति का राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में 10 व 11 सितंबर को होगा। अधिवेशन को लेकर दारूलशफा स्थित सहकार भारती प्रांतीय कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह ने अधिवेशन में प्रदेश के अधिक से अधिक प्रतिनिधियों के पहुंचने का आह्वान किया है।

# घुमंतू जातियों के लिए बनेगा बोर्ड

## विमुक्त जाति दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने किया ऐलान | प्रदेश में घुमंतू जातियों के लोगों के लिए बनेंगी कॉलोनियां व मकान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह के दौरान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को नमन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि राज्य सरकार घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी। साथ ही इन जातियों के लोगों को कॉलोनी और मकान उपलब्ध कराने की योजना पर भी काम किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को भागीदारी भवन में आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह में बोल रहे थे। विमुक्त जाति दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है, जब इन समुदायों को आजादी के मायने समझ आए। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार पूरी ईमानदारी से विमुक्त और घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में शिक्षा और आवास की दिशा में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। 9 जिलों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं। यहां छात्रों को रहने, खाने से लेकर यूनिफॉर्म तक की व्यवस्था है। इसके अलावा 264 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में विमुक्त जातियों के बच्चों के लिए भी विशेष सुविधा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने वनटांगिया समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया, मताधिकार का अधिकार दिया, उनके लिए घर, स्कूल और अस्पताल बनवाए। इसी तरह मुसहर, कोल, थारू, गौड़, चेरो और सहरिया जैसी जातियों के लिए भी योजनाएं संचालित की गईं। कुम्हार, निषाद और राजभर समाज को भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है।

इस अवसर पर मंत्री संजय निषाद, मंत्री असीम अरुण, नरेन्द्र कश्यप, संजीव गौड़, बैजनाथ रावत, बेचन राम, जीत सिंह खरवार, विश्वनाथ प्रसाद, वाईपी सिंह, भगवान नाथ, डॉ. शोभा चौधरी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### अंग्रेजों व मुगलों से लड़ी थी लड़ाई

योगी विमुक्त जाति दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा और जोगी जैसी जातियों ने कभी मुगलों तो कभी अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ लड़ाई लड़ी। अंग्रेजों ने इनके पराक्रम से भयभीत होकर वर्ष 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू किया और इन जातियों को जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रयासों से 31 अगस्त 1952 को इन जातियों को इससे मुक्ति मिली।

### मिलेंगे जमीन के पट्टे

योगी ने कहा कि अब विमुक्त और घुमंतू जातियों को भी जमीन के पट्टे और मतदान की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जैसे शामली और वनटांगिया का मॉडल बना, उसी तरह घुमंतू जातियों के लिए भी योजनाएं लागू होंगी।

# नेपाल सीमा से सटे जिलों में मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या हुई दोगुनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह मंत्रालय ने योगी सरकार को सख्त निगरानी और कार्रवाई के दिए निर्देश
- डीएम-एसपी को सौंपी गई जिम्मेदारी, देश और समाज के लिए खतरे की घंटी

**अमृत विचार :** यूपी के तीन जिलों श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर में बीते 10 वर्षों में मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या दोगुनी हो चुकी है। गृह मंत्रालय ने खुफिया एजेंसियों से आई रिपोर्ट योगी सरकार को भेजते हुए सख्त निगरानी और कार्रवाई के निर्देश हैं। शासन ने संबंधित डीएम-एसपी को मामले को देश और समाज के लिए खतरे की घंटी बताते हुए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

देश के कई सीमावर्ती इलाकों खासकर उत्तर प्रदेश, असम और नेपाल से सटे जिलों में डेमोग्राफिक बदलाव को लेकर केंद्र ने चिंता जाहिर की है। हाल ही में संभल हिंसा की न्यायिक जांच रिपोर्ट में 45 फीसदी हिंदू आबादी के घटकर 15 फीसदी होने की रिपोर्ट के बाद नेपाल से सटे जिलों में अचानक और असंतुलित जनसांख्यिकीय (डेमोग्राफिक) बदलाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गहरी चिंता से योगी सरकार सतर्क हो गई है। यह सिर्फ यूपी की बात नहीं है। असम में स्थिति और भी गंभीर है। यहां के कम से कम 11 जिलों में हिंदू अब अल्पसंख्यक बन चुके हैं। इसकी वजह बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ, ज्यादा जन्म दर और संगठित अतिक्रमण है।

रिपोर्ट में सचेत किया गया है कि ये आंकड़े केवल जनसंख्या बदलाव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए खतरे की घंटी हैं। गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों को सख्त निगरानी और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हालांकि तीनों जिलों से पहले ही ऐसी रिपोर्ट डीएम की ओर से भेजी जा चुकी है।

### धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग का जाल

जांच में सामने आया है कि सीमावर्ती इलाकों में हो रहे जनसांख्यिकीय और धार्मिक बदलावों के पीछे विदेशी फंडिंग की बड़ी भूमिका है। खासकर बलरामपुर में अवैध धर्मांतरण के आरोपित छांगुर पीर का मामला इस साजिश की गहराई को उजागर करता है। यह भी पाया गया कि क्षेत्र में ईसाई मिशनरियां सक्रिय रूप से दलित और गरीब परिवारों को निशाना बनाकर उनका धर्मांतरण करा रही थीं। इन घटनाओं के बीच एक और गंभीर मामला तब सामने आया, जब पाकिस्तान को 100 करोड़ की टेरर फंडिंग का सुराग मिला।

### स्थानीय लोगों का पलायन, तेजी से बस रहे बाहरी

नेपाल सीमा से सटे संवेदनशील जिलों श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर में अवैध रूप से धार्मिक स्थलों का निर्माण बढ़ा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से अतिक्रमण किया जा रहा है। स्थानीय लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं, जबकि बाहरी लोग बड़ी संख्या में यहां बसते जा रहे हैं। इसी के साथ इन क्षेत्रों में मानव तस्करी, अवैध धर्मांतरण और आपराधिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे यह इलाका सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

## जीरो पावर्टी अभियान में महज दस माह में 13,32,634 परिवार चिन्हित

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2027 तक प्रदेश को गरीब मुक्त बनाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जीरो पावर्टी अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगस्त तक प्रदेश में 13,32,634 परिवारों की पहचान की जा चुकी है। इनमें से 3,72,000 परिवारों को योजना का लाभ भी दिया गया है। अभियान में सबसे अधिक निर्धन परिवारों की पहचान आजमगढ़ में हुई, जहां 42,082 परिवार चिन्हित किए गए। इसके बाद जौनपुर में 39,374 परिवार, सीतापुर में 36,571 परिवार, हरदोई में 30,050 परिवार और प्रयागराज में 28,935 परिवार चिन्हित हुए।

# कई जिले बाढ़ की चपेट में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई शहर बीते कई सप्ताह से बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें मथुरा, प्रयागराज, कानपुर और वाराणसी की आबादी सर्वाधिक प्रभावित हैं। कई जिलों में जहां यमुना और गंगा का जलस्तर कम हो रहा है। वहीं, अब भी एक-दो जिलों में जलस्तर बढ़ ही रहा है। इसका कारण भारी बारिश और बैराजों से छोड़ा जा रहा पानी है। तटीय इलाकों में रह रहे लोगों को नदी के पास के इलाकों से हटाकर ऊंचे इलाकों पर भेजा गया है। फिलहाल बाढ़ प्रभावित जिलों में बलिया, बहराइच, बदायूं, चंदौली, फर्रुखाबाद, गोंडा, गाजीपुर, हरदोई, कानपुर नगर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मीरजापुर, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर, उन्नाव और वाराणसी शामिल हैं।

## मेडिकल कॉलेजों में मरीजों से लिया जाएगा फीडबैक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में आने वाले मरीजों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया जाएगा। मरीजों के फीडबैक से मेडिकल कॉलेज की रेटिंग निर्धारित होगी। फीडबैक लेने के लिए हास्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम का साफ्टवेयर तैयार किया जाएगा। जिसमें ओपीडी से लेकर हर स्तर पर मिलने वाली चिकित्सकीय सेवाओं के संबन्ध में जानकारी ली जाएगी। इस संबन्ध में चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में मरीजों से जानकारी ली जाएगी, इससे लापरवाह चिकित्सक व कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकेगी।

## भाजपाई जुमला है चीनी सामान का बहिष्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री मोदी के चीन यात्रा पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसा है,



उन्होंने कहा कि तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का सच चिंताजनक है। चीन से आनेवाले सामानों पर भारत की निर्भरता जिस तरह बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, और दुकानों पर पड़ा है। इससे बेरोज़गारी भी बढ़ रही है। सपा प्रमुख ने जारी बयान में कहा कि पहले चीन अपना माल भारत के बाजारों में भर देगा, इससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर गलत हरकत को नजरअंदाज़ करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे।

# शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर फटकारा

## योगी ने कानून-व्यवस्था, त्योहार, बाढ़ व डेंगू को लेकर की समीक्षा, अधिकारियों की ली क्लास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित अपने आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी दशा में अक्षम्य है। उन्होंने आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग जारी करते हुए लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगाई। कहा कि प्रत्येक जन शिकायत और समस्या का शिकायतकर्ता की दृष्टि से संतुष्टिपरक समाधान होना ही चाहिए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसका फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का वास्तविक पैमाना होगा।

मुख्यमंत्री रविवार देर रात प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, आगामी त्योहारों की तैयारी, बाढ़ की स्थिति, डेंगू नियंत्रण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे विषयों पर सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस कप्तानों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त जन शिकायतों की मंडलवार, जनपदवार, तहसीलवार, ज़ोनवार, रेंजवार, जिला पुलिस और थाना स्तर पर रैंकिंग जारी की। चेतावनी दी कि मिथ्या अथवा भ्रामक रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अनिवार्य रूप से होगी।

मुख्यमंत्री ने आगामी बरावफ़ात, अनंत चतुर्दशी व विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत पुलिस-प्रशासन को पहले से अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित जिलों की समीक्षा करते हुए राहत कार्यों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा बिहार में अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव में जीत की जिम्मेदारी राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद व राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को सौंपी गई।



बसपा प्रमुख मायावती ने चुनाव की तैयारी को लेकर नई दिल्ली में हुई बैठक में यह फैसला लिया। उन्होंने पार्टी नेताओं को जीत के लिए जुटने का आह्वान किया।

बसपा प्रमुख ने बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर कर पूरी मुस्तैदी व तन, मन व धन से आगे बढ़ने का निर्देश देते हुए उन्हें अगले महीने के शुरुआत से पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष जिम्मेदारी सौंपी।

**बदलाव** | डाक विभाग ने रजिस्टर्ड डाक का स्पीड पोस्ट सेवा में कर दिया है विलय

# 171 वर्ष बाद आज से रुक जाएगा रजिस्टर्ड डाक का सफर

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

- स्पीड पोस्ट, ऑनलाइन ईमेल और मैसेज ने कम की रजिस्टर्ड डाक की उपयोगिता



**अमृत विचारः** देश में एक ऐतिहासिक युग का अंत होने जा रहा है। 171 वर्ष से चल रही रजिस्टर्ड डाक सेवा अब इतिहास बन जाएगी। डाक विभाग ने इस सेवा को बंद करते हुए इसे स्पीड पोस्ट सेवा में विलय कर दिया है। एक सितंबर 2025 यानी आज से देशभर के सभी डाकघरों में रजिस्टर्ड डाक की सेवा पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। केवल स्पीड पोस्ट सेवा ही उपलब्ध होगी। यह बदलाव तकनीकी प्रगति और लोगों की बदलती जरूरतों के मद्देनजर किया गया है।

**महंगी होगी सेवा, लेकिन समय की बचत तय :** रजिस्टर्ड डाक सेवा की तुलना में स्पीड पोस्ट थोड़ा महंगा विकल्प है, लेकिन यह ज्यादा तेज और ट्रैकिंग की सुविधाओं से लैस है। अभी तक रजिस्टर्ड डाक में 17 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क और 20 ग्राम तक के पत्र के लिए 5 रुपये अतिरिक्त यानी कुल 22 रुपये में सेवा उपलब्ध थी। वहीं, स्पीड पोस्ट में 200 किलोमीटर की दूरी तक 20 से 50 ग्राम वजन वाले पत्र के लिए 41.30 रुपये चुकाने होंगे। जैसे-जैसे वजन और दूरी बढ़ेगी, शुल्क भी उसी अनुपात में बढ़ेगा। बता दें, 1854 में मात्र दो आने में शुरू हुई रजिस्टर्ड डाक सेवा ने कई दशकों तक देश के सामाजिक, प्रशासनिक और कानूनी ढांचे में अहम भूमिका निभाई।

### ब्रिटिश शासनकाल में हुई थी शुरुआत

रजिस्टर्ड डाक सेवा की शुरुआत वर्ष 1854 में ब्रिटिश शासनकाल में हुई थी, जब डाक विभाग ने इसे सरकारी, कानूनी और वित्तीय दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से भेजने के लिए शुरू किया था। यह सेवा लगभग 130 वर्षों तक अत्यंत महत्वपूर्ण बनी रही। हालांकि 1986 में स्पीड पोस्ट सेवा की शुरुआत और उसके बाद ईमेल, व्हाट्सऐप, मैसेजिंग ऐप्स और अन्य ऑनलाइन संचार माध्यमों के चलते इसकी उपयोगिता में तेजी से गिरावट आई। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में लगभग 18,355 डाकघर और देशभर में करीब 1.56 लाख डाकघर संचालित हैं। राजधानी जिले में ही लगभग 2220 डाकघर कार्यरत हैं। इन सभी डाकघरों में अब रजिस्टर्ड डाक की जगह स्पीड पोस्ट सेवा ही मिलेगी।

> आमजन की सुविधाओं के लिए विभाग समय-समय पर बदलाव करता है। आज की जरूरत है कि डाक तेजी से अपने गंतव्य तक पहुंचे। यही कारण है कि रजिस्टर्ड डाक को स्पीड पोस्ट में विलय कर दिया गया है।
>
> -प्रणव कुमार, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल, मुख्यालय डाक विभाग, लखनऊ

# अयप्पा मंदिर से हिंदुत्व की अलख जगाएंगे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ स्थित मंदिर के प्रबंधकों ने भेजा कार्यक्रम का आमंत्रण



अयप्पा मंदिर

**अमृत विचारः** अगले वर्ष केरल में विधानसभा चुनाव है और इससे पहले ऐसे धार्मिक आयोजनों में दिलचस्पी न दिखाने वाला वहां का वामदल 'अयप्पा संगमम' कराने जा रहा है। हालांकि दिलचस्प यह होगा कि इधर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजधानी लखनऊ में ही सबरीमाला मंदिर की तर्ज पर स्थापित अयप्पा मंदिर से हिंदुत्व की अलख जगा देंगे।

लखनऊ के गोमती नगर, विनीत खंड स्थित अयप्पा मंदिर के प्रबंधकों ने मुख्यमंत्री योगी को सितंबर में होने वाले आयोजन के लिए आमंत्रण पत्र भेजा है। मंदिर प्रबंधक बतौर मुख्य अतिथि योगी से मंदिर के मुख्यद्वार का समर्पण (शुभारंभ) कराना चाहते हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि 15 सितंबर के आसपास होने वाले इस आयोजन के लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय से उन्हें एक-दो दिन में सीएम प्रोटोकॉल की सूचना मिल जाएगी।

फिलहाल केरल में वामदल सीपीआई (एम) की सरकार है, जिसे नास्तिक भी माना जाता है। लेकिन, यही दल इस बार भगवान अय्यपा का 'आह्वान' करने जा रही है। 20 सितंबर से होने जा रहे इस तीन दिवसीय आयोजन में केरल के सभी पंथों के हिंदू संतों, उच्च ब्राह्मणों समेत सभी जाति वर्गों को आमंत्रित किया गया है। भगवान अयप्पा के नाम पर इस बार वाम दल की कोशिश उच्च जाति के हिंदुओं को साथ लाने की है। हालांकि इससे पहले भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री योगी अयप्पा मंदिर लखनऊ से ही वहां के राजनीतिक विरोधियों को जवाब दे सकते हैं।

## नेशनल ब्रीफ

### युद्ध के हथियारों का जखीरा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने एक ठिकाने का भंडाफोड़ कर वहां से भारी मात्रा में युद्ध में इस्तेमाल होने वाले हथियारों का जखीरा बरामद किया है। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने रविवार तड़के उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा ज़िले के कोटनाला क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान चीन में निर्मित एक पिस्तौल, पाकिस्तान निर्मित चार 'अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर', चार चीनी हथगोले, एक स्नाइपर राइफल की मैगजीन, स्नाइपर के 26 राउंड, एक एके-47 की मैगजीन, एके-47 के 144 राउंड, एक बैग और चीनी भाषा में छपे पर्चे बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

### सियासी दलों के पंजीकरण नियम को लेकर याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और उनके विनियमन के लिए नियम बनाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, ताकि धर्मनिरपेक्षता, पारदर्शिता और राजनीतिक न्याय को बढ़ावा दिया जा सके। याचिका में आरोप है कि फर्जी राजनीतिक दल न केवल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं, बल्कि कट्टर अपराधियों, अपहरणकर्ताओं, मादक पदार्थों के तस्करों और धन शोधन करने वालों से भारी मात्रा में धन लेकर उन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त करके देश की छवि भी खराब कर रहे हैं।

### गणेश यात्रा : दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**नरसापुरम।** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के नरसापुरम मंडल में रविवार को गणेश शोभयात्रा के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से एक नाबालिग समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर ट्रॉली में रखी गणेश प्रतिमाएं स्थानीय लोगों की थीं। अधिकारी ने बताया, नरसापुरम मंडल में गणेश शोभायात्रा के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक नाबालिग समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

### मिजोरम: सात महीनों में एचआईवी से 259 मौतें

**ऐजल।** मिज़ोरम एचआईवी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस साल जनवरी से जुलाई के बीच इस वायरस से 259 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इसी अवधि में 611 नए संक्रमणों का पता चला है। एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) केंद्रों द्वारा संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि राज्य में 2020 से अब तक 2,996 लोग एचआईवी के कारण दम तोड़ चुके हैं। वर्ष 2023 में सबसे अधिक 632 मौतें दर्ज की गयी थीं।

# भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच संबंधी 7000 से ज्यादा मामले अदालतों में लंबित

## सीवीसी की नई वार्षिक रिपोर्ट में जारी किया गया ब्योरा, 309 मामले 20 वर्षों से भी ज्यादा समय से पड़े हैं अनिर्णीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच से संबधित भ्रष्टाचार के 7,072 मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में इसका ब्योरा जारी किया गया है।




सीवीसी ने बताया कि इनमें से 379 मामले 20 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। आयोग के अनुसार 31 दिसंबर, 2024 तक कुल मामलों में से 1,506 मामले तीन साल से कम समय से, 791 मामले तीन साल से अधिक और पांच साल से कम समय से, और 2,115 मामले पांच साल से अधिक और 10 साल से कम समय से लंबित थे। भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार के कुल 2,281 मामले 10 वर्ष से अधिक और 20 वर्ष से कम समय से लंबित थे जबकि 379 मामले 20 वर्ष से अधिक समय से लंबित थे।

- न्यायालयों में 13 हजार से ज्यादा अपीलें, संशोधन अनुरोध लंबित

रिपोर्ट में कहा गया है, यह पाया गया कि 31 दिसंबर 2024 तक 7,072 मामले सुनवाई के लिए लंबित थे। यह चिंता का विषय है कि 2024 के अंत तक 2,660 मामले 10 वर्षों से अधिक समय से लंबित थे।

रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आरोपियों की 13,100 अपीलें/संशोधन अनुरोध विभिन्न उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं। सीवीसी के अनुसार 606 अपीलें/संशोधन अनुरोध 20 वर्ष से अधिक समय से, 1,227 अपीलें/संशोधन अनुरोध 15 वर्ष से अधिक लेकिन 20 वर्ष से कम समय से, 2,989 अपीलें/संशोधन अनुरोध 10 वर्ष से अधिक लेकिन 15 वर्ष से कम समय से, 4,059 अपीलें/संशोधन अनुरोध पांच वर्ष से अधिक लेकिन 10 वर्ष से कम समय से, 1,778 अपीलें/संशोधन अनुरोध दो वर्ष से अधिक लेकिन पांच वर्ष से कम समय से तथा 2,441 अपीलें/संशोधन अनुरोध दो वर्ष से कम समय से लंबित हैं।

सीवीसी ने जानकारी दी कि साल 2024 के दौरान भ्रष्टाचार के 644 मामलों में फैसला सुनाया गया। इनमें से 392 मामलों में दोषसिद्धि हुई, 154 मामलों में दोषमुक्ति हुई, 21 मामलों में आरोपी बरी हुए और 77 मामलों का अन्य कारणों से निपटारा किया गया। पिछले साल दोषसिद्धि की दर 69.14 प्रतिशत थी, जबकि इससे पहले 2023 में यह 71.47 प्रतिशत रही थी।

### सेंथिल अस्पताल में भर्ती, अनशन जारी

**चेन्नई।** समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) योजना के तहत केंद्र द्वारा धनराशि रोके जाने के खिलाफ 29 अगस्त से अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो गई हैं और वह शनिवार रात से अस्पताल में भर्ती हैं। नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, 46 वर्षीय सेंथिल ने कहा कि वह चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी जनरल अस्पताल में अपना विरोध तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि राज्य को एसएसए योजना के तहत धनराशि जारी नहीं कर दी जाती।

# सितंबर में भी 109 प्रतिशत ज्यादा बारिश की चेतावनी, बाढ़-भूस्खलन का खतरा

## भारतीय मौसम विभाग ने किया आगाह, उत्तराखंड में सबसे ज्यादा आपदाओं की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। इस बार मानसून के मौसम में देश के कई हिस्सों में पहले ही भारी बारिश की वजह से आपदाएं आ चुकी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि सितंबर 2025 के लिए मासिक औसत वर्षा 167.9 मिलीमीटर के दीर्घकालिक औसत से 109 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है।

पूर्वानुमान के अनुसार, अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक वर्षा होगी। हालांकि, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों, साथ ही सुदूर दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिमी भारत के हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि भारी वर्षा से सितंबर में उत्तराखंड में भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ सकती है तथा दक्षिणी हरियाणा, दिल्ली और उत्तरी राजस्थान में जनजीवन बाधित हो सकता है।

उन्होंने कहा, उत्तराखंड से कई नदियां निकलती हैं। इसलिए, भारी बारिश का मतलब है कि कई नदियां उफान पर होंगी और इसका असर निचले इलाकों के शहरों और कस्बों पर पड़ेगा। इसलिए, हमें इसे ध्यान में रखना चाहिए। महापात्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महानदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भी भारी बारिश का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 1980 के बाद से सितंबर में बारिश में मामूली वृद्धि का रुझान रहा है, 1986, 1991, 2001, 2004, 2010, 2015 और 2019 में इस महीने में कम बारिश को छोड़कर।

- हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली में भी जनजीवन प्रभावित होने का अंदेशा

### जून से अगस्त तक निरंतर ज्यादा बारिश

आईएमडी के आंकड़े के अनुसार, एक जून से 31 अगस्त के बीच भारत में 743 .1 मिमी बारिश हुई, जो 700 .7 मिमी की दीर्घकालिक औसत से 6 प्रतिशत अधिक है। जून में 180 मिमी बारिश हुई जो सामान्य से 9 प्रतिशत अधिक थी और उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में काफी बारिश हुई। जुलाई में 294 .1 मिमी बारिश हुई जो सामान्य से 5 प्रतिशत अधिक थी, जिसमें मध्य भारत में 22 प्रतिशत की अधिकता थी। अगस्त में 268 .मिमी बारिश हुई जो सामान्य से 5 .2 प्रतिशत अधिक थी। उत्तर-पश्चिम भारत में अगस्त में 265 मिमी बारिश दर्ज की गई जो 2001 के बाद से इस महीने में सबसे अधिक और 1901 के बाद से 13वीं सबसे अधिक बारिश है। कुल मिलाकर, उत्तर-पश्चिम भारत में एक जून से 31 अगस्त के बीच 614 .2 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य 484 .9 मिमी से 27 प्रतिशत ज्यादा है।

महापात्र ने कहा कि राजस्थान से मानसून वापसी की सामान्य तिथि एक सितंबर से बदलकर 17 सितंबर हो गई है, जिससे स्वयं संकेत मिलता है कि सितंबर में वर्षा की गतिविधि बढ़ गई है। आईएमडी ने कहा कि सितंबर के दौरान पश्चिम-मध्य, उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में मासिक औसत अधिकतम तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से नीचे रहने की उम्मीद है।



कुल्लू में रविवार को भारी बारिश के बाद ब्यास नदी में एक बार फिर उफान आ गया।

### अगस्त में 31% ज्यादा बारिश ने मचाई तबाही, लाखों हुए विस्थापित

आईएमडी के अनुसार, दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में अगस्त में 250 .6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से लगभग 31 प्रतिशत अधिक है। यह 2001 के बाद से इस महीने में तीसरी सबसे अधिक और 1901 के बाद से आठवीं सबसे अधिक वर्षा है। कुल मिलाकर, इस क्षेत्र में एक जून से 31 अगस्त के बीच 556 .2 मिलीमीटर की सामान्य वर्षा की तुलना में 607 .7 मिलीमीटर वर्षा हुई, जो 9 .3 प्रतिशत अधिक है। असामान्य रूप से अधिक वर्षा के साथ-साथ कई चरम मौसम संबंधी घटनाएं भी हुईं। पंजाब में दशकों में सबसे भीषण बाढ़ आई, जिसमें उफनती नदियां और टूटी नहरें हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि में जलमग्न हो गईं और लाखों लोग विस्थापित हो गए। हिमालयी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के कारण भूस्खलन हुआ और जान-माल का व्यापक नुकसान हुआ।

- आईएमडी ने इस अतिरिक्त वर्षा के लिए सक्रिय मानसून को दिया, जिसे लगातार पश्चिमी विक्षोभों का समर्थन प्राप्त हुआ, जिससे क्षेत्र में अधिक वर्षा हुई। 28 जुलाई से 14 अगस्त के बीच सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी हिमालय और आसपास के मैदानी इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई, जिससे 5 अगस्त को उत्तरकाशी में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ और उत्तर प्रदेश एवं बिहार में नदियों में बड़ी बाढ़ आई।

### कटरा में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को फौरन खाली करने का आदेश

**कटरा/जम्मू।** वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन करने जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित होटल सहित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को तत्काल खाली कराने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच, त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा रविवार को खराब मौसम के कारण लगातार छठे दिन भी स्थगित रही। इस पवित्र तीर्थस्थल की यात्रा 26 अगस्त को भूस्खलन अैर 34 यात्रियों की मौत के बाद स्थगित कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में रविवार सुबह से ही मूसलाधार बारिश जारी है, जिसके कारण लगातार छठे दिन यात्रा स्थगित करने की सूचना दी गई है। एक आदेश में, कटरा एसडीएम पीयूष धोत्रा ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में बालिनी पुल से दर्शनी ड्योढ़ी तक और बालिनी पुल से एशिया चौक तक होटल और धर्मशालाओं सहित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को खाली करने का आदेश दिया है। आदेश में कहा गया, भारी बारिश और खराब मौसम के कारण हाल के दिनों में कटरा अनुमंडल में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है, विशेष रूप से बालिनी पुल के पास और कदमल में शान मंदिर के पास, इसके अलावा कुछ स्थानों पर सड़कें धंस गई हैं, जिससे कई स्थान भविष्य में भूस्खलन और क्षति के प्रति संवेदनशील हो गए हैं। इससे मानव जीवन को खतरा हो सकता है।

# कांग्रेस का आरोप, आयोग ने नहीं लीं हमारी 89 लाख शिकायतें

**पटना, एजेंसी**

कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि उसने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत निर्वाचन आयोग को 89 लाख शिकायतें दीं लेकिन पार्टी से संबंधित बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) की शिकायतों को स्वीकार नहीं किया गया। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि अनियमितताएं निर्वाचन आयोग की मंशा पर संदेह पैदा करती हैं और उन्होंने मांग की कि एसआईआर दोबारा कराई जाए।

खेड़ा ने दावा किया, निर्वाचन आयोग अपने 'सोर्स' के माध्यम से खबरें प्लांट करवाता रहता है कि किसी राजनीतिक पार्टी से कोई शिकायत नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस पार्टी ने 89 लाख शिकायतें निर्वाचन आयोग को दी हैं लेकिन पार्टी के बीएलए की शिकायतें नहीं ली गईं। उन्होंने कहा, जब हमारे बीएलए शिकायत लेकर जाते हैं तो उनसे शिकायतें नहीं ली जातीं। उनसे कहा जाता है कि हम प्रभावित लोगों से शिकायतें लेंगे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख ने सवाल किया कि ऐसे में राजनीतिक दलों और बीएलए की क्या भूमिका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो आंकड़े दिए हैं उनकी जांच आयोग को करानी चाहिए। खेड़ा ने कहा, "कल एक सितंबर है, निर्वाचन आयोग में एसएआईआर के तहत शिकायतें दर्ज करवाने की आखिरी तारीख है। ऐसे में हमारे बीएलए ने बिहार के नागरिकों की शिकायतें और आपत्तियां दर्ज करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

- कांग्रेस प्रवक्ता ने चुनाव आयोग की मंशा पर उठाए सवाल

### चुनाव आयोग ने दिया जवाब, कहा- सही प्रारूप पर नहीं दी गईं आपत्तियां

जवाब में, आयोग ने शुरू में दावा किया कि किसी भी बीएलए ने कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की है, लेकिन कुछ घंटों बाद एक अन्य बयान में कहा गया कि कांग्रेस की शिकायतें निर्धारित प्रारूप में प्राप्त नहीं हुई हैं, लेकिन आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा, आज तक, बिहार में कांग्रेस के किसी भी जिला अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी भी बीएलए ने निर्धारित प्रारूप में एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में किसी भी नाम पर कोई दावा (फॉर्म 6) या आपत्ति (फॉर्म 7) प्रस्तुत नहीं किया है। बाद में, सीईओ कार्यालय ने एक और बयान जारी कर कहा कि ईआरओ जिला कांग्रेस अध्यक्षों के अभ्यावेदन पर विचार करने के बाद ही व्यापक निर्णय लेंगे। बयान में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय ने 22 अगस्त के अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि यदि 12 राजनीतिक दल मतदाता सूची में गलत नामों के बारे में जानकारी प्रस्तुत करते हैं, तो ईआरओ को निर्धारित प्रपत्र में ऐसी जानकारी दर्ज करनी होगी और आवश्यक कार्रवाई करनी होगी।

### एसआईआर पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की मांग को लेकर आवेदन दायर करने के लिए निर्धारित एक महीने की अवधि सोमवार को खत्म हो रही है। राज्य में अब तक दो लाख से अधिक लोगों ने मतदाता सूची से नाम हटाने और 33,000 से ज्यादा लोगों ने सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट राजद और अन्य की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें निर्वाचन आयोग को उन लोगों के संबंध में दावा दायर करने की समय सीमा बढ़ाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें बिहार में एसआईआर के दौरान मसौदा सूची में शामिल नहीं किया गया है।

### मार्च के साथ आज होगा वोटर अधिकार यात्रा का समापन

**पटना।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महागठबंधन के अन्य नेता सोमवार को यहां पैदल मार्च निकालेंगे, जिसके साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' का समापन होगा। यह मार्च गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से पटना उच्च न्यायालय के निकट बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा तक निकाला जाएगा। इसमें राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, महागठबंधन के अन्य नेता और समर्थक शामिल होंगे। यात्रा 25 जिलों में 110 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी और इसमें 1300 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और निर्वाचन आयोग पर तीखे हमले बोले। उन्होंने जगह-जगह "वोट चोर, गद्दी छोड़" का नारा लगाया।

### अगले बरस तू जल्दी आ



चेन्नई के मरीना बीच पर रविवार को लोगों ने भगवान गणेश की मूर्ति को समुद्र में विसर्जित किया। एजेंसी

# ईडी ने 697 करोड़ के घोटाले के आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश से 696.69 करोड़ रुपये की अवैध हेराफेरी से जुड़े धन शोधन के एक बड़े मामले में कथित प्रमुख संचालक अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार के बाद आरोपी को पीएमएलए अदालत के सामने पेश किया गया, जहां उसे सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच से जुड़ी है।

- पीएमएलए अदालत ने आरोपी को सात दिन की ईडी हिरासत में भेजा

ईडी की पीएमएलए जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई है। एफआईआर में किंजल फ्रेट फॉरवर्डिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और उसके सहयोगियों पर भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र समेत गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

# जरांगे ने आज से पानी न पीने की दी धमकी

- मुंबई में मनोज जरांगे के नेतृत्व में तीसरे दिन भी आंदोलन जारी

**मुंबई।** मुंबई के आजाद मैदान में मनोज जरांगे के नेतृत्व में रविवार को तीसरे दिन भी मराठा आरक्षण आंदोलन जारी रहा। इस दौरान कार्यकर्ता ने अपना रुख कड़ा करते हुए कहा कि उनकी मांग संवैधानिक रूप से वैध है। वहीं, महाराष्ट्र के भाजपा के कुछ मंत्रियों ने कहा कि समुदाय को मौजूदा ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ उठाना चाहिए।



मुंबई में मराठा आरक्षण को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

जरांगे मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार से दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में भूख हड़ताल पर हैं। वह चाहते हैं कि मराठाओं को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल कृषक जाति कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए, ताकि उन्हें सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण मिल सके, हालांकि ओबीसी नेता इसका विरोध कर रहे हैं। जरांगे ने अपनी मागें पूरी न होने तक मुंबई न छोड़ने का संकल्प दोहराते हुए कहा, सरकार के पास 58 लाख मराठाओं के कुनबी होने का रिकॉर्ड है।

# सार्वजनिक स्थलों पर गाड़ी न चलाने पर नहीं लगेगा टैक्स : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि मोटर वाहन कर की प्रकृति प्रतिपूरक है और अगर किसी वाहन का उपयोग नहीं किया जाता है या 'सार्वजनिक स्थान' पर इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है, तो उसके मालिक पर मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा कि मोटर वाहन कर की प्रकृति प्रतिपूरक है। इसका उपयोग से सीधा संबंध है।

- सार्वजनिक सड़क, राजमार्ग आदि के उपयोग पर करना होता है टैक्स का भुगतान

मोटर वाहन कर लगाने का तर्क यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक अवसंरचना, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का उपयोग कर रहा है, उसे ऐसे उपयोग के लिए भुगतान करना होगा। आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि विधायिका ने इस प्रावधान में जानबूझकर ''सार्वजनिक स्थान'' शब्द का उपयोग किया है। अधिनियम की धारा 3 मोटर वाहनों पर कर लगाने से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने 29 अगस्त को दिए अपने फैसले में कहा कि यदि किसी मोटर वाहन का उपयोग ''सार्वजनिक स्थान'' पर नहीं किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से लाभ नहीं मिल रहा है; इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में अपीलकर्ता कंपनी के मोटर वाहन राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) परिसर के अंदर उपयोग के लिए सीमित थे, जो एक बंद क्षेत्र है, ऐसे में वाहनों को ''सार्वजनिक स्थान'' पर इस्तेमाल किए जाने का सवाल ही नहीं उठता।

**नया चलन** — बड़े शहरों में फर्जी शादी की थीम युवाओं के बीच लगातार हो रही है लोकप्रिय

# फर्जी शादी, असली मजा : दूल्हा-दुल्हन नहीं, बस जश्न ही जश्न

**नई दिल्ली, एजेंसी**

साज-सजावट, मेंहदी, संगीत और बेपरवाह नाच-गाना है। शानदार भोज है और बाराती भी हैं, लेकिन दूल्हा और दुल्हन नहीं। इनकी बिल्कुल जरूरत नहीं है। शहरी भारत में पार्टी करने की नई दुनिया में आपका स्वागत है।

बैंड, बाजा, बारात सब कुछ मौजूद है और भव्य भारतीय 'शादियां' जितनी मजेदार होती हैं, ये भी उतनी ही मजेदार होती हैं। बस इसमें परिवार की झंझट और असली दूल्हा-दुल्हन नहीं होते हैं। 'फर्जी शादी' थीम इन दिनों शहर के युवाओं के बीच बहुत ज्यादा लोकप्रिय बन चुकी है जहां लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के मस्ती भरे जश्न में झूमते नजर आते हैं। नोएडा के रूफटॉप रेस्तरां ताहिया के संस्थापक निशांत कुमार ने हाल ही में एक फर्जी शादी समारोह का आयोजन किया था, जिसमें टिकटें पूरी तरह बिक चुकी थीं।



उन्होंने इस संबंध में कहा, इन शादियों में मेहमान तैयार होकर आते हैं, नाचते हैं, खाते हैं और भूमिका निभाते हैं। यह सब पूरी तरह से आनंद के लिए किया जाता है। कुमार ने कहा, यह एक अनोखा आयडिया है, जो पुरानी यादों, ड्रामा और भारतीय उत्सवों के प्रेम से जन्मा है। शादियां भारतीय संस्कृति, भोजन, संगीत और भावनाओं के सबसे रंग-बिरंगे रूपों में से एक होती हैं लेकिन साथ ही ये निजी और अक्सर बेहद उलझाऊ भी होती हैं। तभी हमने सोचा कि क्यों न लोगों को एक भव्य भारतीय शादी का सारा मजा, ड्रामा और शाही ठाठ-बाट दिया जाए, लेकिन इसमें कोई पारिवारिक राजनीति नहीं हो। ये विचार काम कर गया।

डेढ़ हजार रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक के टिकट वाले इन कार्यक्रमों में गैर-शादी के मौसम में भी पार्टी में शामिल होने वाले लोग अपने अंदर के बारातियों को बाहर निकालते हैं। अनोखे निमंत्रण और जबरदस्त कार्यक्रम के विवरण को नजरअंदाज करना मुश्किल होता है। इसमें लड़किया मेहंदी लगवा रही होती हैं, चमचमाते लहंगे पहने होती हैं। वहीं, लड़के कढ़ाईदार कुर्तों में नजर आते हैं। अजनबी एक-दूसरे के दोस्त बन जाते हैं और सब मिलकर 'डांस फ्लोर' पर उतर आते हैं और शादी का जश्न मनाते हैं। लेकिन वास्तव में यह बस दिखावटी होता है।

### न यहां देखने वाले न टोंकने वाले

गुड़गांव में ऐसी ही एक फर्जी शादी में शामिल हुईं 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा नताशा घई ने कहा, इन शादियों में क्या पहनें क्या न पहनें इस बात का कोई तनाव नहीं होता जबकि असली शादी में ऐसा होता है क्योंकि वहां नाक-भौं सिकोड़ने वाले रिश्तेदार होते हैं। इन शादियों में हम बस अपने दोस्तों के साथ होते हैं, ढोल की थाप पर नाचते हैं, दुनिया की परवाह किए बिना खाने-पीने का आनंद लेते हैं। यह आजादी का एहसास था और बिल्कुल शादी जैसा माहौल था। दिल्ली में मीडिया क्षेत्र में काम करने वालीं अपूर्वा गुप्ता आमतौर पर सामाजिक आयोजनों से दूर रहती हैं, लेकिन हैरानी की बात यह थी कि वह अपनी दोस्त और उसकी मां के साथ साउथ दिल्ली में बिना किसी बंधन वाली शादी में खुशी-खुशी शामिल हुईं। उसे जिस चीज़ ने सबसे ज्यादा आकर्षित किया, वो उन सब चीज़ों की गैरमौजूदगी थी जो आमतौर पर ऐसे आयोजनों को थका देने वाला बना देती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कमरे में लटका मिला विवाहिता का शव

**अमृत विचार, चिनहट :** बीबीडी थाना क्षेत्र के खाले देवरिया गांव में विवाहिता नंदनी (22) का शव कमरे में लटका मिला। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि नंदनी ने उसी गांव के रहने वाले मजदूर सोनू निषाद से चार साल पहले प्रेम विवाह कर लिया था। उनके एक बच्चा है। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि मायकेवालों को सूचना दी गयी है।

### बेकरी में चोरी आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, चिनहट :** अयोध्या हाइवे पर स्थित साईं मार्केट में बाराबंकी निवासी शिवम टंडन की टंडन बेकरी है। दुकान में सेंध लगाकर चोर ने दो मोबाइल फोन और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इसी दौरान बेकरी मालिक ने साथी के साथ मिलकर बगल की दुकान पर काम करने वाले राजा उर्फ राजेश निवासी छत्तीसगढ़ को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से चार हजार रुपये व दो मोबाइल बरामद कर लिए हैं।

### सोता रहा परिवार, घर में हुई चोरी

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र के अऊमऊ गांव में छोटकन्न के घर में चोरों ने घुसकर बक्से का ताला तोड़कर जेवर व पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। वारदात उस वक्त हुई जब पूरा परिवार कमरे में सो रहा था। शनिवार सुबह परिजन सोकर उठे तो चोरी का पता चला। पीड़ित ने डॉयल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रुपये के विवाद में युवक पर बांके से हमला

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** मूल रूप से बंथरा के जहानाबाद निवासी विकास कुमार बिजनौर के लक्ष्मण खेड़ा में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वे चंद्रावल चौराहा स्थित दुकान पर चिकन लेने गया था। तभी अनिकेत उर्फ छोटू ने उससे पांच हजार रुपये की मांग की। रुपये देने से इंकार किया तो अनिकेत गाली देने लगा। पीड़ित का कहना है कि विवाद बढ़ने पर आरोपी ने दुकान पर रखा बांका उठाकर हमला कर दिया, जिससे उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने विकास को बचाया। घटना के बाद आरोपी धमकाते हुए भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो घरों की छत उड़ीं, 100 मीटर में मकान क्षतिग्रस्त

## गुडंबा के बेहटा स्थित पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से सहमे लोग, घर हिले, सामान टूटे, दो किमी दूर तक सुनाई दी आवाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बेहटा में हुए विस्फोट से पूरा इलाका दहल गया। 100 मीटर के दायरे में आने वाले कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। लोगों के घरों में रखे सामान टूट गये। ग्रामीणों ने बताया कि धमाका हुआ तो अचानक से उनका घर हिल गया। आवाज करीब दो किमी दूर तक सुनाई दी। जो जहां जिस हाल में था वह धमाके की आवाज की तरफ भागने लगा। तीन घरों की दीवारों में काफी बड़ा हिस्सा बीच से टूट कर गिर गया था। ऐसा लग रहा था कि इन घरों में किसी ने बम से हमला किया हो।

● **एक मकान की छत पर भारी संख्या में विस्फोटक मिले**

आलम के घर से 100 मीटर दूर रहने वाली शाहजहां ने बताया किबेटी कमरे में खाना खा रही थी। तभी आलम की छत का एक बड़ा हिस्सा उनकी छत पर गिरा। इससे उनकी छत भी छत गिर गई। किसी तरह बेटी की जान बची। पास के रहने वाले एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि यह चौथी घटना है। विभाग ने अभी तक इस पर न तो कोई कार्रवाई की और न ही सबक लिया। आलम के घर पड़ोसी अजीज की बेटी हूरजहां बेटे जियान के साथ घर में सो रही थी। धमाके से घर क्षतिग्रस्त होने से मलबे की चपेट में आकर हूरजहां और जियान चोटिल हो गए। जैद अपनी पत्नी इरम घर में सो रहे थे। उनका घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। आलम के घर के पास एक मकान की छत पर भारी संख्या में विस्फोटक मिले हैं। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### आधे घंटे बाद कंट्रोल रूम को सूचना

हादसा करीब 11.45 बजे के करीब हुआ। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आधे घंटे बाद पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही गुडंबा पुलिस, इंदिरानगर और बीकेटी के अग्निशमनकर्मी पहुंचे गये। आलम के मकान के मलबे से आलम, मुन्नी, दिलशान व इरशाद को बाहर निकाला।



विस्फोट के बाद बचाव कार्य में जुटा एसडीआरएफ कर्मी।



घटनास्थल पर उपकरणों व श्वान की मदद से जांच करता बम निरोधक दस्ता।



अमृत विचार

### बीडीएस व फोरेंसिक टीम ने की जांच

■ घटना की सूचना पर मौके पर बीडीएस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। बीडीएस की टीम ने आसपास के मकान में विस्फोटक की जांच की। वहीं फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। फोरेंसिक टीम के सदस्य अजय कुमार राय के मुताबिक अब तक पटाखे बनाने के सामान ही मिले हैं। शुरुआती जांच में सामने आया कि पटाखा बनाते समय धमाका हुआ है। अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### सील किया गया घटनास्थल

■ डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक घटना स्थल पर पुलिस, अग्निशमन और एसडीआरएफ की टीम लगी थी। देर शाम को मलबे को हटाया गया। पूरे इलाके की सही से जांच की गई। इसके बाद सील कर दिया गया है। वहीं, गांव के लोगों से पूछताछ की जा रही है। ताकि घटना के बारे में सही से जानकारी मिल सके। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

### गोला टेस्ट करने के कारण हुआ धमाका

■ बेहटा में हुए विस्फोट मामले में एक महिला ने दावा किया है कि एक लड़का आया था, जिसने गोला दागा और उसके बाद तेज धमाका हुआ। इस विस्फोट में महिला का घर भी क्षतिग्रस्त हुआ है। महिला रईस बानो ने कहा, 'जब घटना हुई थी, वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। उसका (फैक्ट्री मालिक) लड़का गोला दगाकर भागा था। वह गोला दगाकर घर नहीं पहुंचा कि इतने देर में धमाका हो गया।' महिला ने बताया कि धमाके के कारण उसके खुद के घर में काफी नुकसान हुआ है। लड़की की शादी के लिए रखे कई हजार रुपए और सामान जल गया। पास के एक मकान पर कई गोले दागे जाने के निशान भी मिले हैं।



विस्फोट में घायल को ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### दीवार में हुआ ढाई फीट का छेद

■ आलम के पड़ोसी तौसीफ ने बताया कि घर के सभी लोग उस वक्त थे। धमाके की आवाज होने पर बाहर भागने लगे। तभी एक तरफ की दीवार का छोटा हिस्सा से गिर गया। दीवार में ढाई से तीन फीट का छेद हो गया। बस ऊपर वाले की मेहरबानी थी परिवार के लोगों की जान बच गई। इसी तरह महमूद ने बताया कि हादसे में उनका भी घर क्षतिग्रस्त हो गया है। आलम की भांजी नूरजहां हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची। मामा-मामी की मौत के बाद उसके आंसू नहीं थम रहे थे। उसने कहा कि कुछ दिन पहले मामा से मोबाइल पर बात हुई थी। आलम के पड़ोसियों ने किसी तरह उसे संभाला। हादसे में महबूब, मो. मकसूद, जैद, मो. शकील और शरीफ के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं।



शाहजहां बानो के घर की दीवार में हुए छेद को दिखाता पड़ोसी।

### भाई के नाम था लाइसेंस भतीजे ने किया था आवेदन

■ पटाखा फैक्ट्री का संचालन आलम करता था। जबकि उसके भाई मुन्ना के नाम से लाइसेंस जारी किया था। उसकी मौत के बाद लाइसेंस मुन्ना की पत्नी खातून के नाम किया गया। फिर उसके बेटे वारिस ने लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया था। हालांकि वहां मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यह नहीं बता सके कि लाइसेंस की वैधता तिथि कब की है। वहीं, इस सवाल का भी जवाब नहीं दे सके कि लाइसेंस मुन्ना के नाम से था तो संचालन आलम कैसे कर रहा था। जो पूरी तरह से नियम विरुद्ध है।



क्षतिग्रस्त घर के बीच खड़ी महिला।

### ट्रॉमा में दो मरीज भर्ती, हालत नाजुक

■ केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह का कहना है कि दो घायलों को गंभीर अवस्था में लाया गया। इनमें इरशाद करीब 70 प्रतिशत व नदीम 68 प्रतिशत आग में झुलसे हैं। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। प्लास्टिक सर्जरी, जनरल सर्जरी समेत दूसरे विभागों के डॉक्टर मरीजों के इलाज में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही करीब छह बेड आरक्षित कर दिए गए थे। प्लास्टिक सर्जन, हड्डी व सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की टीम गठित कर दी गई थी। आग में झुलसे आलम व मुन्नी नाम को घायलों को गंभीर अवस्था में एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल भेजे गए। रास्ते ही में ही दोनों की सांसें थम चुकी थी। इमरजेंसी में डॉक्टरों की टीम ने घायलों को देखा। जरूरी जांच कराई। जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## पुरानी घटनाएं...

- ● वर्ष 2004- मोहनलालगंज के मऊ गांव में विस्फोट तीन घायल
- ● 28 सितंबर 2006- चिनहट कस्बे में हुए विस्फोट चर्चित आतिशबाज टिन्ना और उनके पोती की मौत
- ● 12 अगस्त 2007- काकोरी के मौदा गांव में पटाखे में आग लगने से एक बच्चे की मौत
- ● 9 अक्टूबर 2008- बंथरा में दशहरा मेले आतिशबाजी में विस्फोट, अयोध्या प्रसाद नाम के शख्स की मौत
- ● 17 अक्टूबर 2009- चिनहट क्षेत्र के मल्हौर रेलवे स्टेशन के फाटक पर पटाखे की बोरी में विस्फोट, दंपति की मौत
- ● 18 जून 2012- पारा क्षेत्र घर के भीतर विस्फोट, दो की मौत
- ● 12 सितंबर 2012- मोहनलालगंज के कनकहा गांव में विस्फोट, दो महिलाओं की मौत
- ● 28 सितंबर 2012- पारा क्षेत्र के बादल खेड़ा स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट दो की मौत
- ● वर्ष 1998- मोहनलालगंज के सिसेंडी कस्बे में विस्फोट, तीन की मौत,
- ● 27 अक्टूबर 2004- गोसाईगंज में एक की मौत
- ● सात अक्टूबर 2004- कल्ली पश्चिम में विस्फोट, तीन की मौत
- ● मई 2008- जैती खेड़ा तिराहे पर विस्फोट, एक की मौत
- ● 20 सितंबर 2017- मोहनलालगंज क्षेत्र स्थित सिसेंडी निवासी आतिशबाज खलील के मकान में विस्फोट, खलील सहित आधा दर्जन लोगों की मौत
- ● 4 जून 2018- काकोरी (मुन्ना लाल खेड़ा गांव) अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हुई।
- ● 17 फरवरी 2019- मोहनलालगंज में एक अवैध पटाखा निर्माण इकाई में ब्लास्ट हुआ। इस घटना में छह लोग घायल हो गए।
- ● 22 सितम्बर 2021- गोसाईगंज (अमेठी मार्ग के पास) खेत में बनी एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका और आग लग गई। दो मंजिला कमरे की टीन की छत उड गई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।
- ● 4 अक्टूबर 2022- बीकेटी के बरगदी गांव के दो मंजिला मकान में चल रही पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। पूरे मकान की छत और दीवारें ध्वस्त हो गईं। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 लोग गंभीर रूप से घायल हुए।
- ● 13 अप्रैल 2023- इटौंजा के महौना रोड स्थित पटाखा गोदाम में आग लगने से चार मजदूर झुलसे।
- ● 8 अप्रैल 2025- गोसाईगंज के जौखेड़ा गांव खेत में बसे एक पटाखा कारखाने में तेज धमाका हुआ। विस्फोट से करीब 20 फुट ऊंचा टीन शेड हवा में उड़ गया। सलमान नाम का मजदूर मलबे में दब गया।

### सभी बिंदुओं पर जांच कराई जाएगी : डीएम



घटनास्थल का निरीक्षण करते जिला अधिकारी विशाख जी.।

■ जिलाधिकारी विशाख जी. ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही पुलिस, अग्निशमन, एसडीआरएफ, बीडीएस, फोरेंसिक विभाग और प्रशासनिक अमले को सक्रिय कर दिया गया था। दो लोगों के मौत और तीन के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि है। जिस मकान में विस्फोट हुआ है। उसके मालिक व उसकी पत्नी की मौत हो गई। जबकि बेटा घायल है। ठीक होने के बाद पूछताछ की जाएगी। लाइसेंस से लेकर अन्य सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ व बाराबंकी से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

■ सीएफओ अंकुश मित्तल के मुताबिक हादसे की सूचना मिलने पर इंदिरानगर, बीकेटी फायर स्टेशन की टीम मौके पर भेजी गई। वहीं बाराबंकी की एक टीम भी मौके पर बुला ली गई थी। दमकल की दस गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया था। अग्निशमन और एसडीआरएफ की टीम ने करीब दो घंटे तक राहत कार्य किया। इस दौरान घर के अंदर से पांच रसोई गैस सिलिंडर बाहर निकाले गये। अगर अग्निशमन की टीम ने समय से इन सिलिंडरों को बाहर नहीं निकाला होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि फैक्ट्री ने तय मानक पूरे नहीं किये थे। उसके पास न तो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे और नही अन्य दस्तावेज थे। मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सात घंटे बाद दूसरा धमाका, मवेशी की मौत

■ बेहटा गांव में सुबह की घटना के बाद करीब सात घंटे बीते नहीं थे कि एक और धमाका हो गया। देर शाम सात बजे के करीब हुए धमाके में एक मवेशी की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक देर शाम पांच बजे पुलिस ने आलम का घर व आसपास के क्षतिग्रस्त मकानों को सील बंद कर दिया। इसके बाद चली गई। पुलिस के जाने के बाद आलम ने गांव में एक और जगह विस्फोटक का भंडारण किया था। उसके करीबी व रिश्तेदार उस भंडारण स्थल से विस्फोटक हटाने में जुट गये। इसी बीच अचानक तेज धमाका हुआ। जिसकी जद में आने से गांव के एक मवेशी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के लिए बीडीएस और फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है।



विस्फोट के बाद मलबे से सुरक्षित सामान एकत्र करते लोग। अमृत विचार

**लापरवाही** | एक बाजार में और दो घटनाएं गांव में हुईं, पुलिस कर रही जांच

# 15 वर्ष में बेहटा गांव में विस्फोट की चौथी घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेहटा गांव में पिछले 15 वर्ष में यह चौथी घटना है। अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के अब तक तीन हादसे हो चुके हैं। इन हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है। एक हादसा बाजार में हुआ था तो वहीं दो हादसे गांव के अवैध विस्फोटक भंडारण के कारण हुए। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन व पुलिस ने कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की। इस मामले में पुलिस, प्रशासन और अग्निशमन विभाग की लापरवाही साफ दिख रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक, आलम के घर के अंदर पटाखा बनाने का काम चल रहा था, जो अवैध था। इसकी जानकारी सभी को थी। चाहे वह पुलिसकर्मी हो या प्रशासनिक अमले के जिम्मेदार। सभी ने इसे अनदेखा किया। इसी लापरवाही के कारण रविवार को बड़ा हादसा हुआ। पास के गांव में रहने वाले रेहान के मुताबिक, इससे पहले बाजार में विस्फोट हुआ था। हालांकि इसमें किसी की जान नहीं गई थी। लेकिन गांव में दो हादसे हो चुके हैं। जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। एक हादसे में सद्दाम और 2014 में सलीम की पत्नी की मौत हुई थी। इन हादसों के बाद भी अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि एक भी बार कोई टीम जांच करने नहीं पहुंची। एफएसओ इंदिरानगर ने बताया कि किसी के घर के अंदर जांच नहीं कर सकते हैं। लाइसेंस वाले दुकान व गोदाम की समय-समय पर जांच की जाती है। पुलिस के मुताबिक, आलम के भाई मुन्ना के नाम से लाइसेंस था। उसकी मौत के बाद पत्नी खातून के नाम पर स्थानांतरित कर दिया गया। हाल में ही बेटे वारिस ने नवीनीकरण के लिए अपने नाम से आवेदन किया है। लेकिन सवाल खड़ा होता है कि बिना पुलिस और अग्निशमन विभाग के जांच रिपोर्ट के कैसे विस्फोटक भंडारण व पटाखा बनाने का लाइसेंस जारी कर दिया गया। इस सवाल पर दोनों विभाग चुप्पी साध जा रहे हैं।

वहीं, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल ने हादसे के बाद विभाग की तरफ से सूचना जारी की। जिसमें साफ लिखा था कि पटाखा बनाने की फैक्ट्री अवैध है।



विस्फोट के बाद घर में बैठे दहशतजदा लोग। अमृत विचार

### सीएफओ बोले- अवैध चल रही थी फैक्ट्री

इस पूरे में मामले में फायर विभाग की तरफ से जो जानकारी जारी की गई। उसमें फैक्ट्री को अवैध बता दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल ने बताया कि अवैध रूप से घर में आतिशबाजी देशी पटाखों का निर्माण किया जा रहा था जिसमें ब्लास्ट हुआ था।

### कैसे विस्फोट हुआ पता नहीं

■ हादसे में घायल जैद खान ने कहा कि कैसे विस्फोट हुआ इसके बारे में बता नहीं सकता। मेरे ऊपर छत का हिस्सा और आलमारी गिर गया। मैं उसी में दबाकर बेसुध हो गया था। इरम ने बताया कि वह वॉशरुम से निकली थी तभी धमाका हो गया। सिर पर ईंट गिर गई। इसके बाद घर की दीवार गिर गई। घायल नदीम के मामा मो. अशफाक ने बताया कि एक बजे हादसे की सूचना मिली तो वह ट्रामा सेंटर पहुंचे। नदीम के बारे में डॉक्टरों ने बताया कि स्थिति अच्छी नहीं है। चार भांजे-भांजी में नदीम सबसे छोटा है। नदीम रास्ते से जा रहा था कि पड़ोस के मकान में धमाका हो गया। उसकी चपेट में आने से वह घायल हो गया है। वहीं, नसरूल ने बताया कि आलम के घर में पटाखा बन रहे थे। जिसके कारण धमाका हुआ और कई घर गिर गये। उसके घर की फर्श धंस गई है।


अमृत विचार
अवध बाज़ार

GSTIN:09CUOPT8181M1ZE
THE SOLAR POWER
We Deals: Residential & Commercial Solar System
On-Grid & Off Grid Consultation, Installation
SS-2 SEC D 1 1679 B LDA OPP
LAW COLLEGE ROAD ASHIYANA LUCKNOW 226012
Loan available at just 7% interest
Ankur tiwari
CONTACT : +917705009011
PM MUFT BIJLI YOJNA

HotelEKAS
Wedding | Engagement | Anniversary
Rooms | Conference | Restaurant | Kitty Party
|Birthday Party Rooftop Opening Soon
Capacity of Banquet starting form 50 to 800 Pax
279/48, Behind Charbagh Bus Station
Mawaiya Scheme 81, Kanpur Road,
Pan Dariba Lucknow - 226005
0522-4115460, +91-9936024555,

शराब की लत से परेशान हैं?
स्मैक, गाँजा, चरस, DRUGS वाईटनर, कैप्सूल, भांग, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू से नशे के उपचार के लिए मिलें।
दुबले-पतले लड़के/ लड़कियाँ/ बच्चे
जो मोटे नहीं होते ज्यादा खाये आयुर्वेदिक औषधि द्वारा खाया पिया पचा कर 15 दिनों में फर्क महसूस करें। सेहत व वजन बढ़ायें।
विबग्योर क्लीनिक
लेखराज मार्केट-1, इन्दिरा नगर, लखनऊ- 9935056088
9415011172

GSTIN:09CFBPB7686B1ZJ
Dot Energy Enterprises
We Deals: Residential & Commercial Solar System
On-Grid & Off Grid Consultation, Installation
Add : 367/21, Fatuhabad, Sahadatganj,
Near Samrahi chowki Lucknow, Uttar Pradesh
Mob: 8948021107
PM MUFT BIJLI YOJNA

आमंत्रण
रत्नराशि ज्वैलर्स
Ratanrashi Jewellers
सोना, चाँदी व हीरे के ज़ेवरात एवं राशि रत्न
नीलगिरि चौराहा, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर लखनऊ
फोन: 0522 2355399, + 91 9415142856, 7007633030

Residential/ Investment Plots available
CIVILIAN GREEN
CIVILIAN'S DREAM
CIVILEA GREEN CITY
Kanpur Road, Lucknow
Mob: 9616826300
OFFICE :- CIVILEA CONSTRUCTION
Near Kaiserbagh Kotwali Lucknow

CurePoint Homeopathic Clinic
क्योर प्वाइंट होम्योपैथिक क्लीनिक
डॉ. आकांक्षा पाण्डेय
BSc, B.H.M.S.
विशेषता :- स्त्री, बाल्य व चर्म रोग
मो. 9044270667
डॉ. रूपेश कुमार पाण्डेय
B.H.M.S. , MD(Hom.)
विशेषता :- जटिल, असाध्य रोग
प्रतिदिन रविवार अवकाश
मो.9580301000
पता : भारत पेट्रोलियम पम्प के सामने, SBI बुद्धेश्वर के पीछे, बुद्धेश्वर चौराहा, लखनऊ

### शहर में आज



- सरकारी विद्यालयों में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन, 9 :00 बजे।
- इंटीग्रल विश्वविद्यालय में सीओए अवाईर्स-2025 में भवन निर्माण संबंधित सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों का सम्मान- 10 :00 बजे।

### सिटी ब्रीफ

#### प्रदीप बने अध्यक्ष नागेंद्र महामंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर में उप्र ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का द्विवार्षिक प्रादेशिक अधिवेशन कराया गया। इस दौरान पहली बार निर्विरोध प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हुआ। डॉ. प्रदीप सिंह अध्यक्ष, नागेंद्र प्रताप कुशवाहा महामंत्री, सूर्यभानु राय उपाध्यक्ष, प्रशांत पोरवाल कोषाध्यक्ष, जितेंद्र गंगवार को मंत्री चुना गया।

#### आईएएस मुख्य परीक्षा हुई संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आईएएस मुख्य परीक्षा 2025 का आयोजन 22 अगस्त से किया गया। करीब सप्ताह भर चलने वाली मुख्य परीक्षा रविवार 31 अगस्त को सकुशल सम्पन्न हो गई। मुख्य परीक्षा के लिए लखनऊ में लोक सेवा आयोग को केंद्र बनाया गया था। दो पालियों में अलग-अलग विषयों में परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है। जिसके बाद अंतिम चयन सूची तैयार की जाती है।

#### केजीएमयू में गठित होगी स्टूडेंट काउंसिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने स्टूडेंट काउंसिल गठित करने का फैसला किया है। स्टूडेंट काउंसिल में अध्यक्ष समेत कुल सात पद होंगे। इनका चुनाव काउंसिल के लिए नामित सदस्य मतदान के आधार पर करेंगे। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि कुलपति से स्टूडेंट काउंसिल की संरक्षक होंगी। संबंधित संकाय के डीन इसके सह-संरक्षक, डीन स्टूडेंट वेलफेयर चेयरमैन और असिस्टेंट डीन स्टूडेंट वेलफेयर कोआर्डिनेटर होंगे। इसके साथ ही स्टूडेंट काउंसिल के लिए नामित सदस्यों में एक अध्यक्ष, एक वाइस प्रेसीडेंट, एक सेक्रेटरी, एक ज्वाइंट सेक्रेटरी, एक स्पोर्ट्स सेक्रेटरी, एक कल्चरल सेक्रेटरी और हर कक्षा से एक-एक क्लास रेप्रेजेंटेटिव होगा।

#### छूट के अंतिम दिन वसूला 1.35 करोड़ रुपये गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर पर 10 प्रतिशत की छूट के अंतिम दिन 31 अगस्त को नगर निगम ने शहर के विभिन्न वार्डों में आयोजित शिविरों में कुल 1.35 करोड़ रुपये वसूले। जोनल अधिकारी जोन- 1 ओम प्रकाश सिंह व उनकी टीम ने सबसे अधिक 29.42 लाख रुपये और जोनल अधिकारी जोन 4 संजय यादव एवं उनकी टीम ने 26.52 लाख रुपये गृहकर की वसूली की। अब नगर निगम गृहकर पर छूट नहीं देगा।

#### हेलो इंस्पायर हेल्पलाइन की हुई शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर मॉनक योजना 2025-26 के अन्तर्गत नामांकन के हेलो इंस्पायर हेल्पलाइन की शुरुआत की गई है। लखनऊ मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि मंडल के जिलों में विद्यार्थियों के नामांकन करते समय किसी भी प्रकार की समस्या के शंका समाधान के लिए हेलो इंस्पायर हेल्पलाईन सेवा 9415664679 पर फोन कर सकते हैं। हेल्पलाइन 1से 5 सितंबर 2025 के अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक पांच दिनों के लिए खुली रहेगी

#### उदय बोरवणकर को अतिरिक्त कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरडीएसओ के महानिदेशक उदय बोरवणकर एक सितंबर से पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के महाप्रबंधक का अतिरिक्त पदभार संभालेंगे। वह भारतीय रेल प्रबंधन सेवा के अधिकारी हैं। उदय बोरवणकर ने अपर मंडल रेल प्रबंधक/नागपुर, रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक, नागपुर मेट्रो में परिचालन एवं प्रबंधन के प्रभारी, मंडल रेल प्रबंधक / भोपाल तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है।



गणेश विसर्जन यात्रा में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। –विस्तृत पेज 7

# बसंत कुंज में बनेगा मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का डिपो

## लगभग 50 एकड़ में होगा निर्माण, शुरू किया गया सर्वे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर में 50 एकड़ में बसंत कुंज में डिपो बनाया जाएगा। इसके लिए सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। सर्वे लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) और लखनऊ विकास प्राधिकरण कर रहा है।



भूमि हस्तांतरण को लेकर एलडीए अधिकारियों के साथ एक बैठक हो चुकी है। उसमें एलडीए ने यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को प्रस्तावित डिपो की भूमि का मानचित्र दिया था। प्रस्तावित भूमि और डीपीआर में दिखाई गई भूमि में अंतर था। एलडीए के नक्शे के हिसाब से लखनऊ मेट्रो ने डिपो का संशोधित ले आउट भी तैयार कराया है, जिसे एलडीए को भेज दिया है। नए लेआउट में मछली मंडी की भी जमीन शामिल है। हालांकि हरदोई रोड स्थित वसंतकुंज की मछली मंडी की जमीन देना मुश्किल है, लेकिन एलडीए इसका परीक्षण कर रहा है।

यूपीएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो की टीम ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर सात महीने से काम कर रही है। पाइप लाइन से लेकर सभी बाधाओं का परीक्षण कर सॉइल टेस्टिंग भी करवा ली गई है। पूरे रूट को चार हिस्सों में बांटकर ट्रैफिक फ्लो और बॉटल नेक भी चिह्नित किए गए हैं। इससे निर्माण में ज्यादा दिक्कत नहीं होगी। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि कॉरीडोर में जो रूट आ रहे हैं, उसके लिए ड्राइंग-डिजाइन तैयार करने का काम भी शुरू हो गया है

### नानपारा-मैलानी और बिछिया-मैलानी निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल के मैलानी-नानपारा रेल खंड के भीराखेरी-पलिया कलां स्टेशनों के मध्य वाटर लॉगिंग के कारण गाड़ी संख्या 52261/52262 एवं 52263/52264 नानपारा-मैलानी-नानपारा सवारी गाड़ी का निरस्तीकरण 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि 06, 07, 13, 14, 20, 21, 27 एवं 28 सितंबर को चलने वाली गाड़ी संख्या 52259/52260 बिछिया-मैलानी-बिछिया सवारी गाड़ी भी उक्त तिथियों में निरस्त रहेगी।

### चंडीगढ़ एक्सप्रेस में टपका पानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चंडीगढ़ एक्सप्रेस के सेकेंड एसी कोच में पानी टपकने लगा। पानी के कारण यात्रियों को एक ओर जहां समस्या का सामना करना पड़ा तो वही वे सो भी नहीं पाए। गाड़ी संख्या 12231 चंडीगढ़ एक्सप्रेस से शनिवार रात लखनऊ से चंडीगढ़ जा रहे यात्री ब्रजेंद विक्रम सिंह ने रेलवे के एक्स पर शिकायत की। उन्होंने बताया कि सेकेंड एसी कोच ए-2 के केबिन एसी वेंट से लगातार पानी टपक रहा है और यह यात्रियों पर गिर रहा है। बेड रोल और सामान भीग रहे हैं। डीआरएम उत्तर रेलवे के पोस्ट पर यात्री को बताया गया कि संबंधित विभाग को समस्या के निदान के लिए कह दिया गया है। वेटिंग एरिया का एसी खराब, यात्री परेशान चारबाग स्टेशन के वेटिंग एरिया का एसी खराब होने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी।

# झाड़ू लगा सड़कों पर डाला चूना पर खुल गई अफसरों की कलई

## बीमारियों से जूझ रहे जानकीपुरम के लोगों ने उप मुख्यमंत्री के सामने बयां की हकीकत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संक्रामक बीमारियों से प्रभावित जानकीपुरम विस्तार में खामियां छिपाने के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने सड़कों की सफाई व चूना डलवाया लेकिन लोगों ने उप मुख्यमंत्री के समक्ष अव्यवस्थाओं की कलई खोल दी। लोगों ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि अभी भी इलाके में दूषित जल की आपूर्ति हो रही है। नलों से आ रहे गंदे पानी की फोटो भी अपने मोबाइल पर दिखाई। उपमुख्यमंत्री ने नगर निगम, जलकल अफसरों को टंकी की सफाई व पेयजल व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए।

जानकीपुरम विस्तार में दो सप्ताह से डायरिया व बुखार का प्रकोप है। अब तक 150 से अधिक लोग बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। इसमें दो मरीजों की मौत हो चुकी है। जलभराव, गंदगी की समस्या से लोग परेशान हैं। नलों से भी गंदा पानी आ रहा है। स्थानीय लोग शुरू से दूषित पेयजल के कारण बीमारी फैलने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सब ठीक होने का दावा कर रहे थे। पानी में भी किसी तरह की कमी न होने का दावा किया गया। लगातार शिकायतें मिलने के बाद रविवार करीब 12 बजे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जानकीपुरम सेक्टर 7 में लगे स्वास्थ्य शिविर पास पहुंचे।

इसी बीच सेक्टर 7 निवासी आशा त्रिपाठी, रेखा, संगीता आदि पहुंच गईं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों की पोल खोल कर रख दी। महिलाओं ने बताया कि अभी भी गंदे पानी की आपूर्ति हो रही हैं। जानकीपुरम इलाके के हर सेक्टर से मरीज सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग, जलकल व नगर निगम सिर्फ सेक्टर 7 तक केंद्रित हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र में साफ-सफाई, नाली निर्माण व शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किए जाने सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों के परिजनों मुलाकात की और हर संभव मदद एवं निःशुल्क उपचार का आश्वासन दिया। अफसरों को निर्देशित किया कि तत्काल ही क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य कराया जाए। निरीक्षण के दौरान विधायक योगेश शुक्ला, पार्षद दीपक कुमार, अधिवक्ता विनय पांडेय, प्रेम श्रीवास्तव, डीजी हेल्थ डॉ. रतनपाल सिंह सुमन, अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता , अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



उप मुख्यमंत्री के आने की खबर पर सफाई के बाद सड़क किनारे डाला गया चूना।



बाल्टी में भरा गंदा पानी।

### बाल रोग विशेषज्ञ, फिजीशियन की करें तत्काल तैनाती : पाठक

- उप मुखयमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि क्षेत्र में जब तक डायरिया का एक भी मरीज रहेगा, स्वास्थ्य शिविर लगा रहेगा। उन्होंने शिविर को खुले स्थान की जगह, पास ही एक विद्यालय में शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जानकीपुरम स्थित ट्रॉमा सेंटर में बाल रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजीशियन की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



उप मुख्यमंत्री को समस्याएं बताते जानकीपुरम के लोग। अमृत विचार



स्वास्थ्य शिविर के पीछे नाली में भरा कचरा।

### लोगों ने जर्जर पानी की टंकी और बदहाल पार्क दिखाए

- लोगों ने अफसरों पर इलाके में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री को क्षेत्र के बदहाल पार्कों को दिखाया। साथ ही सेक्टर- 9 में जर्जर पानी टंकी को भी दिखाया। टंकी इतनी जर्जर हो चुकी है कि पानी टपक रहा है। कभी भी हादसा होने की लोगों ने आशंका जताई। इस पर उपमुख्यमंत्री ने अफसरों को पानी की टंकी की रिपेयरिंग, सफाई एवं नाली निर्माण के भी निर्देश दिए।

### निजी अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज, स्वास्थ्य विभाग को पता नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम इलाके में डायरिया का प्रकोप अभी भी थमा नहीं है। कई मरीज निजी अस्पताल से इलाज करवा रहे हैं, जबकि अधिकारी हालात पूरी तरह से काबू होने का दावा कर रहे हैं। सेक्टर- 3 निवासी नरेश तिवारी की पत्नी विनीता व सास कमला देवी का भी डायरिया की चपेट में आ गई थी। उनके पड़ोसी सुखलाल यादव भी डायरिया की चपेट में हैं। लोगों ने बताया इलाके में पानी की आपूर्ति अभी तक ठीक नहीं है। बोतल बंद पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इलाके में कूड़े को डंप किया जा रहा है। इससे बीमारी फैलने का खतरा और भी बढ़ गया है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है सेक्टर तीन में टीम भेजकर सर्वे कराया जाएगा। लोगों को क्लोरिन व दवा का वितरण किया जाएगा।

# प्राविधिक शिक्षा के 46 पदों के लिए लखनऊ में होगी

- 21 और 22 सितंबर को दो पालियों में होगा आयोजन
- विभिन्न कुटीर उद्योगों के लिए होगी प्रशिक्षकों की भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्राविधिक शिक्षा में 46 पदों के लिए लखनऊ में परीक्षा कराई जाएगी। 21 और 22 सितंबर को होने वाली इस परीक्षा में प्रदेश भर के अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत 14 श्रेणियों में प्रशिक्षक के 46 पदों के लिए परीक्षा कराई जा रही है। आयोग ने परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट पर दे दिया है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से 11:30 बजे तक और दूसरी अपरान्ह 2:30 से शाम 5 बजे तक चलेगी।

21 सितंबर को खादी, कंबल, अखाद्य तेल, साबुन, माचिस, अगरबत्ती, लोहारी और चर्म विषयों के प्रशिक्षक पद के लिए परीक्षा होगी। प्रथम पाली में सामान्य हिंदी के 15 प्रश्न होंगे। संबंधित विषय के 100 प्रश्न के उत्तर अभ्यर्थियों को देने होंगे। दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन के 25 और मुख्य विषय के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। इस प्रकार दोनों पालियों 250 प्रश्नों के बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर छात्रों को देने होंगे। 22 सितंबर को होने वाली परीक्षा में बांस-बेंत, मधुमक्खी पालन, खाद्य संरक्षण, रेशा, कुम्हारी, हस्तनिर्मित कागज, ग्रामीण तेल और अनाज-दाल प्रसंस्करण विषयों की परीक्षा होगी।

# तूफान के साथ तेज बारिश की संभावना

## मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट, रविवार को भी हुई बारिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौसम विभाग ने दो सितंबर तक लखनऊ में रुक-रुक कर और तेज बारिश की संभावना जताई है। लगभग 15 मिलीमीटर बारिश की संभावना है। तूफान के साथ तेज बारिश की आशंका के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को भी कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई।

मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल सिंह ने बताया की अगले 2-3 दिनों में मानसूनी गतिविधियों में तेजी के साथ भारी बारिश की संभावना है। दक्षिण भारत से गुजरे निम्न दाब क्षेत्र के कमजोर पड़ने और उत्तरी पाकिस्तान व पंजाब के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से मानसून द्रोणी के उत्तर की ओर खिसकने से प्रदेश में मानसून प्रवाह मजबूत होगा। इसके परिणामस्वरूप 31 अगस्त से 2 सितंबर तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है।

रविवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। अधिकतम आर्द्रता 88 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 71 फीसदी रही। 1 सितंबर को मध्यम बारिश के साथ कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना के चलते यलो वॉर्निंग जारी की गई है।



हजरतगंज में बारिश में भीगते हुए जाती युवती। अमृत विचार

**एलडीए** | किसी भी तरह के भू-उपयोग में करा सकते निर्माण, एनओसी की बाध्यता खत्म

# न्यू बिल्डिंग बायलॉज से होटल बनाना आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नए बिल्डिंग बायलॉज से किसी भी भू-उपयोग में होटल का निर्माण कर सकेंगे। पर्यटन नीति के अंतर्गत होटल व्यवसाय को वाह्य विकास शुल्क एवं प्रभाव शुल्क से मुक्त रखा गया है। इसके अलावा होटल, चिकित्सालय और पेइंग गेस्ट सुविधाओं के लिए एनओसी की अनिवार्यता नहीं होगी। मानकों में छूट से होटल कारोबारियों को बड़ा लाभ होगा।

नए बिल्डिंग बायलॉज से आवासीय व व्यावसायिक भवन निर्माण के नियम बदल गए हैं। मानकों में बदलाव के साथ छूट दी गई है। वहीं, जिन भवन निर्माण के मानचित्र स्वीकृत नहीं थे या फिर मानकों पर नहीं थे उन्हें राहत दी गई है। उप्र भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 में खासकर शहर में होटल का निर्माण कराना और आसान हो गया है। अब किसी भी तरह के लैंड यूज में होटल का नक्शा पास किया जाएगा। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि नये नियमों के तहत बिल्डर छोटे भूखंडों पर नक्शा अनुमोदन कर सकेंगे और ऑनलाइन पंजीकरण से समय और लागत की बचेगी। भवन स्वामी होटलों का शमन/मानचित्र पास कराने के लिए आवेदन करें। सभी जोन में अभियान चलाकर व्यापारियों को जागरूक कर रहे हैं।




### जमीन लेने के लिए बांटे फार्म, जल्द होंगे बैनामे

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित काकोरी में वरुण विहार योजना विकसित करने का कार्य तेज कर दिया है। ज्यादातर किसानों को सहमति के आधार पर जमीन लेने के फार्म वितरित किए गए। जल्द गांव में कैंप लगाकर जमीन के बैनामे किए जाएंगे। प्राधिकरण ककोरी के 12 गांव ग्राम भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ, मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा व दोना की 2664 एकड़ जमीन लेकर आवासीय योजना विकसित कर रहा है। इस योजना में करीब तीन लाख परिवारों को आवासीय सुविधा दी जाएगी। स्थल पर जमीन जुटाने की प्रक्रिया के लिए अस्थाई साइट कार्यालय बनाया गया है। रविवार को भी फार्म वितरित किए गए।

### ई-ऑक्शन के जारी नहीं किए परिणाम

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न योजनाओं के भूखंडों के ई-ऑक्शन के परिणाम जारी नहीं किए गए हैं। पहले भूखंडों के ई-ऑक्शन 8 अगस्त को होना था। इसके पंजीयन 4 अगस्त तक कराने थे। लेकिन, नये बिल्डिंग बॉयलाज के कारण प्रक्रिया में संशोधन करके ई-ऑक्शन की तारीख बढ़ाकर 20 अगस्त की गई थी। इसके पंजीयन 18 अगस्त तक कराने थे। खरीदारों ने ऑनलाइन बोली थी लगाई थी। जिन्हें परिणाम का इंतजार है। वहीं, ई-ऑक्शन में गोमती नगर के कुछ विवाद भूखंड भी शामिल थे।

### नैमिष नगर योजना में जमीन नहीं देंगे किसान

**अमृत विचार, लखनऊ :** नौमिष नगर योजना को लेकर रविवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा की बैठक रविवार को पूरबगांव क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। इसमें क्षेत्र के प्रमुख किसान नेताओं और स्थानीय किसानों ने भाग लिया।

बैठक में निणर्य हुआ कि किसानों योजना के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे। आरोप लगाया कि एलडीए के अधिकारी किसानों की सहमति मिलने का झूठा प्रचार कर रहे हैं। समाधानपुर के किसान खुशीराम व परशुराम ने आरोप लगाया कि बड़े लोगों की जमीन छोड़कर, छोटे किसानों को निशाना बनाया जा रहा है। ठक में किसानों ने हस्ताक्षर अभियान को तेज करने और जनजागरण के लिए सभाएं आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में रामस्वरूप, जेबी यादव, प्रवीण सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# आज से पुराने पीएसओ पर नहीं मिलेगी खाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उर्वरकों (खाद) की फुटकर बिक्री करने के लिए निजी व सहकारिता क्षेत्र में 1 सितंबर से नए पीओएस एल-1 मॉडल पूरी तरह से मान्य हो जाएंगे। पुराने पीओएस एल-0 से वितरण करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दूसरे चरण में नए पीओएस केंद्र के एग्री स्टैक प्रणाली से जोड़ने की योजना है।

उर्वरक और अनुदानित बीजों की बिक्री के लिए नए पीओएस हाईटेक और मोबाइल की तरह एंड्रायड बनाए गए हैं। अधिक तकनीकी सुविधाओं से लैस इन पीओएस में किसानों के अंगूठा या अंगुली के पूरे निशान मैच करके आधार प्रमाणन होगा। पुराने पीओएस में 50 फीसदी तक निशान मैच होने पर आधार प्रमाणित होने पर विक्रेता उर्वरक बेच देते थे। पुराने पीओएस में बायोमीट्रिक के लिए अलग से डिवाइस लगती थी। नए पीओएस में अंगुली लगाने के लिए बायोमैट्रिक दिया गया है। अगले चरण में इसे एग्री स्टैक से जोड़ने की तैयारी है।

### 25 विक्रेताओं ने नहीं लिए नए पीओएस

- सहकारी और निजी क्षेत्र के फुटकर विक्रेताओं को 31 अगस्त तक पुराने पीओएस जमा करके नए लेने का समय दिया गया था। इसके बाद भी जिले में करीब 25 विक्रेताओं ने पीओएस नहीं बदले हैं। करीब 525 विक्रेताओं ने नियमों का पालन किया है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि एक सितंबर से पुराने पीओएस मान्य नहीं है। जिन विक्रेताओं ने नए पीओएस नहीं लिए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

## सिटी ब्रीफ

### अंसल निदेशकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंसल निदेशकों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंदिरानगर सेक्टर-9 स्थित पटेलनगर निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि अक्टूबर 2014 में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित अंसल कंपनी के कार्यालय में संपर्क किया था। वहां उन्हें अंसल जेनिथ टॉवर यूनिट का नक्शा दिखाया था। पीड़ित ने एक फ्लैट बुक कराया था। जिसके एवज में 8,56,206 रुपये अदा किए थे। तय समय बाद पीड़ित ने संपर्क किया तो 11 साल तक टालमटोल की गयी। पीड़ित ने मामले की शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दूसरी मंजिल से गिरकर राज मिस्त्री की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोठारी बंधु तिराहा के पास रहने वाले रामशंकर के निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर सआदतगंज बिहारीपुर निवासी राजगीर मिस्त्री कल्लू (60) पाढ़ पर चढ़कर काम कर रहा था। काम करने के दौरान अचानक कल्लू पाढ़ से नीचे गिरकर घायल हो गया। बलरामपुर में उसकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी मुरैला देवी है।

### बंद घर में मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में बंद घर में एक युवक का शव पड़ा मिला। कंघी टोला में आकाश मौर्य (33) रहता था। बहनोई सौरभ ने बताया रविवार दोपहर ससुराल के पड़ोसियों ने सूचना दी कि उनके साले के घर से दुर्गंध आ रही है। इस पर पुलिस को सूचना देने के साथ ही वे मौके पर पहुंचे। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो आकाश का शव फर्श पर पड़ा मिला।

### मेजर की कार का शीशा तोड़कर उड़ाया बैग

**अमृत विचार, आलमबाग :** फ्रेंडस कॉलोनी निवासी मेजर आयुष द्विवेदी कमांड हॉस्पिटल एएमसी में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त की रात आलमबाग मेट्रो स्टेशन चंद्रनगर गेट के पास कार खड़ी कर रॉयल कैफे में खाना पैक करा रहे थे। कुछ मिनटों बाद वे खाना लेकर बाहर आए तो कार की पिछली विंडो का कांच टूटा और बैग गायब मिला। आयुष ने बताया कि बैग में पांच हजार रुपये, विभागीय चाभियां, जरूरी दस्तावेज, डेबिट, क्रेडिट कार्ड व अन्य सामान था। यूपी कॉप पर शिकायत दर्ज न होने पर पीड़ित ने आलमबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### फर्जी क्रेडिट मैसेज भेज सैन्यकर्मी से ऐंठे 25 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाज ने परिचित बनकर सैन्यकर्मी से 25 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने कैंट कोतवाली में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। निलमथा स्थित चंद्रशेखर नगर निवासी सैन्यकर्मी मनोज सिंह बिष्ट ने बताया कि 20 अगस्त की सुबह एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने खुद को आसाम राइफल से बताया। कहा कि परिचित को रुपये की जरूरत है। मेरे उससे ट्रांसफर नहीं हो रहे हैं। आपको भेज रहा हूं, आप उसे भेज दो। हामी होने पर जालसाज ने फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर 25 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। शक होने पर पीड़ित ने पड़ताल की तो ठगी का पता चला। एसओ गुरप्रीत कौर ने बताया कि साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### वीडियो बनाकर किया छात्रा का यौन शोषण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा में सोशल मीडिया पर युवक ने दोस्ती कर छात्रा का अश्लील वीडियो बना लिया फिर डेढ़ साल तक यौन शोषण किया। पारा निवासी 16 वर्षीय छात्रा निजी स्कूल में पढ़ती है। मां ने बताया कि पारा के कुंदन विहार डिप्टी खेड़ा निवासी राजा मौर्या उर्फ अमित से बेटी का सोशल मीडिया से परिचय हुआ। उसने प्रेम जाल फंसाया और शादी का झांसा देकर अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डेढ़ साल तक यौन शोषण किया। पीड़िता ने रविवार को मां को जानकारी दी। मां की तहरीर पर पुलिस ने राजा के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है। जल्द ही मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया जाएगा।

# तीन बोगस फर्मों ने लगाई 1.32 करोड़ टैक्स की चपत

## जीएसटी अधिकारियों ने काकोरी व चिनहट कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में तीन बोगस फर्मों ने 8.71 करोड़ों रुपये का कारोबार कर सरकार को करीब 1.32 करोड़ रुपये की चपत लगा दी। जीएसटी के अधिकारियों ने काकोरी व चिनहट कोतवाली में तीन एफआईआर दर्ज कराई है। काकोरी में नोबल इंटरप्राइजेज और ठाकुर इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर व चिनहट में कासिफ इंटरप्राइजेज के मालिक को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

राज्य कर विभाग के उपायुक्त वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि काकोरी दशदोई के पते पर जीएसटी में मेसर्स ठाकुर इंटरप्राइजेज का पंजीयन 25 जुलाई 2024 को लिया गया। पोर्टल पर फर्म के उपलब्ध अभिलेखों की जांच में पता चला कि पंजीयन के लिए दाखिल ऑनलाइन आवेदन में फर्म के स्वामी राहुल कुमार यादव द्वारा स्थायी पते के प्रमाण पत्र के रूप में एग्रीमेंट व कानपुर इलेक्ट्रिक सिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड का बिजली का बिल अपलोड किया था।

एग्रीमेंट के ई-स्टांप सर्टिफिकेट का सत्यापन पोर्टल पर किया गया तो वह नहीं खुला। इससे साफ है कि जाली दस्तावेजों के आधार पर फर्म का पंजीयन प्राप्त किया गया। फर्म के खरीद/बिक्री के रिटर्न की जांच में पता चला कि फर्म ने 84,667,801 रुपये का कारोबार घोषित करते हुए टैक्स 12,912,529 रुपये को आईटीसी के रूप में दूसरी फर्मों को पास ऑन किया गया है। साथ ही फर्म के पते पर कोई कारोबार नहीं मिला।

इसी तरह काकोरी के मुबारकपुर के पते पर नोबल इंटरप्राइजेज का पंजीयन किया गया। जांच के दौरान फर्म स्वामी नियाज द्वारा प्रमाण पत्र के रूप में एग्रीमेंट व बिजली का बिल अपलोड किया था। जांच में उक्त पते पर कोई कारोबार नहीं मिला। भवन स्वामी ने बताया कि उन्होंने कभी भी किसी को किराए पर नहीं दिया था। यही नहीं फर्म ने 17,99,147 रुपये का कारोबार करते हुए 1,61,923 रुपये को आईटीसी के रूप में दूसरी फर्म में पास ऑन किया गया।

सहायक आयुक्त राज्य कर योगेश कुमार ने बताया कि चिनहट धावा के पते पर कासिफ इंटरप्राइजेज का पंजीयन किया गया। फर्म स्वामी मो. कासिफ निवासी मेरठ द्वारा स्थायी पते के प्रमाण पत्र के रूप में एग्रीमेंट व बिजली के बिल की कॉपी अपलोड की गयी। मौके पर कोई कारोबार नहीं मिला। रिटर्न की जांच में पता चला कि फर्म ने 6.62 लाख रुपये के माल की बिक्री घोषित कर टैक्स 1.19 लाख को आईटीसी के रूप में दूसरी फर्मों को पास ऑन किया गया।

## प्रॉपर्टी डीलिंग की आड़ में गैंगस्टर कर रहा था लूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी फुटेज की मदद से गिरफ्तार 17 हजार रुपये व बाइक बरामद

**अमृत विचार :** मानकनगर थाने का गैंगस्टर प्रॉपर्टी डीलिंग की आड़ में चेन लूट रहा था। सीसी फुटेज की मदद से बीकेटी पुलिस ने आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 17 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस वारदात में शामिल साथ की तलाश में दबिशें दे रही है। पुलिस ने लूट की दो घटनाओं का खुलासा किया है।

एसीपी बीकेटी अमोल मुर्कुट ने बताया कि अस्ती रोड निवासी सपना सिंह ने 28 अगस्त को चेन लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि 27 अगस्त की रात करीब आठ बजे बड़ी बाजार मंडी में फल खरीद रही थी। इसी बीच बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर चेन खींच ली थी। इस मामले में फुटेज व सर्विलांस सेल की मदद से रविवार को मामपुर बाना कट के पास से बाइक सवार पारा के सदरौना निवासी प्रॉपर्टी डीलर सलमान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने साथी सिद्धार्थ के साथ मिलकर बाइक से लूट की थी। साथ ही अप्रैल में आद्या लॉन के पास से एक महिला को मंगलसूत्र लूटकर राहगीर को 48 हजार में बेंचकर रुपये बांट लिए थे। तीन पहले पहले खींची गई चेन साथी ने रखकर उसे 20 हजार रुपये दिए थे। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी सलमान पर पारा, कृष्णानगर, मानकनगर, आलमबाग व तालकटोरा में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के करीब 13 मामले दर्ज हैं। पुलिस साथी सिद्धार्थ की तलाश कर रही है।

### फर्जी आधार पर बाइक अपने नाम ट्रांसफर कराने वाला गया जेल


आरोपी देवानंद

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** जाली दस्तावेजों के आधार पर वाहन हस्तांतरण कराने सरोजनीनगर स्थित आरटीओ आफिस पहुंचे युवक को कर्मचारियों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बाइक (यूपी 32 एफएम 6632) ओमप्रकाश निवासी ईश्वरीखेड़ा नगराम के नाम पंजीकृत है। इसके हस्तांतरण के लिए शनिवार को आरटीओ ऑफिस लखनऊ में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदनकर्ता ने वाहन स्वामी के नाम पर आधार कार्ड और अन्य प्रपत्र जमा किए। आरटीओ अधिकारियों को आधार कार्ड प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हुआ। आवेदक से कमरे में बुलाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि उसका वास्तविक नाम देवानंद निवासी सिकंदरपुर अमौलिया गोसाईगंज है। आरोपी ने जाली आधार कार्ड बनाकर बाइक अपने नाम कराने की कोशिश की थी। जिसके आदेश पर आरटीओ के वरिष्ठ सहायक श्रवण कुमार सिंह ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## कार को पास न देने पर अधिवक्ता को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर स्थित आजादनगर में कार को पास न देने पर युवकों ने अधिवक्ता की पीट दिया। उनकी लाइसेंसी पिस्टल और आईफोन छीन ली। लोगों के आने पर पिस्टल और आईफोन फेंककर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आलमबाग के साकेतपुरी निवासी अधिवक्ता विनय कुमार दुबे ने शुक्रवार रात कार से पकरी पुल की तरफ से लौट रहे थे। रात 10 बजे आजाद नगर छोटी मस्जिद के पास सामने से आई कार के चालक ने हॉर्न बजाया। इसी बीच कार में सवार दो युवक गालियां देते हुए उतरे और विनय को गाली देने लगे। मना करने पर पीटना शुरु कर दिया। विनय ने पिस्टल व मोबाइल निकालकर पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया। तो हमलावरों ने पिस्टल और आईफोन छीन लिया। चीख पुकार पर लोगों को जुटता देख हमलावर पिस्टल और मोबाइल फेंककर भाग गए। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# अवैध संबंधों के विरोध में पीटा, दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पति ने देवरानी संग मिलकर गला दबाकर मारने का किया प्रयास
- पीड़िता ने मड़ियांव थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** देवरानी से अवैध संबंध का विरोध करने पर पति ने प्रताड़ित किया और दहेज में बाइक न मिलने पर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। मड़ियांव पुलिस ने पति समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र की युवती का निकाह 7 सितंबर 2024 को मड़ियांव निवासी युवक से हुआ था। पीड़िता ने बताया कि ससुराल पहुंचते ही पति ने प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। पति के संबंध देवरानी से थे। विरोध करने पर धमकाया गया। पति व देवरानी आए दिन पीटते व धमकाते थे। दहेज में बाइक व 50 हजार रुपये लाने की मांग की। लोकलाज व मायकेवालों के समझाने पर पीड़िता सब सहती रही।

आरोप है कि पति नौकरों का व्यवहार करता रहा। 6 मार्च को पति ने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और तीन तलाक दे दिया। मायके जाकर सारी बात बताई। मड़ियांव थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट, धमकी, दहेज प्रताड़ना व मुस्लिम महिला एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एमएलसी के चालक को पीटा, दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशाल खंड-2 निवासी गुरु विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) रामचंद्र सिंह प्रधान की गाड़ी चलाता है। 29 अगस्त को मलिहाबाद विद्यालय से कार लेकर गोमतीनगर घर आ रहे थे। लक्ष्मण मेला से बैकुंठ धाम जाने वाली सड़क पर काली रंग की दो स्कार्पियो सवार लोगों ने पीछा शुरु किया। 1090 चौराहे के पास ओवरटेक कर कार रुकवा ली और नाम पूछने के बाद पीटा। जातिसूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। गुरु ने रामचंद्र को सूचना देने के साथ 30 अगस्त को दोनों स्कार्पियो के नंबर लिखकर गौतमपल्ली थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरटीओ से दोनों गाड़ियों की जानकारी मांगी गई है। घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# ट्रॉयल के बहाने वर्कशॉप मैनेजर को बनाया बंधक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हुसैनगंज कोतवाली में पिता-पुत्र समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज
- विरोध पर धमकाकर 8 किमी दूर छोड़ा, बिना भुगतान के भागे

**अमृत विचार:** एसएएस हुंडई वर्कशॉप मैनेजर को ट्रॉयल के बहाने पिता-पुत्र व एक अन्य ने कार में बैठाया। उसके बाद धमकाते हुए बंधक बनाकर आठ किमी दूर पॉलिटेक्निक चौराहे छोड़कर भाग निकले। एसओ शिवमंगल सिंह ने बताया कि वर्कशॉप से गाड़ी मालिक के बारे में पूरी जानकारी मांगी गयी है। साथ ही घटनास्थल व पॉलिटेक्निक चौराहे के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

निलमथा बाजार स्थित भगवंत नगर निवासी रामकिशन तिवारी हुसैनगंज स्थित एसएएस हुंडई बॉडी शॉप में मैनेजर के पद पर है। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त को कार वर्कशॉप में इंश्योरेंस क्लेम के लिए आयी थी। 22 अगस्त को सिद्धार्थ तिवारी, राजकुमार तिवारी और उनका बेटा वर्कशॉप पर आए। गाड़ी सही होने पर ट्रॉयल की बात कही। इसपर मैनेजर ने हामी भरी और गाड़ी पर बैठ गए।

आरोपियों ने ट्रॉयल के बाद भुगतान की बात कही। पीड़ित ने बताया कि कार राजकुमार तिवारी का बेटा चला रहा था। इसी दौरान राजकुमार ने सिद्धार्थ तिवारी से कहा कि सर्विस सेंटर के बाहर खड़ी गाड़ी भी ले आओ। तभी अंजान दूसरी गाड़ी भी ले आया। पीड़ित ने बताया कि कुछ दूर जाने के बाद उन्होंने कार रोकने की बात कही लेकिन चालक गाड़ी दौड़ाता रहा।

विरोध पर राजकुमार तिवारी ने गाली-गलौज कर धमकाया। करीब आठ किलोमीटर दूर पॉलिटेक्निक चौराहे पर आरोपियों ने कार रोकी और धक्का देकर रामकिशन को उतार दिया। पेमेंट मांगने पर आरोपियों ने इंकार कर दिया। धमकाया कि अगर कहीं भी शिकायत की तो सर्विस सेंटर को तबाह कर उसे जान से मार देंगे। किसी तरह पीड़ित वापस लौटा और आपबीती वर्कशॉप मालिक को बतायी। आठ दिन बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत हुसैनगंज पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सिद्धार्थ तिवारी, राजकुमार तिवारी व उनके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चलती बस में उठी चिंगारी, 65 सवारियों की जान बची

**अमृत विचार, पीजीआई :** बिहार से दिल्ली जा रही एक निजी बस शनिवार देर रात बड़े हादसे का शिकार होने से बची। रात करीब ढाई बजे पीजीआई थाना क्षेत्र के शहीद पथ सेक्टर 8 के पास अचानक चंपारण ट्रेवेल्स की बस में चिंगारी उठी और धुआं फैल गया। बस में बैठी करीब 65 से ज्यादा सवारियों, जिनमें दर्जनभर बच्चे भी शामिल थे। धुआं फैलने से बस में चीख-पुकार मच गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस रोककर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान कई यात्री खिड़की से ही बाहर निकल गए। हादसे के बाद बस बीच सड़क पर खड़ी रही और करीब पांच घंटे तक जाम लगा रहा। रविवार सुबह 7:30 बजे क्रेन से उसे हटाया गया। यात्रियों का आरोप है कि ट्रैवल एजेंसी ने 700 से 800 रुपये तक किराया वसूला, जबकि बस पुरानी और डग्गामार थी। हादसे के बाद सवारियों को पूरी रात सड़क पर बिना किसी मदद के फंसा रहना पड़ा। लगभग 10 घंटे बाद बस को ठीक कर आगे रवाना किया गया।

# ताइक्वांडो में बटोरे स्वर्ण पदक



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आगरा में खेली गई द्वितीय आगरा ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रविवार को लखनऊ की निर्वाण ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

वरालिका सिंह, अद्विक शर्मा और सिद्धि वर्मा ने दोहरे स्वर्ण पदक जीते। क्योरगी में वरालिका, अद्विक, सिद्धि, अन्वी सिंह, पवन उपाध्याय, शताक्षी मिश्रा और अग्रिमा शर्मा ने भी स्वर्ण पदक हासिल किए। अन्वेषा अग्रवाल, ध्रुव शर्मा, शिवांश त्रिपाठी, आफरीन और संकल्प सिंह ने रजत पदक जीते। पूमसे वर्ग में वरालिका, सिद्धि, अद्विक, समीर उपाध्याय और संकल्प सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। कोच रवि कश्यप और महिला प्रशिक्षक सुश्ना परवीन ने मार्गदर्शन किया।

### तिनसुकिया ने लखनऊ को 5-1 से हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एएमसी में चल रही बालक वर्ग की अंडर-17 फुटबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तिनसुकिया संभाग ने लखनऊ को 5-1 से हराया। अन्य मुकाबलों में मुंबई ने आगरा को 3-0, सिलचर ने अहमदाबाद को 1-0, गुवाहाटी ने भुवनेश्वर को 2-1, गुरुग्राम ने भोपाल को 2-1, एर्नाकुलम ने जयपुर को 3-2, रायपुर ने पटना को 2-1 और देहरादून ने बंगलुरू को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### आरव, अर्णव और विहान मुख्य ड्रा में

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित टेनिस कोर्ट पर चल रही अंडर-14 व 16 आइटा चैंपियनशिप सीरीज में रविवार को फाइनल क्वालिफाइंग राउंड खेले गए। अंडर-16 वर्ग में यूपी के आरव ने महाराष्ट्र के अद्वित को 6-1, 6-4 से हराया। यूपी के अर्णव चौहान ने अमोघ सिंह को 2-6, 7-5, 10-6 से हराकर वापसी की। मेहर खोसला ने प्रणव शर्मा को, तेजस सिंह ने समर्थ भटनागर को, विहान श्रीवास्तव ने अच्युत जायसवाल को और उत्तराखंड के अश्विन चौहान ने भव्य मेहरोत्रा को हराकर मुख्य ड्रा में जगह बनाई। अंडर-14 वर्ग में यूपी के विभोर श्रीवास्तव, मो. सुफियान, युवराज सिंह, कबीर शर्मा, कौस्तुभ सिंह, ध्रुव सिंह, रिद्धिमान राजपूत और अदम्य भदौरिया ने जीत दर्ज की।

### स्टेट रोलबॉल चैंपियनशिप में बालिका टीम की धमाकेदार शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक स्टेडियम के इंडोर हॉल में शुरू हुई 16वीं मिनी व 18वीं जूनियर उत्तर प्रदेश स्टेट रोलबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने किया। लखनऊ रोलबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता दो सितंबर तक चलेगी, जिसमें प्रदेश की 35 टीमें भाग ले रही हैं। मिनी वर्ग में लखनऊ बालिका टीम ने गौतमबुद्ध नगर (जीबी नगर) को 5-0 से हराया। जूनियर वर्ग में भी लखनऊ ने जीबी नगर को 7-1 से परास्त किया। टीम के इस प्रदर्शन से उत्साह का माहौल है।

## अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष पद पर रिटायर जज की हो नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से मंत्री असीम अरुण को पत्र लिखकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति आयोग में अध्यक्ष व उपाध्यक्षों के पदों पर रिटायर्ड जज, आईएएस व आईपीएस की ही नियुक्ति किए जाने की मांग की गई है।

समिति के अध्यक्ष हरीश कुमार जयंत ने बताया कि वर्तमान अध्यक्ष व उपाध्यक्षों के द्वारा कोई पत्र व आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग अधिनियम 1995 की धारा 11, 12 व 18 में दी गई शक्तियों व कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया जा रहा है। कल्याण समिति का कहना है कि जब बृजलाल पूर्व डीजीपी.आयोग के अध्यक्ष थे, उस समय धडा-धड़ आयोग के फैसले हो रहे थे और लोगों को न्याय मिल रहा था। पत्र की प्रति राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है।

## सिटी डायरी


साइकिल चलाते कुलपति प्रो मित्तल व अन्य।

### तीन विवि में चलाई गई साइकिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में संडे ऑन साइकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि व्यायाम और खेल केवल शारीरिक सेहत ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उतने ही आवश्यक हैं। साइकिलिंग सर्वश्रेष्ठ व्यायाम है। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. मोहम्मद शारिक, डॉ. रामदास और डॉ. मनीष कुमार शामिल रहे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में एसोसिएट डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह, सहायक कुलसचिव सौरव सिंह सहायक कुलसचिव शिवम गुप्ता, डॉ. जयवीर सिंह आदि ने साइकिल चलाई। आंबेडकर विवि में कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने साइकिलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला।


लाभार्थी को प्रतीकात्मक आयुष्मान कार्ड देते विधायक व अन्य।

### विधायक ने दिए आयुष्मान कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'हर रविवार, सेवा आपके द्वार' कार्यक्रम लाला लाजपत राय वार्ड के एक निजी स्कूल में आयोजित हुआ। जिसमें लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और आनलाइन आवेदन कराए गए। इस दौरान विधायक डॉ. नीरज बोरा ने आयुष्मान कार्ड भी बांटे 65 वर्षीय उर्मिला, चुन्नू के परिवार के 6 सदस्यों को आयुष्मानकार्ड मिले। कुल 39 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के 55 आवेदन हुए। राशन कार्डों में 8 नये यूनिट जोड़े गए। पेंशन से सम्बन्धित 1, आवास योजना के 3, आय प्रमाण पत्र के 10 आवेदन हुए। इस मौके पर पार्षद राघवराम तिवारी, बृजकिशोर पाण्डेय, रेनू धवन, रुपाली गुप्ता, संजय तिवारी, बीडी शर्मा, वीके धवन, सीके वर्मा, अक्षय मिश्रा, रामप्रसाद यादव रहे।


मन की बात सुनते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

### मोदी के मन की बात सुनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ' 'मन की बात, कार्यक्रम का 125वां संस्करण उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित भाजपा के अन्य जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग बूथों पर क्षेत्र वासियों के साथ सुना। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट मंडल 3 के लाल कुआं बी शक्ति केंद्र की बूथ संख्या 247 पर, प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने विकास नगर, पूर्व मंडल दो की बूथ संख्या 254 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने उत्तर विधानसभा के फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड की बूथ संख्या 316 पर, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने बूथ संख्या 405 पर मौजूद रहे।


संगोष्ठी में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा व अन्य।

### संगोष्ठी आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेशेवर विकास समिति और आईसीएआई सीआईआरसी लखनऊ शाखा की ओर से गोमती नगर एक होटल में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी जागृति का आयोजन किया गया। इसमें 800 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया। मुख्य अतिथि आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा रहे। आठ सत्र आयोजित किए गए, जिनमें ऑडिट रिपोर्टिंग मानक, पूंजी बाजार, पेशेवर से प्रोप्रेन्योर का संक्रमण, आय से बचकर मूल्यांकन आदि पर चर्चा हुई।

**यूपी टी-20 लीग** | बारिश के कारण 15-15 ओवर के मैच में देखने को मिली जोरदार टक्कर

# अक्शदीप ने सुपर ओवर में लायंस को दिलाई जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ में खेले गए यूपी टी-20 लीग के रोमांचक मुकाबले में गोरखपुर लायंस ने गत वर्ष की उपविजेता कानपुर सुपर स्टार्स को सुपर ओवर में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। बारिश के कारण 15-15 ओवर के इस मैच में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली, जिसका फैसला अंततः सुपर ओवर में हुआ। इसमें अक्शदीप ने लायंस को दिलाई जीत।


जीत के बाद बधाई देता खिलाड़ी।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोरखपुर लायंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 38 रन के स्कोर पर ही उनके तीन विकेट गिर गए। इसके बाद सिद्धार्थ यादव (12 गेंदों में 29 रन) और भास्कर (14 गेंदों में 28 रन) ने टीम को संभाला। लेकिन टीम के लिए सबसे महत्वपूर्ण पारी प्रिंस यादव ने खेली, जिन्होंने 29 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर टीम को 7 विकेट के नुकसान पर 141 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया। कानपुर की तरफ से राहुल शर्मा ने दो विकेट लिए। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर सुपर स्टार्स की शुरुआत भी निराशाजनक रही और मात्र 8 रन पर उनके दो विकेट गिर गए। ऐसे में कप्तान समीर रिजवी ने 43 गेंदों पर 5 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 75 रनों की तूफानी पारी खेली।

### मेरठ मारविक्स ने नोएडा किंग्स को आठ विकेट से हराया

यूपी टी-20 लीग के एक रोमांचक मुकाबले में मेरठ मारविक्स ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए नोएडा किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया। इस बड़ी जीत के साथ, मेरठ की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। पहले बल्लेबाजी करते हुए नोएडा ने बनाया 200 का विशाल स्कोर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नोएडा किंग्स ने 3 विकेट खोकर 200 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। रवि सिंह के आउट होने के बाद, कप्तान प्रशांत वीर (29 गेंदों में 57 रन, 8 चौके, 2 छक्के) और शिवम चौधरी ने मिलकर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। शिवम चौधरी ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्कों की मदद से 85 रनों की नाबाद पारी खेली।


राम मनोहर लोहिया पार्क में उत्तर प्रदेश के मराठी समाज के पंडाल में आरती करतीं अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे। अमृत विचार

## पद्मिनी कोल्हापुरे ने उतारी गजानन की आरती और गाया भजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में उत्तर प्रदेश के मराठी समाज की ओर से आयोजित गणेश उत्सव में रविवार की शाम फिल्म अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे बप्पा के भक्त के रूप में पहुंचीं। उन्होंने न सिर्फ महिलाओं के साथ यहां आरती की बल्कि फिल्म प्यार झुकता नहीं का एक गीत भी प्रस्तुत किया। संध्या आरती में पद्मिनी कोल्हापुरे को अपने बीच पाकर लोग उत्साहित हो उठे। वह यहां पूरी तरह से बप्पा के भक्त के रूप में आईं और उन्होंने आरती की लेकिन प्रशंसकों ने जब उनसे गाने की फरमाइश की तो वह इसे टाल नहीं पाईं। उन्होंने अच्छे अंदाज में सुनाया :- तुमसे मिलकर न जाने क्यों... और भी कुछ याद आता है... । पहली सितम्बर की संध्या आरती में प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह शामिल होंगे। आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण होगा।

# मंगलमूर्ति का किया दुर्वा से अभिषेक

### बप्पा के दरबार में सजी राधा और कृष्ण के रास की झांकी, भजनों से स्तुति भी की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में चल रहे गणेश महोत्सव के 5वें दिन रविवार को दुर्वाभिषेक किया गया। अयोध्या और वाराणसी के आचार्यों ने पूजा कराई। गणेश के 108 नामों के साथ दुर्वा चढ़ाई गई।

शाम को हुई सांस्कृतिक संध्या में कोलकाता के भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश के चरणों में भजनों की श्रृंखला पेश की। राधा अष्टमी के अवसर पर बप्पा के दरबार में राधा और कृष्ण के रास की झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी के दौरान संजय शर्मा ने एक भजन राधे तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए... सुनाकर भक्तों को मुग्ध कर दिया। खलीलाबाद के भजन गायक रोमी सरदार ने बाबा से नाता है क्यों घबराता है... और तेरे हर हालात को बदलेगा... सुनाया तो पंडाल बप्पा के जयकारों गूंज उठा।

भजन संध्या में कमेटी के भारत भूषण गुप्ता, घनश्यामदास अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, नीलेश टाटा, अखिलेश बंसल, पार्षद रंजीत सिंह, महिलाओं में संध्या बंसल, अंजू गुप्ता, उषा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, वीमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह और अनुराधा गोयल आदि की मौजूदगी रही।

उधर, पल्टन छावनी सेक्टर ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे 7 दिवसीय गणेश उत्सव के 5वें दिन रविवार को कन्याओं को भोजन कराने के बाद भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें भक्तों ने पूड़ी-सब्जी, छोला- चावल और हलवा का प्रसाद चखा। बप्पा के दरबार में महिलाओं ने भजनों को प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय कर दिया। भारी बारिश में भी भक्तों का उत्साह देखने को मिला। धन्य धन्य भाग्य हमारे, गजानन घर में पधारे..., मेरे कीर्तन में रंग बरसाओ, आओ आओ गजानन आओ... जैसे भजनों से बप्पा का दरबार गुंजायमान होता रहा। इस मौके पर श्रीकृष्ण कुशवाहा, संगीता, कोमल, आरती, सपना शुक्ला, किरण पाल, संध्या, पूजा, अजय कुशवाहा, महिपाल सिंह, राजकुमार, कुलदीप, मनीष, प्रियांशु, विजय, शम्भू शरण वर्मा, संजय पाल सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।


श्रीगणेश प्राकट्य महोत्सव में गणति बप्पा का दुर्वा से अभिषेक करते भक्त। अमृत विचार

## अलीगंज के राजा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई

अलीगंज स्थित गुलाब वाटिका अपार्टमेंट परिसर में चल रहे 5 दिवसीय गणेशोत्सव का रविवार को मूर्ति विसर्जन के साथ ही अलीगंज के राजा का महोत्सव सम्पन्न हो गया। विसर्जन से पूर्व पंडित उमेश मिश्रा ने हवन सम्पन्न कराया। हवन में संस्था के लोग सपरिवार शामिल हुए। जिसमें समिति के संरक्षक राज कुमार सिंघल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनोज मिश्रा, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शरद तिवारी, मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता आदि शामिल हुए। गणेश जी की विसर्जन शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ से निकाली गई। यात्रा में भोलेनाथ, माता पार्वती के चल रहे उनके भूत, प्रेत भी चल रहे थे। बम बम लहरी की धुन पर झूम रहे थे। विसर्जन शोभा यात्रा गुलाब वाटिका से शुरू होकर नेहरू बाल वाटिका, शिव मेडिकल तिराहा, कपूरथला, आईटी चौराहा, हनुमान सेतु होते हुए शाम को गोमती तट पर मंत्रोच्चार के साथ बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन हुआ। इससे पहले सुबह बप्पा के दरबार में बडी संख्या श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। शोभा यात्रा में गजानन का रथ भव्य रहने के साथ-साथ जमशेदपुर झारखंड से डंका पार्टी ने धूम मचाई। इसके अलावा झांकी ग्रुप विशाल कालिया हरियाणा ने पूरे रास्ते में झांकी का मंचन किया।


गोमतीनदी तट पर कुंड में गणेश प्रतिमा को विसर्जित करते युवक।

## बप्पा की विसर्जन यात्राएं निकलीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के विभिन्न पूजा पंडालों में विराजमान गजानन का रविवार को विसर्जन किया गया। रथ पर सवार गणपति को विसर्जन के लिए भक्त पूरे उत्साह के साथ चलते दिखाई दिये। डीजे की धुनों पर नाचते-गाते गुलाल उड़ाते भक्त गोमती तट की ओर जाते दिखाई दिये। विसर्जन यात्रा के दौरान आज कई जगह हल्की बारिश भी हुई। इस बारिश ने भक्तों के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया। हवा में उड़ते गुलाल के साथ बप्पा के जयकारे लगते रहे।

## सिटी ब्रीफ

### अभिनेत्री ज़रीन खान रहीं आकर्षण का केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूति खंड स्थित समिट बिल्डिंग में स्थित मेशअप स्पोर्ट्स बार एंड नाइट क्लब में स्टारलाइट सोरी का आयोजन किया गया। इस मौके को बॉलीवुड अभिनेत्री ज़रीन खान की लाइव अपीयरेंस ने ख़ास और यादगार बना दिया। बड़ी संख्या में दर्शक कार्यक्रम में शामिल हुए और देर रात तक संगीत व नृत्य का आकर्षण बिखरता रहा। दौरान ज़रीन खान ने कहा कि मेशअप अब फैमिली बार के रूप में नया रूप ले चुका है, जहां हर कोई सुरक्षित और खुशनुमा माहौल में अपने परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बिता सकता है।

### राधे राधे बोल श्याम आएंगे... ने बांध दिया समां

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती तट स्थित श्याम मंदिर में श्याम परिवार की ओर से जन्मदिन लाडली जी के उत्सव पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार राधा रानी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भजन गायक मयंक कश्यप और मंजू यादव ने अपने भजनों से भक्तों को मुग्ध किया। भजन गायक मयंक कश्यप ने भजन राधे तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए..., राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी..., मिश्री से मीठो नाम हमारी राधा रानी को... बहुत अच्छे अंदाज में पेश किया।

### सीएमएस के छात्रों ने प्रस्तुति से मोहा मन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की ओर से सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय इतिहास एवं नागरिक शास्त्र महोत्सव 'रिफलेक्शन्स-2025' चल रहा है। रविवार को इसमें श्रीलंका, नेपाल, भूटान व देश के विभिन्न प्रान्तों के छात्रों ने इतिहास व नागरिक शास्त्र के ज्ञान में प्रदर्शन किया। देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने आज लीडरशिप लीगेसी, वाद-विवाद, ओलम्पियाड, ग्रुप डिस्कशन, वाइस फॉर वाइसलेस एवं कोरियोग्राफी में इतिहास के पन्ने पलटे। महोत्सव में देश-विदेश के लगभग 500 छात्र हिस्सा ले रहे हैं।


दशलक्षण पर्व पर जैन मंदिर में पूजन करते जैन धर्मावलंबी। अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया गया पुष्पदंत दवामी का मोक्ष कल्याणक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरानगर जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की पूजा हुई। मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि संयम को धारण कर तपस्या करते हुए मोक्ष के पथ पर अग्रसर होने की कला सिखाने का यह दशलक्षण पर्व है। तीर्थंकर के अभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। रविवार की सुबह प्रथम अभिषेक रॉबिन जैन और स्वस्तिक जैन ने किया। शांतिधारा धीरज जैन, अनुरोध जैन, चक्रेश जैन और पवन जैन ने की। पुष्पदंत स्वामी का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। उन्हें 9 किलो का लाडू समर्पित किया गया।

गोमतीनगर जैन मन्दिर में दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम सत्य धर्म की पूजा हुई। पं. सम्यक शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में हमेशा सत्य का पालन करना चाहिए। मुख्य शांति धारा देवेंद्र जैन एवं नितिन कांडया परिवार ने की एवं पुष्पदंत जी का मोक्ष कल्याणक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। उनको लाडू अर्पण किया गया। लाडू चढ़ाने का सौभाग्य अरविंद जैन और रजनी जैन परिवार को मिला। इस मौके पर अध्यक्ष पीके जैन, मंत्री आलोक जैन, संदीप, अविनाश, रचित, विनय कपूर, अमित, पंडित पीयूष, अशोक, महावीर गंगवाल, जय कुमार जैन आदि मौजूद रहे।

शाम को जैन महिला मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिनवाणी की देशना पर आधारित नाटक का बच्चों ने मंचन किया। महिला मंडल की अनीता, दीपाली, अल्पना, सपना, जुली और अर्चना की मौजूदगी रही।

## जन्मोत्सव पर राधा रानी ने भक्तों को दिए चरणों के दर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज स्थित राधा माधव सेवा संस्थान के तत्वधान में रविवार को माधव मंदिर परिसर में राधा अष्टमी प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मन्दिर में आयोजित भजन संकीर्तन पर भक्त भावविभोर होकर नाचे। राधे राधे, जय श्री राधे के स्वर गूंजते सुनाई दिये। मंदिर के प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि राधा अष्टमी पर्व पर राधा रानी ने बनारसी वस्त्र धारण किये। फूलों से उनका भव्य श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद राधा रानी पर फूलों की वर्षा की गई। इस अवसर पर बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जयसवाल, गोविंद साहू, श्याम जी साहू, राकेश साहू, माया आनंद, दिनेश, दीपक आदि मौजूद रहे।

## आज खत्म हो जाएगा सवा दो महीने का मोहर्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** दो महीने 8 दिन के मोहर्रम समापन की पूर्व संध्या पर रविवार को इमामबाड़ों और कर्बलाओं में मजलिसों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। कर्बला दियानतुद्दौला में अंजुमन हुसैनिया कदीम की मजलिस को मौलाना कल्बे जवाद ने खिताब किया। मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी किसी एक मजहब के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए थी। मजलिस के बाद कर्बला के शहीदों के ताबूतों की जियारत कराई गई। काजमैन में अंजुमन काजमिया आबिदया की मजलिस को मौलाना कर्रार हैदर मौलाई ने खिताब किया। मजलिस के बाद यहां आग पर मातम भी किया गया। नादान महल रोड स्थित अजाखाना मौलाना अली नकी में मौलाना सैफ अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। शहंशाह बिल्डिंग नक्खास में मजलिस को मौलाना जाफर अब्बास ने खिताब किया। कर्बला के शहीदों की याद में सोमवार को सुबह की नमाज के फ़ौरन बाद चुप ताजिये का जुलूस निकाला जाएगा। विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा नाजिम साहब से शुरू होकर यह जुलूस अकबरी गेट, नक्खास तिराहा, बिलोचपुरा चौराहा, अशर्फाबाद, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, मंसूर नगर तिराहा होता हुआ रौजा-ए-काजमैन जाएगा। चुप ताजिये की खासियत यह होती है कि इसे खामोशी के साथ निकाला जाता है। इसमें किसी भी तरह मातम या नारे नहीं लगाए जाते।

## सिटी डायरी


कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित डॉ. दिनेश शर्मा व अन्य।

### पुण्यतिथि पर हुई भजन संध्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजसेवी व कला प्रेमी मुरलीधर आहूजा के पिता स्व. दयालदास आहूजा की 51वीं पुण्यतिथि तथा अन्य पूर्वजों की स्मृति में मोती महल लॉन में भजन संध्या और संत समागम का आयोजन किया गया। शुरुआत डॉ. विजय अग्निहोत्री की टीम द्वारा 'गाइए गणपति जगवंदन' से हुआ। इसके बाद 'चदरिया झीनी रे झीनी', 'तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार' जैसे भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कबीर दास के दोहों और 'दुनिया से जाने वाले... गीत ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। राधा अष्टमी पर प्रस्तुत 'करके इशारो बुलाई गई रे राधा गोरी गोरी' को खूब सराहना मिली। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक नीरज बोरा, एमएलसी पवन सिंह चौहान सहित अनेक विशिष्ट अतिथि और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। साई मोहनलाल ने आशीर्वचन दिया।


भक्ति संध्या के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु।

### राधा रानी को अर्पित हुई भक्ति संध्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक क्षेत्र में श्री लाडली जू के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में एक शाम श्री राधा रानी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य राजेश शुक्ल व कार्तिक शुक्ल के निर्देशन में पंडित कृष्णा शंकर शर्मा द्वारा श्री राधारानी के वैदिक मंत्रों से पूजन कराई गई। भक्तों द्वारा श्री राधा रानी को छप्पन भोग अर्पित किए गए और राधा नाम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कमल कृष्ण मेहरोत्रा, अमित टंडन, पार्षद अनुराग मिश्रा, विनीत शंकर शर्मा, सीबी सिंह, मनीष रस्तोगी, अनुराग पांडेय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।


बैले फाउंडेशन का घुंघरू पूजन में मौजूद लोग।

### बैले फाउंडेशन का घुंघरू पूजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लच्छू महाराज बैले फाउंडेशन की ओर से भाद्रपद माह के अंतिम रविवार को बटुक भैरव मंदिर परिसर में लगने वाले मेले के साथ अत्यंत भावपूर्ण और सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न हुआ। श्रृंगारमणि कुमकुम आदर्श के शिष्यों अंजुल बाजपेई, पीयूष पांडेय, एकता मिश्रा, अविनाश ने नृत्य प्रस्तुति से घुंघरू पूजन कर गुरु परंपरा और नृत्य कला का मान बढ़ाया। कुमकुम आदर्श की पुत्री पूरवी कुमार, पं. शंभू महाराज की पुत्री मुन्नी मिश्रा और महंत जी उपस्थिति रहीं। ये परंपरा कुमकुम आदर्श की ओर से वर्षों से निभाई जाती रही। वह नहीं हैं क्रम को जारी रखने का काम उनकी पुत्री और शिष्यों ने किया।



रक्तदान करता युवक, साथ में विधायक और अन्य।

### शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में अग्रवाल समाज व श्री श्याम परिवार की ओर स्वास्थ्य परीक्षण व रक्दान शिविर लगाया गया। शैलेश अस्थाना, शुभ, शिवम, रानू, अनुराग साहू और मनीष अग्रवाल समेत 45 लोगों ने रक्तदान किया। शुरुआत विधायक डॉ नीरज बोरा ने की। अवधेश अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, संजीव अग्रवाल रहे।

रंगारंग

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी और कथक केंद्र ने किया आयोजन

# "नमन" में नलिनी कमलिनी ने जीता दिल, साबेरी मिश्रा ने किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ घराने की समृद्ध कथक परंपरा के सुविख्यात कथाकाचार्य पंडित लच्छू महाराज की स्मृति में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी एवं कथक केंद्र की ओर से दो दिवसीय पारंपरिक कथक नृत्य कार्यक्रम नमन- परंपरा कथक की रविवार को शुरुआत हुई।

शुरुआत भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। दीप प्रज्ज्वलन के बाद पंडित लच्छू महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए कार्यक्रम शुरू किया गया।

जयपुर घराने से जुड़ीं पुणे से आयीं साबेरी मिश्रा ने विष्णु वंदना से अपना कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने जयपुर घराने की पारंपरिक कथक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। साबेरी मिश्रा कथक नृत्य की प्रस्तुति में तबले पर विकास मिश्रा और सितार पर नवीन मिश्रा ने संगत की। नोएडा से आये लखनऊ घराने के जयकिशन महाराज एवं त्रिभुवन महाराज ने पारंपरिक कथक नृत्य के साथ-साथ लखनऊ घराने की प्राचीन पारंपरिक कथक नृत्य प्रस्तुति से समां बांध दिया। नई दिल्ली से आईं प्रख्यात नृत्यांगना पद्मश्री नलिनी-कमलिनी की युगल जोड़ी ने शिव स्तुति पेश करते हुए पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही शुद्ध नृत्य, तीन ताल विलंबित लय और सावन की प्रस्तुतियां दीं। वहीं इस दौरान तबले पर अकबर लतीफ खान, गायन में नलिनी निगम, बांसुरी पर अतुल शंकर और वॉयलिन पर अफ़ज़ाल ज़हूर ने संगत की।

इससे पहले यहां कार्यक्रम की शुरुआत कथक केंद्र की रजनी वर्मा के निर्देशन में प्रशिक्षित कलाकारों ने गणेश वंदना से की। इनके साथ गायन में कमलाकांत, तबले पर पार्थ प्रतिम मुखर्जी एवं शाहनवाज़ खां, सारंगी पर अर्चना, बांसुरी पर दीपेंद्र कुंवर और सितार पर नवीन मिश्र ने संगत की। कथक केंद्र की नीता जोशी के निर्देशन में तैयार किये गए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी दर्शकों को प्रभावित किया। इस प्रस्तुति में तबले पर राजीव शुक्ला ने साथ दिया।



संत गाडगे प्रेक्षागृह में कथकाचार्य पं. लच्छू महाराज की याद में कथक प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

# बारिश हो तो सआदतगंज की मातादीन रोड से न निकलें

## जरा देर की बारिश में कमर तक भर जाता है पानी, नाला चोक जलनिकासी की व्यवस्था नहीं, कश्मीरी वार्ड में समस्याओं का अंबार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** तेज बारिश हो रही है और आपको सआदतगंज क्षेत्र की मातादीन रोड से होकर गुजरना है तो बेहतर होगा न निकलें। किसी दूसरे मार्ग का विकल्प चुन लें। मजबूरी ही है तो रुक जाएं पहले सड़क पर भरे गंदे पानी की ''थाह'' लें तभी आगे बढ़ें।

दरअसल कुछ मिनटों की तेज बारिश में यहां कमर तक पानी भर जाता है। अगर बरसात ने कुछ घंटों का समय लिया तो समझ लें जलभराव की स्थिति भयावह है। इसे निकलने में कम से कम तीन से चार घंटे लग जाते हैं। सड़क से लेकर दुकानों तक पानी भर जाने से कारोबार चौपट है। बारिश के दिनों में कस्तूरबा इंटर कॉलेज के बच्चे पानी में अक्सर गिरते हैं। पानी चले जाने से वाहन बीच में ही बंद हो जाते हैं और लोगों को धक्का लगाना पड़ता है। नाला चोक और जलनिकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने से दो पीढ़ियों से क्षेत्रीय निवासी जलभराव की समस्या झेल रहे हैं। रविवार को ''अमृत विचार आपके द्वार'' टीम जैसे ही कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के सआदतगंज स्थित मातादीन रोड पहुंची तो निवासियों ने टीम को एक-एक करके क्षेत्र की समस्याएं दिखाईं।



नाले के ऊपर और अंदर भरा कूड़ा। अमृत विचार



अटल आश्रय घर सहादतगंज के समक्ष कूड़ा घर के बाहर बिखरा कचरा। अमृत विचार

### अटल आश्रय गृह के सामने खुले में बने पड़ाव घर, गंदगी की भरमार

- नगर निगम ने आबादी के बीच अटल आश्रय गृह के ठीक सामने कूड़ा घर बना दिया है। कहने को तो यहां शेड बना है लेकिन अंदर नहीं कूड़ा बाहर ही खुले में फैला रहता है। जिससे यहां गंदगी की भरमार रहती है। लोग कूड़ा बीनते हैं और मवेशी भी इसी में भोजन की तलाश करते रहते हैं। इससे क्षेत्र में बीमारियां फैलने का खतरा है।

### पुलिया के पास नाले में बह गई रिटेनिंग वाल, लगता है जाम

- यही नहीं पुलिया के पास रिटेनिंग वाल नाले में बह गई। मार्ग इतना संकरा हो गया कि निकलना मुश्किल है। अगर चार पहिया गुजर गया समझो जाम लगना तय है। शाम के समय तो यहां घंटों जाम लगा रहता है। व्यापारियों और निवासियों का कहना है कि नगर निगम जोन दो के अधिकारियों से कई बार शिकायत के बाद भी कोई मौके पर देखने तक नहीं आता है। बारिश में सड़क पर पानी भर जाने से लोग पुलिया के नाले में गिर जाते हैं। पुलिया सही हो जाए तो जाम की समस्या भी दूर हो जाएगी।



जाम में फंसे लोग। अमृत विचार

### गंदा पानी रोकने के लिए बनाई रेलिंग नहीं आई काम

- व्यापारियों ने बताया कि मातादीन रोड पर सैकड़ों दुकानें हैं। कुछ देर की बारिश में ही यहां भीषण जलभराव हो जाता है। दुकानों तक पानी पहुंच जाता है और दुकानदारी चौपट हो जाती है। उनका कहना है कि कई लोगों ने सड़क के किनारे रेलिंग बना दी है, जिससे बारिश का पानी अंदर न आ सके। दुकानदार अब सड़क से पांच फिट ऊपर लेवल से दुकानें बना रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि लगभग 40 वर्षों से यह समस्या बनी है।

### पानी में गिर जाते हैं स्कूल के विद्यार्थी

- बारिश में राहगीरों से लेकर क्षेत्रीय निवासियों को घुटनों तक पानी के बीच होकर निकलना पड़ता है। सड़क के पास ही कस्तूरबा इंटर कॉलेज है। स्कूल आते-जाते समय बच्चे पानी में गिर जाते हैं। ज्यादा देर की बारिश में तो हालात और खराब हो जाते हैं। कमर से ऊपर तक पानी पहुंच जाता है। इससे स्कूल से बच्चों को घर आने जाने में परेशानी होती है।



टूटे नाले को दिखाता नागरिक।



नाली के किनारे पड़ी सफाई के बाद निकाली गई सिल्ट। अमृत विचार

### सिल्ट निकाली वहीं छोड़ दी और चलते बने

- सआदतगंज क्षेत्र में नालियां खस्ताहाल हो चुकी हैं। सफाई न होने से नालियां चोक रहती हैं। नालियों का पानी सड़क तक बहता है। नगर निगम के कर्मचारी शिकायत के बाद किसी तरह सफाई करते हैं लेकिन सिल्ट वहीं छोड़ जाते हैं। बारिश के बाद सिल्ट फिर नाली में चली जाती है। व्यापारियों का कहना है कि एक हफ्ते से नालियों की सिल्ट सड़क पर पड़ी है। नगर निगम इसे कब उठाएगा पता नहीं।

### सफाईकर्मी फोटो खिंचाकर जाते हैं चले

- क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। नालियों और गलियों में गंदगी रहती है। झाड़ू लगाने भी सफाईकर्मी नहीं आते। कई बार पार्षद से शिकायत के बाद जब दो सफाईकर्मी आते हैं तो फोटो खिंचाकर चल देते हैं। नगर निगम की इस लापरवाही से सआदतगंज क्षेत्र के निवासी परेशान हैं। उनका कहना है कि सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी तो नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।



भवन के समक्ष फैला बिजली के तारों का मकड़जाल। अमृत विचार

**अमृत विचार आपके द्वार**

टीम : गोपाल सिंह, अमित पांडेय
छायाकार : राजकुमार वाजपेयी

"जलभराव का मुख्य कारण ऊंचा नाला है और रोड नीचे है। इस समस्या के समाधान के लिए पुलिया नए सिरे से बनवाने की जरूरत है। बारावफात के बाद पुलिया बनाने का कार्य शुरू कराया जाएगा।

**-लईक आगा,** पार्षद कश्मीरी मोहल्ला वार्ड

"नालियों की सफाई के साथ सिल्ट उठाने के लिए निर्देश दिया जा रहा है। सोमवार को ही क्षेत्र में टीम भेजकर सफाई करवाई जाएगी। लापरवाही पर सम्बंधित संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**-राम सकल यादव,** जोनल सेनेटरी ऑफिसर, जोन दो

### तीन वार्डों की लगती है सीमा, पार्षद एक-दूसरे पर डाल देते जिम्मेदारी

- सआदतगंज क्षेत्र तीन वार्डों की सीमा में शामिल है। इनमें कश्मीरी मोहल्ला, शीतलादेवी और सआदतगंज वार्ड शामिल है। परिसीमन के बाद कई इलाके दूसरे वार्ड में शामिल हो गए। नागरिक जब समस्या के लिए क्षेत्र के पार्षद के पास जाते हैं तो सीमा का हवाला देकर एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल देते हैं। जिससे समस्याएं बनी रहती हैं।



नाला चोक है जिसकी वजह से जल निकासी नहीं हो पाती। हमेशा जलभराव रहता है। शहर में नाला सफाई का अभियान चलाया जाता है। फिर ये गंदा क्यों। **–निरंकार गुप्ता**



निजी कर्मचारियों को सौ रुपये देकर काम करवाना पड़ता है। नगर निगम के कर्मचारी केवल खानापूरी करने आते हैं। गंदगी का बुरा हाल है। **-अखिल गुप्ता**

## स्थानीय लोगों से बातचीत



बारिश में पानी की निकासी नहीं है जिससे जलभराव होता है। साथ ही जाम की समस्या बनी रहती है। **–आकाश**



नाले की पुलिया टूटी होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती हैं। कई बार ई-रिक्शा पलट चुका है। फिर भी दुरुस्त नहीं हो रही है। **–रमनलाल**



बारिश का पानी सड़कों पर घुटनों तक आ जाता है। घरों के अंदर गंदा पानी प्रवेश कर जाता है। घर में रखा सामान खराब हो जाता है। **–अनवर**



बारिश का पानी निकलने में 4 से 5 घंटे लगते हैं जिसकी वजह से कार्यालय और स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी होती है। **–अभिषेक**



बारिश का पानी दुकानों के अंदर तक आ जाता है। गंदगी की वजह से ग्राहक दुकान आने में कतराते हैं। व्यापार चौपट रहता है। **-विकास जायसवाल**



नालियों में सिल्ट है जो गंदा पानी नालियों में बहना चाहिए वह सड़क पर बहता है। आवागमन में बड़ी दिक्कतें खड़ी होती हैं। **–सुरेन्द्र कुमार**



क्षेत्र में नगर निगम की गाड़ी कूड़ा उठाती है जिसकी वजह से गंदगी का अंबार लगा रहता है और बदबू के बीच निकलना पड़ता है। **–ज्ञान प्रकाश**



नगर निगम कर्मचारी सफाई करने नहीं आते हैं। सड़क से लेकर गलियों तक गंदगी फैली है। आम जनता परेशान है पर कोई सुनने वाला नहीं। **–फैय्याज**



नालियां गंदगी से बजबजा रही है। गंदगी फैली है। कई बार पार्षद से लिखित शिकायत की मगर समस्या का कोई निदान नहीं। **–निश्चय गुप्ता**



पिछले 50 वर्षों से यहां जलभराव की समस्या है। नगर निगम, जल निगम और पार्षद तक सभी को लिखित शिकायत की गई मगर कोई हल नहीं निकला। **–लक्ष्मी नारायण**



क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट खराब है। अंधेरा होने की वजह से महिलाओं को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। **–विजय गुप्ता**



यहां गंदगी की वजह से मच्छरों का प्रकोप है। आये दिन घर में कोई न कोई बीमार पड़ता है। नगर निगम फागिंग भी नहीं करवाता है। **–गौरव**



-यहां तीन वार्डों की सीमा लगती है जिसकी वजह से पार्षद एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल देते हैं। पर सुनवाई करने कोई नहीं आता। **–सतीश साहू**



अटल आश्रय गृह के सामने ही खुले में बने पड़ाव घर के बाहर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसकी वजह से निकलना दुश्वार है। **–नूरुल्ला**



पुलिया के पास नाले में रिटेनिंग वाल बह गई है जिसकी वजह से रास्ता छोटा हो गया है। वाहन निकलने पर जाम लग जाता है। कोई सुनने को तैयार नहीं। **–मनीष गुप्ता**



दुकानों के अंदर बारिश का पानी भर जाता है जिसको निकलने में काफी समय लगता है और दुकानदारी चौपट हो जाती है। **–जितेन्द्र कुमार गुप्ता**

## सिटी ब्रीफ

### सीओए अवाड्र्स का आयोजन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज सीओए अवाड्र्स-2025 जोनल जूरी की मेजबानी कर रहा है। अवाड्र्स वास्तुकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता प्रदान करेगा। जिसमें तीन प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। आर्किटेक्चरल थीसिस में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार, जेके एवाईए बेस्ट आर्किटेक्चर स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड, आर्किटेक्चरल हेरिटेज के दस्तावेज़ीकरण में उत्कृष्टता अवार्ड दिए जाएंगे।

### 50 छात्राओं को लगा सर्वाइकल कैंसर का टीका

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में 50 से अधिक छात्राओं को रविवार को सर्वाइकल कैंसर टीके की पहली डोज दी गई। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना द्वारा नारी शक्ति को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने के लिए निशुल्क टीकाकरण को प्रोत्साहित किया गया। वैक्सीन की प्रथम खुराक बी.फार्म. की छात्रा प्रीति यादव को दी गई। इसके उपरांत फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज़, फैकल्टी ऑफ लॉ एवं टूरिज़्म की छात्राओं तथा स्थानीय नागरिकों ने भी टीकाकरण कराया। इस अवसर पर प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, आचार्य डॉ. प्रणति श्रीवास्तव, डॉ. लुबना अज़मी, किरण सिंह व डॉ. रोहित सिंह उपस्थित रहे।

### सीएमएस की आरना का टीम में चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की 12 वर्षीय छात्रा आरना ओम सिंह का चयन तीसरी एशिया पैसिफिक योग चैंपियनशिप के लिए किया गया है। आरना के नाम न्यूनतम समय में सर्वाधिक बार कलाबाजी करने के दो विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। उन्होंने 10 और 11 वर्ष की आयु में योग पर दो पुस्तकें भी लिखी हैं। सीआईएससीई राष्ट्रीय खेल 2024 में स्वर्ण पदक भी जीता था। 9 वर्ष की आयु में दुबई एक्सपो में रजत पदक जीता था। यूनिवर्सल योग स्पोर्ट्स फेडरेशन और यूनिवर्सल योग अलायंस की देखरेख में प्रतियोगिता सितंबर में मलेशिया के कुआलालंपुर में होगी।

# दीक्षांत समारोह में 150 से अधिक विद्यार्थियों को मिलेंगे पदक

- 14 अक्टूबर को होगा भाषा विवि का 10वां दीक्षांत समारोह
- पदकों की अनंतिम सूची जारी, 8 तक दे सकते हैं आपत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का 10वां दीक्षांत समारोह 14 अक्टूबर को होगा। इसके लिए पदकों की अनंतिम सूची जारी कर 8 सितंबर तक आपत्तियां मांगी गई हैं। विभिन्न श्रेणियों में 150 से अधिक पदक दिए जाने हैं, जिसमें छात्राओं को लगभग 98 पदक मिलेंगे।

पदक अंडर ग्रेज्युएट से लेकर पीजी, डिप्लोमा कोर्स, तकनीकी संकाय के सभी श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। स्नातक के उर्दू विषय में सर्वाधिक 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली रहमाना को दो श्रेणियों में पदक मिलेंगे। अपूर्व द्विवेदी को भी दो तरह के पदक दिए जाएंगे।

### धर्मेश को कुलाधिपति और अपूर्व को कुलपति पदक

- धर्मेश यादव को कुलाधिपति और अपूर्व द्विवेदी को कुलपति पदक मिलेंगे। इसके अलावा रहमाना, तनु प्रिया, ऐश मिर्जा, धर्मेश यादव और अपूर्व द्विवेदी को स्नातक वर्ग में भी पदक दिए जाएंगे। परास्नातक संकाय में पदक पाने वालों में छह में पांच छात्राएं हैं। इसी तरह स्नातक वर्ग के उर्दू विषय में तीन विद्यार्थियों में दो छात्राओं, अरबिक में तीन में एक, भूगोल में 3 में 2 शिक्षा शास्त्र में 3 में 2 और अर्थशास्त्र में 3 में 2 छात्राएं शामिल हैं। पर्सियन में छात्रा हसन जेहरा और अंग्रेजी में तीनों पदक छात्राओं को मिलेंगे। राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास समेत लगभग सभी विषयों में ज्यादातर पदक छात्राओं को मिलेंगे।

### तीन विशेष पदक दिए जाएंगे

- 10 वें दीक्षांत समारोह में तीन विशेष श्रेणी के पदक दिए जाएंगे जिसमें पहला सैयद मंजूर अहमद अशरफी स्वर्ण पदक बीसीए टॉपर साक्षी बर्नवाल को दिया जाएगा। सैयद अनवर असरफ स्वर्ण पदक अदीबा अंजुम को अरबिक भाषा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया जाएगा। शारदा चंद्र कृष्ण शुक्ला स्वर्ण पदक रुबाब सिद्दिकी को वाणिज्य में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए दिया जाएगा।

### छात्रों की मदद के लिए पुनर्वास विवि में बनी टीम

- **अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का अधिष्ठाता छात्र कल्याण मंडल शैक्षिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की मदद करेगा। विद्यार्थी छात्रवृत्ति, टैबलेट व किसी अन्य तरह की कठिनाई होने पर पाठ्यक्रमवार मंडल के सदस्यों से संपर्क कर सकेंगे। इसके लिए शिक्षकों की अलग-अलग टीम का गठन किया गया है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आशुतोष पांडेय ने बताया कि सूचना के साथ पाठ्यक्रमवार 11 सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण की सूची, मिलने का स्थान और समय सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की गई है। विद्यार्थी दोपहर 12 से दो बजे के बीच मंडल सदस्यों से मिल सकेंगे। सदस्यों में सह आचार्य राजनीतिशास्त्र एवं लोक प्रशासन डॉ. शशि सौरभ, सहायक आचार्य हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा डॉ. ज्योति गौतम, सहायक आचार्य अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा डॉ. प्रज्ञा श्रीवास्तव, सहायक आचार्य इतिहास डॉ. अमिता शुक्ला, सहायक आचार्य वाणिज्य डॉ. नरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आचार्य भौतिक विज्ञान डॉ. डीबी सिंह, सहायक आचार्य दृष्टि बाधितार्थ डॉ. बृजेश कुमार राय, सहायक आचार्य बौद्धिक अक्षमता संजय कुमार रहे।

### शिक्षामित्र से शिक्षक बनने वालों को मिले पुरानी पेंशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जो शिक्षामित्र 28 मार्च 2005 से पूर्व के विज्ञापन पर नियुक्त थे, और अब वे शिक्षक बन गए हैं। उन सभी को पुरानी पेंशन दिया जाए। मांग रविवार को उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ की दारुल शफा में हुई प्रांतीय कोर कमेटी की बैठक में उठाई गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा की प्रदेश के 37 से अधिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा आवेदन के लिए आदेश तो जारी किए है, परन्तु शासन से स्पष्ट आदेश नहीं होने से शेष लगभग 38 बीएसए आदेश नहीं कर रहें है। जल्द से जल्द सभी जिलों में स्पष्ट आदेश जारी कराते हुए उन्होंने मांग कहा की प्रदेश के 1.48 लाख शिक्षामित्रों को पुनः नई नियमावली बनाकर शिक्षक का स्थाई दर्जा दिया जाए।उन्होंने बताया कि कई साल से शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई है। जबकि लाखों शिक्षक नियमावली के अनुसार 5 साल से अधिक की सेवा कर चुके है। पदोन्नति न होने से अब उनके आर्थिक नुकसान हो रहा है। समर कैम्प का मानदेय अभी तक नहीं मिला है। बैठक में प्रदेश महामंत्री संदीप दत्त, प्रदेश उपाध्यक्ष एकसाद अली, धर्मेंद्र यादव, रश्मिकान्त द्विवेदी, सचिव फारुख अहमद सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

पुनश्चर्या | लविवि में हिंदी विभाग में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# प्रवासी हिंदी साहित्य में नहीं बदला भारतीय मन और चेतना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का समापन हुआ। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र दूबे ने प्रवासी हिन्दी साहित्य समकालीन कहानियों के विशेष संदर्भ में विषय पर अपना वक्तव्य दिया।

प्रो. सुरेन्द्र दूबे ने प्रवासियों की तीन कोटियों का उल्लेख किया जो इतिहास में तीन भिन्न कालावधि में विविध कारणों से प्रवासी हुए। इन तीनों कोटियों के प्रवासी साहित्य में प्रयोजन, अंतर्वस्तु, पृष्ठभूमि, वातावरण, भावात्मक परिवेश और भाषाशिल्प भी अलग हैं। एक विशेष साम्य जो इनमें है वह है भारतीय मन और भारतीय चेतना।



हिंदी पुनश्चर्या कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

लक्ष्मी मल्ल सिंघवी ने डायस्पोरा के लिए एक शब्द दिया भारतवंशी। उन्होंने मॉरीशस में बीसवीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में प्रकाशित होने वाली 'दुर्गा' पत्रिका का उल्लेख किया। समकालीन प्रवासी कहानियों के संदर्भ में उन्होंने तेजेन्द्र शर्मा, दीपचंद बिहारी सहित अन्य प्रमुख लेखक-लेखिकाओं की कहानियों का विशद विवेचन किया। डॉ. दीपा ने प्रो. दूबे सर का स्वागत एवं विस्तृत रचनात्मक और अकादमिक परिचय कराया तथा डॉ. प्रीति प्रिया जी ने प्रो. सुरेन्द्र दूबे सर का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सिटी डायरी



फ्रेशर्स डिबेट में प्रतिभागियों को पुरस्तकृत करते विधि विवि के कुलपति।

### विधि विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ फ्रेशर्स डिबेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में लिटिज़ियम के 14 वें संस्करण फ्रेशर्स डिबेट का आयोजन किया गया। 29 से शुरू आयोजन में 105 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। तीन दिनों में विद्यार्थियों ने गहन प्रारंभिक और नॉकआउट राउंड्स में भाग लिया। 31 अगस्त को ग्रैंड फाइनल में दो उत्कृष्ट टीमों ने हिस्सा लिया। आलिया, जयाश्री और अक्षित बनाम भाव्या, रीवा और देविका ने अपनी क्षमता और प्रतिभा को उजागर किया। समापन सेरेमनी में कुलपति प्रो. अमर पाल सिंह, डॉ. अमनदीप सिंह (समिति के संकाय समन्वयक) और विश्वविद्यालय के अन्य प्रतिष्ठित संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



दीक्षारंभ कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष व अन्य छात्र-छात्राएं।

### दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में दीक्षारंभ अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एमएससी प्रथम सेमेस्टर के नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना अनुपस्थित रहकर भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन की। उत्कृष्टता तथा समग्र विकास की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। प्रो. सिराजुद्दीन ने शैक्षणिक गतिविधियों का परिचय दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा ने स्मृतियों को साझा किया। प्रो. एन. के. पाण्डेय ,फरहा सरोश, प्रो. शीला मिश्रा, अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय, जैवरसायन विभाग, प्रो. मोनिषा बनर्जी, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. अमित त्रिपाठी, डॉ. सुचित स्वरूप, डॉ. राजेश खरवार, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. नितीश उपस्थित रहे।



कालीचरण कॉलेज में एयरोबिक्स में भाग लेते विद्यार्थी।

### एरोबिक्स का हुआ आयोजन

**अमृत विचार चौक :** खेल दिवस के उलक्ष्य में कालीचरण पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग ने सामूहिक एरोबिक्स अभ्यास का आयोजन किया। प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कुलानुशासक डॉ. डीसीडीआर पांडेय ने खेल गतिविधियों में प्रतिभाग के लिए प्रेरित किया। विधिवत एरोबिक्स सत्र का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रभारी प्रो. कल्याणी द्विवेदी ने किया। इसमें ऐरोबिक्स की गतिविधियों का संगीत के साथ अभ्यास कराया गया। सभी को स्ट्रेचिंग एवं कूल डाउन व्यायाम भी सिखाया गया। डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा, हिंदी विभाग के प्रभारी प्रो. मनोज कुमार पांडे, भूगोल विभाग के डॉ. सुरेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।




लखनऊ की विजेता टीमें शील्ड के साथ।

### मंडल की टीमें विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग स्थित जनता इंटर कॉलेज में रविवार को विद्यालयीय मंडलीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक-बालिकाओं के लिए अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में लखनऊ की सभी टीमें समय पर पहुंच गई। अन्य जनपदों की टीमें न पहुंचने के कारण लखनऊ की टीमों को वाकओवर मिल गया। प्रशिक्षक अंजुल ओबराय ने बताया कि छह टीमों को विजेता घोषित कर दिया।

# आरोपी ने कोतवाली में लगाई फांसी, मौत

## किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का था आरोप

संवाददाता, हरदोई/शाहाबाद

**अमृत विचार।** किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोपी पुलिस की हिरासत में था। उसने वहीं कोतवाली में फांसी लगा ली। इसका पता होते ही पुलिस को पसीना आ गया। आनन-फानन में आरोपी को सीएचसी पहुंचाया गया लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। जैसा कि डा. विक्रम का कहना है कि पुलिस शव को अपने साथ लेकर लौट गई। सबसे खास बात है कि पूरे मामले पर काफी देर तक पर्दा डाला गया लेकिन बाद में सब कुछ सामने आ गया।

जैसा कि बताया गया है कि रविवार की शाम को आरोपी ने पुलिस की हिरासत में शाहाबाद कोतवाली में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान रवि पुत्र रामराज निवासी अहमदनगर के रूप में होना बताया गया है। रवि पर एक किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप था। पुलिस ने उसे हिरासत में ले रखा था। उधर, पहले तो हर कोई पूरे मामले पर पर्दा डाले रहा लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल होते ही सारा कुछ बे-पर्दा हो गया। सीएचसी पर तैनात डा. विक्रम का कहना था कि शाम 7:50 बजे रवि को सीएचसी लेकर पहुंची। रवि की मौत हो चुकी थी।

### वृद्ध ने पेड़ पर फंदे से लटककर दी जान

**सफीपुर, उन्नाव।** साल्हे नगर करौंदी गांव निवासी 74 वर्षीय किसान का शव बाग में पेड़ पर फंदे से लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद बीमारी से ऊबकर उसके आत्महत्या करने की बात बताई। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। साल्हे नगर करौंदी गांव निवासी पुरई (74) पुत्र रामचरण खेती करता था। बीती रात वह खाना खाकर घर पर सोया था। रविवार भोरपहर वह घर से बिना बताए निकल आया था।

# प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंसे यात्री की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** रविवार सुबह जिले में हुए एक दर्दनाक ट्रेन हादसे ने पूरे परिवार को मातम में डुबो दिया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अमिलिया सिकरा गांव निवासी गिरीश सिंह (49) पुत्र विजय बहादुर सिंह कोलकाता से पत्नी, बच्चों और परिवार से मिलने लौट रहे थे। वे वाराणसी तक का सफर तय कर चुके थे और वहां से लखनऊ जाने वाली शटल ट्रेन में बैठकर सुलतानपुर लौट रहे थे। सुबह करीब 8 बजे ट्रेन जैसे ही सुलतानपुर जंक्शन पहुंची, उसी दौरान नींद खुलने पर गिरीश हड़बड़ी में अपना सामान नीचे फेंकते हुए उतरने की कोशिश करने लगे। तभी उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन व पटरी के बीच आ गए। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

### वकीलों की हड़ताल पर कल होगी सुनवाई

**फतेहपुर, बाराबंकी।** जिले में वकीलों की हड़ताल भले ही समाप्त हो गई हो, लेकिन इस हड़ताल से आम जनता को हुई परेशानी और राजस्व नुकसान के मुद्दे पर अब मामला उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ तक पहुंच गया है। क्षेत्रीय नागरिकों की ओर से दाखिल की गई जनहित याचिका पर 2 सितम्बर को सुनवाई होगी। बता दें कि 22 जुलाई से वकीलों की हड़ताल शुरू हुई थी, जिसके चलते अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। इसके बाद 13 अगस्त से उपनिबंधक कार्यालय भी बंद करा दिया गया, जिससे स्टाम्प की बिक्री और पंजीयन कार्य ठप हो गया।

# रंजिश में चली गोली, बालक की मौत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गगनी खेड़ा गांव में रविवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान मंदिर के पास खड़ा 12 वर्षीय बालक अजीत गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, गगनी खेड़ा निवासी सोनू का बेटा अजीत विवाद देखने के लिए स्थानी देवी माता मंदिर के पास पहुंचा था।

बताया जा रहा है कि एक युवती को लेकर दो पक्षों में पिछले कई दिनों से तनाव चल रहा था। आए दिन गाली-गलौज और झगड़े की घटनाएं हो रही थीं। रविवार देर रात विवाद बढ़ा और रात करीब 10 बजे देखते ही देखते कई राउंड फायरिंग शुरू हो गई। गोली की आवाज सुन घटनास्थल पर पहुंचे अजीत को अचानक चली गोली लग गई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। परिजनों का आरोप है कि अजीत के शरीर पर गोली लग गयी है। बालक की मौत की खबर से पूरे मोहल्ले में शोक और गुस्से का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि विवाद लंबे समय से चल रहा था, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते यह घटना हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पी.के. मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं और विवाद में शामिल लोगों की तलाश की जा रही है।

# रामलला को लगा 56 व्यंजनों का भोग

**अयोध्या कार्यालय।** रामनगरी में रविवार को भगवान सूर्य की जयंती मनाई गई। इस अवसर राम मंदिर समेत सभी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। दूसरी तरफ राम मंदिर के परकोटा में स्थापित भगवान सूर्य मंदिर में भव्य झांकी का आयोजन किया गया। रामलला को 56 व्यंजनों के साथ सेवई का भी भोग लगाया गया। दर्शननगर स्थित प्राचीन सूर्य कुंड पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य ने बताया कि सूर्य जयंती पर सभी मंदिरों में पूजन और आरती की गई। उन्होंने कहा कि वैसे ही अयोध्या सूर्यवंशी राजधानी के रूप में मानी जाती है और भगवान राम सूर्यवंशी थे। जयंती को मनाने का विधान भी बहुत ही प्राचीन है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक इस उत्सव पर परकोटा में स्थापित भगवान सूर्य के मंदिर में फूलों से भव्य झांकी सजाई गई। आरती पूजन भी किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मैनुद्दीनपुर विकास खंड जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर**

पत्रांक राज्य वित्त/15वित्त/मनरेगा/अल्पकालीन निविदा 2025–2026 दिनांक 01–09–2025

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा0पं0– मैनुद्दीनपुर वि0खंड–जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर मे (1) पिच रोड से गोविन्द के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी,एस0ओ0बी ईट,रबर मोल्ड ईट,ईट की गिट्टी,पत्थर गिट्टी,सीमेंट,मोरंग,बालू,सरिया व अन्य कार्य हेतु लोहे के उपकरण व अन्य निर्माण सामग्रियों के आपूर्ति धनराशि के सापेक्ष अल्पकालीन निविदा/टेंडर आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07/09/2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सीलबंद निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 08/09/2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी ग्राम प्रधान,सचिव के समक्ष प्रात:10 बजे खोली जाएगी। निविदा फर्म के पैड पर होनी चाहिए। जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।

**नोट**:–प्रतिबन्ध, नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

**कामिता यादव** — ग्राम सचिव
**राज कुमारी** — ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मैनुद्दीनपुर विकासखंड जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर।


# चार सुपारी किलर गिरफ्तार

**कैसरगंज, बहराइच।** लखनऊ एसटीएफ के इनपुट पर कैसरगंज पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। एसटीएफ और कैसरगंज पुलिस टीम ने भाजपा नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैकवार की हत्या करने आये चार शातिर सुपारी किलर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। एक शातिर के पैर में गोली लगी है। पुलिस को शक है कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैकवार को जान से मारने की साजिश उनके भाई के दामाद ने रची थी। उसने कुछ शातिर अपराधियों को उनकी हत्या की सुपारी दी थी। एसटीएफ ने कैसरगंज पुलिस से संपर्क किया और यहां पहुंचकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। बदमाशों को यह पता था कि प्रत्येक पूर्व जिपं अध्यक्ष अपने फार्म हाउस पर दीपक जलाने जाते हैं। एसटीएफ और कैसरगंज पुलिस भी फार्म हाउस पहुंची। पुलिस ने साकेत रावत, प्रदीप यादव,आलोक कुमार सिंह सभी निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

# डॉ. माधुरी, यासमीन, दयाशंकर व चंद्रकमल को मिलेगा मुलायम सिंह शिक्षक सम्मान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा द्वारा शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के पांच शिक्षकों को स्व. मुलायम सिंह शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल व प्रमुख महासचिव डॉ. कमलेश यादव द्वारा दिया जाएगा।

सिविल लाइंस स्थित एक होटल में रविवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दानबहादुर सिंह ने चयन समिति द्वारा चुने गए पांच शिक्षकों की घोषणा की। इसमें डॉ. माधुरी मौर्या सहायक अध्यापिका उप्रावि भीखापुर, कुबरा यासमीन सहायक अध्यापिका कंपोजिट विद्यालय अटरावा, दयाशंकर भारतीय प्रभारी प्रधानाध्यापक पूर्व मावि खंड पिपरा रुदौली, संतोष कुमार यादव सहायक अध्यापक प्रावि खेत पलिया विकासखंड हैरिग्टंनगंज व चंद्रकमल वर्मा प्रवक्ता एमपीएलएल इंटर कॉलेज शामिल हैं। इस अवसर पर सांसद अवधेश प्रसाद, सम्मान समारोह के संस्थापक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे समेत जिले के सभी पूर्व मंत्री, विधायक, जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष शामिल होंगे। इस दौरान शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर चयन समिति के महासचिव डॉ. घनश्याम यादव, संत प्रसाद मिश्र आदि मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं.: 147/2025

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **पूजा विशेष गाड़ी** का संचलन निम्नलिखित समय एवं ठहराव के अनुसार किया जायेगा:–



**गाड़ी सं. 05314/05313 गोमतीनगर–महबूबनगर–गोमतीनगर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी**

**गाड़ी सं. 05314 गोमतीनगर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28-09-2025 से 02-11-2025 = 06 ट्रिप**
**गाड़ी सं. 05313 महबूबनगर से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29-09-2025 से 03-11-2025 = 06 ट्रिप**

| गाड़ी संख्या 05314 गोमतीनगर–महबूबनगर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या 05313 महबूबनगर–गोमतीनगर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:15 | गोमतीनगर | 14:00 | -- |
| 01:03 | 01:05 | बाराबंकी | 13:00 | 13:02 |
| 01:45 | 01:50 | बुढ़वल | 12:20 | 12:25 |
| 03:25 | 03:30 | गोण्डा | 11:00 | 11:05 |
| 04:57 | 05:00 | बस्ती | 09:35 | 09:37 |
| 06:15 | 06:25 | गोरखपुर | 08:50 | 08:25 |
| 07:35 | 07:37 | देवरिया | 07:32 | 07:34 |
| 08:58 | 09:00 | भटनी | 06:10 | 06:12 |
| 10:25 | 10:30 | मऊ | 04:40 | 04:45 |
| 11:55 | 11:57 | औड़िहार | 03:35 | 03:37 |
| 13:00 | 13:35 | वाराणसी | 01:45 | 02:25 |
| 14:48 | 14:50 | मिर्जापुर | 23:50 | 23:52 |
| 16:25 | 16:30 | प्रयागराज छिवकी | 22:30 | 22:35 |
| 19:58 | 20:00 | मानिकपुर | 19:30 | 19:32 |
| 21:10 | 21:15 | सतना | 18:15 | 18:20 |
| 22:30 | 22:35 | कटनी | 16:55 | 17:00 |
| 00:20 | 00:30 | जबलपुर | 15:00 | 15:10 |
| 04:30 | 04:35 | बालाघाट | 10:55 | 11:00 |
| 05:15 | 05:25 | गोंदिया | 11:40 | 11:50 |
| 10:00 | 10:05 | बल्हारशाह | 07:30 | 07:35 |
| 10:55 | 10:57 | सिरपुर कागज नगर | 06:15 | 06:17 |
| 11:30 | 11:32 | बेल्लमपल्ली | 05:40 | 05:42 |
| 12:00 | 12:01 | रामगुण्डम | 05:10 | 05:12 |
| 13:25 | 13:27 | काजीपेट | 03:40 | 03:42 |
| 15:20 | 15:22 | मलकाजगिरी | 00:50 | 00:52 |
| 15:50 | 16:00 | काचीगुडा | 00:10 | 00:20 |
| 16:40 | 16:41 | उमदानगर | 23:34 | 23:35 |
| 17:15 | 17:16 | शादनगर | 23:03 | 23:05 |
| 17:50 | 17:52 | जडचर्ला | 22:28 | 22:30 |
| 19:10 | -- | महबूबनगर | -- | 22:10 |

रेक संरचना: जनरेटर सह लगेज यान-01, एलएसएलआरडी-01, शयनयान-07, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकूलित द्वितीय-01, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी -08 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी–45 — मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**अयोध्या कार्यालय।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में दो युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर 12 हजार ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। रामनगर कोतवाली नगर निवासी अवनीश पांडेय ने बताया वह रामपथ पर रेस्टारेंट चलाते हैं। कुछ दिनों पहले उनके पास अयोध्या निवासी अनमोल मिश्र आया, जान पहचान बढ़ी तो कहा कि वह श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में काम करता है। किसी को लगवाना हो तो बताओ। इस पर उन्होंने अपने साले प्रणव पांडेय व मामा के लड़के शुभम तिवारी की नौकरी लगवाने को कहा। उसने दोनों ने छह–छह हजार रुपये व कागजात मांगे। पैसा देने के बाद नौकरी न लगाने पर जब उसे फोन किया गया तो उसने दोनों को नियुक्त पत्र दिया। जिसके बारे में पता किया तो पता चला कि यह फर्जी है।

# कविताओं और गज़लों से हिंदी-उर्दू को दी मजबूती



साहित्यकारों को सम्मानित करते अरविंद सिंह गोप। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार।** साहित्य और लेखनी की ताकत समाज को प्रेम, साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ये विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने व्यक्त किये। वह रविवार को अपने सिविल लाइन आवास पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था उर्दू कबीला द्वारा आयोजित साहित्य सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जनपद ही नहीं, बल्कि देशभर में प्रसिद्ध साहित्यकार मूसा खान अशांत और अमरीश "अंबर" को सम्मानित किया गया। दोनों साहित्यकारों को संस्था की ओर से अंग वस्त्र, गुलदस्ता एवं 'गीतांजलि', 'शहरयार नीम का पेड़' और 'स्वामी विवेकानंद जीवन परिचय' जैसी पुस्तकें भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि मूसा खान अशांत और अमरीश अंबर ने अपने गीतों, कविताओं और ग़ज़लों से न केवल हिंदी-उर्दू को मजबूती दी है, बल्कि समाज की समस्याओं को भी अपने साहित्य के माध्यम से उजागर किया है। उनका यह योगदान सराहनीय है।

# सरयू लाल निशान से 25 सेमी ऊपर

**सूरतगंज, रामनगर, बाराबंकी।** लाल निशान से नीचे जा चुकी सरयू नदी में फिर उफान आया है। पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश व दो बैराजों से करीब साढ़े तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जलस्तर खतरे के निशान से 25 सेमी ऊपर पहुंच गया है। सूरतगंज, रामनगर क्षेत्र में पानी फिर गांवों को जलमग्न करने को बेताब है। वहीं ग्रामीणों का पलायन फिर शुरू हो गया है। सरयू में लगातार बढ़ रहा जलस्तर अब खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका है। एल्गिन ब्रिज संजय सेतु पर रविवार शाम तक नदी का जलस्तर 106.320 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 106.070 मीटर से करीब 25 सेंटीमीटर ऊपर है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार जलस्तर हर घंटे लगभग एक सेमी सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**
**मो0-9696715133**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैने अपना नाम HAMZA ZAFAR SIDDIQUI से बदलकर AMEER HAMZA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ZAFAR AHMED SIDDIQUI, ADD-283/278-1KA HARCHANDPUR, GARHI KANOURA MANAKNAGAR DIST-LUCKNOW-226011 (U.P.)

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम आदिति यादव है जोकि सही है और समस्त शैक्षिक अभिलखों में भी दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या–829220341288 में रोशी दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम आदिति यादव है। जोकि सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सुरेश कुमार यादव पुत्र राम किशोर निवासी– ग्राम– नेवादा खुर्द, पोस्ट सुरजूपुर तहसील– जलालपुर जनपद– अम्बेडकरनगर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राममूर्ति एवं बहू शशि पत्नी राम मूर्ति निवासी मोहल्ला नई बस्ती थाना शाहाबाद जनपद हरदोई को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके अपने संबंध समाप्त कर लिए हैं। उन दोनों के किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **श्रीपाल पुत्र राम भजन निवासी मोहल्ला नई बस्ती थाना शाहाबाद तहसील शाहाबाद जिला हरदोई**

**गुमशुदा की तलाश**
मेरी पुत्री ममता आयु लगभग 21 वर्ष रंग गोरा, लंबी, गले में मसा, पहनावा समीर एवं सलवार, गले में दुपट्टा दिनांक 08/05/2023 से घर से लापता है। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। यदि किसी को दिखाई दे तो निम्न पते पर सूचित करें। **– काशी प्रसाद निषाद, गांव कनकपुर, थाना अखंडनगर, जिला सुलतानपुर मोबाइल नंबर–9454404326**

**गुमशुदा की तलाश**
मेरी पुत्री काजल आयु लगभग 13 वर्ष रंग गोरा, दिनांक 26/12/2023 से घर से लापता है। उसके दादा गजाधर ने थाने में तहरीर दी है। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। यदि किसी को दिखाई दे तो निम्न पते पर सूचित करें। **– अशोक कुमार, गांव पिपरी पट्टी, थाना अखंडनगर, जिला सुलतानपुर मोबाइल नंबर– 9454404326**



**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2025**

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04203/04204 लखनऊ – नई दिल्ली – लखनऊ आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (20 फेरे)

| गाड़ी सं. 04203 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

चलने के दिन : 04203 लखनऊ तथा 04204 नई दिल्ली से दिनांक 22.09.2025 से 24.11.2025 तक (प्रत्येक सोमवार)
ठहराव : शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04008/04007 आनंद विहार (ट) – जोगबनी – आनंद विहार (ट) आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (22 फेरे)

| गाड़ी सं. 04008 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04007 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:30 | आनंद विहार (ट) | 03:00 | --- |
| 17:00 | --- | जोगबनी | --- | 18:30 |

चलने के दिन : 04008 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.09.2025 से 29.11.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) तथा 04007 जोगबनी से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, आलम नगर, उत्तरेटिया जं., रायबरेली जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट एवं फारबिसगंज स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04010/04009 दिल्ली जं. – सीतामढ़ी – दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (18 फेरे)

| गाड़ी सं. 04010 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:58 | --- |
| 22:30 | --- | सीतामढ़ी | --- | 23:55 |

चलने के दिन : 04010 दिल्ली जं. से दिनांक 02.10.2025 से 27.11.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04009 सीतामढ़ी से दिनांक 03.10.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनियाँ स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

**04022/04021 नई दिल्ली – गोरखपुर – नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (20 फेरे)

| गाड़ी सं. 04022 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

चलने के दिन : 04022 नई दिल्ली से दिनांक 19.09.2025, 03, 10, 17, 24, 31.10.2025, 07, 14, 21 एवं 28.11.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) तथा 04021 गोरखपुर से दिनांक 20.09.2025, 04, 11, 18, 25.10.2025, 01, 08, 15, 22 एवं 29.11.2025 (प्रत्येक शनिवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04060/04059 आनंद विहार (ट) – जयनगर – आनंद विहार (ट) आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (20 फेरे)

| गाड़ी सं. 04060 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:00 | आनंद विहार (ट) | 08:40 | --- |
| 07:30 | --- | जयनगर | --- | 10:00 |

चलने के दिन : 04060 आनंद विहार (ट) से दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04059 जयनगर से दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं एवं मधुबनी स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04070/04069 आनंद विहार (ट) – राजगीर – आनंद विहार (ट) आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (20 फेरे)

| गाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | --- |
| 19:50 | --- | राजगीर | --- | 23:30 |

चलने के दिन : 04070 आनंद विहार (ट) से तथा 04069 राजगीर से दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं. एवं नालंदा स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।

**04064/04063 दिल्ली जं. – भागलपुर – दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (20 फेरे)

| गाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | दिल्ली जं. | 15:30 | --- |
| 10:30 | --- | भागलपुर | --- | 13:40 |

चलने के दिन : 04064 दिल्ली जं. से दिनांक 23.09.2025 से 25.11.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार) तथा 04063 भागलपुर से दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार)
ठहराव : अलीगढ़ जं., टुण्डला जं, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफी गंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसली गंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर एवं सुलतानगंज स्टेशन।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**04525/04526 सहारनपुर जं. – अम्बाला कैंट – सहारनपुर जं. अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (142 फेरे)

| गाड़ी सं. 04525 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:40 | सहारनपुर जं. | 22:30 | --- |
| 06:45 | --- | अम्बाला कैंट | --- | 20:20 |

चलने के दिन : 04525 सहारनपुर जं. से तथा 04526 अम्बाला कैंट से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन)
ठहराव : पिलखनी, सरसावा, कलानौर, यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराज़पुर, मुस्तफाबाद, बराड़ा, तंदवाल, केसरी एवं दुखेड़ी स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04219/04220 शाहगंज – अयोध्या धाम – शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (142 फेरे)

| गाड़ी सं. 04219 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:35 | शाहगंज | 04:40 | --- |
| 01:40 | --- | अयोध्या धाम | --- | 02:10 |

चलने के दिन : 04219 शाहगंज से तथा 04220 अयोध्या धाम से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन)
ठहराव : मालीपुर, अकबरपुर एवं गोशाईंगंज स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



ब्रह्मांड की सभी शक्तियां हमारे अंदर हैं। यह हम ही हैं, जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहा कि अंधेरा है।

–विवेकानंद, आध्यात्मिक गुरु

## चीन यात्रा के फलितार्थ


ट्रंप की 'टैरिफ टेरर' नीति के बीच प्रधानमंत्री का सात साल बाद शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन दौरा कई निहितार्थ समेटे है और इसके अनेक कूटनीतिक परिणाम सामने आएंगे। चीन पहुंचते ही और वार्ताओं में शामिल होते ही अमेरिका को स्पष्ट संकेत मिल गया है कि भारत विश्व राजनीति में किसी एक सर्वशक्तिमान देश के बजाय बहुध्रुवीय व्यवस्था का पक्षधर है। इस यात्रा के परिणाम ट्रंप प्रशासन पर दबाव बढ़ाएंगे और यह भी स्पष्ट कर देंगे कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की है, न कि अमेरिका जैसी किसी एक ताकत के आगे झुकने की। यह यात्रा महज दस देशों वाले संगठन के एजेंडे या केवल भारत-चीन संबंधों तक सीमित नहीं है। इसका फलक वैश्विक राजनीति और कूटनीतिक रणनीति के स्तर पर कहीं अधिक व्यापक है। टैरिफ विवाद के बीच यह भारत को पश्चिमी देशों के साथ सहयोग बढ़ाते हुए रूस से संबंधों का संतुलन बनाए रखने और वैश्विक मंच पर अपने कूटनीतिक प्रयास तेज करने का अवसर है। स्वाभाविक है कि भारतीय विदेश नीति का यह दृष्टिकोण अमेरिका के भू-राजनीतिक और आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधक सिद्ध होगा। ट्रंप के समक्ष यह भी उजागर हो जाएगा कि वॉशिंगटन की भारत को चीन-विरोधी रणनीति में शामिल करने की कोशिश रंग नहीं लाने वाली, क्योंकि ऐसी नीति भारत की स्वतंत्र विदेश नीति से मेल नहीं खाती, जिस पर वह अडिग है।

यह चीन और भारत के बीच बातचीत व सहयोग का दौर आगे बढ़ाने का समय है। दुनिया की एक-तिहाई से अधिक आबादी वाले इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक प्रभाव रखती हैं। इनके रिश्ते पूरी दुनिया के लिए अहम हैं। बेहतर होगा कि दोनों देश स्वीकार करें कि वे एक-दूसरे के विकास के अवसर हैं, खतरा नहीं। वे प्रतियोगी नहीं, बल्कि सहयोगी हैं। यह सकारात्मक संकेत है कि सीमावर्ती विवादों और मतभेदों के रहते हुए भी इस यात्रा में द्विपक्षीय संबंधों में नरमी के कई उल्लेखनीय संकेत मिले हैं। दोनों प्राचीन सभ्यताएं, उभरती अर्थव्यवस्थाएं और ग्लोबल साउथ के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनके हित व्यापक रूप से मेल खाते हैं और उनका रिश्ता अपने ऐतिहासिक तथा आंतरिक तर्क से आगे बढ़ता है।

चीन के अखबारों और कुछ पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने इसे अमेरिकी प्रभाव के संतुलन का प्रयास बताया, जबकि कुछ विश्लेषकों ऐसा मानना है कि इसके जरिए भारत, रूस और चीन ट्रंप के खिलाफ विश्व राजनीति की बिसात पर रणनीतिक चाल चल रहे हैं, क्योंकि इसके बाद पुतिन का भारत दौरा भी आसन्न है। समझा जा रहा है कि ब्रिक्स के तीन बड़े भागीदार- भारत, रूस और चीन मिलकर डॉलर के वर्चस्व को चुनौती दे सकते हैं। यही नहीं यह ट्रंप के 'टैरिफ टेरर' का माकूल जवाब भी होगा। साहसिक निर्णयों और अप्रत्याशित चालों के लिए प्रसिद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और व्यापार सहयोग जैसे मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखने का अवसर भी प्रदान करेगी और भारत–चीन संबंधों में स्थिरता, तनाव में कमी तथा विश्वास बहाली की दिशा में प्रभावी साधन सिद्ध होगी।

### प्रसंगवश

## 50 बरस की 'शोले'




शोले एक क्लासिक और कल्ट फिल्म, जो रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित और सलीम-जावेद द्वारा लिखी गई थी। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई। आरडी बर्मन के संगीत से सजी यह फिल्म इस साल 50 वर्ष पूरे कर चुकी है। फिल्म को बनाने के लिए शुरू में बजट एक करोड़ रुपये का रखा गया था, लेकिन फिल्म बनते-बनते तीन करोड़ रुपये खर्च हो गए। रिलीज होने के एक हफ्ते तक इस फिल्म को बहुत ही कम दर्शक मिले और लगने लगा कि यह फिल्म पिट गई है, लेकिन फिर धीरे-धीरे इसने रफ्तार पकड़ी और एक अनुमान के मुताबिक इसने उस दौर में 35 करोड़ की कमाई की। शोले भारतीय फिल्म इतिहास की पहली ऐसी फिल्म है, जिसके संवादों के कैसेट्स बेचकर HMV ने लाखों रुपये की कमाई की थी।




दीपक नौगांई
लेखक


शोले बंबई (अब मुंबई) के मिनर्वा थियेटर में पांच साल तक चली और हर शो हाउसफुल जाता था। थिएटर के नजदीक के बस स्टॉप का नाम ही शोले कर दिया गया था। फिल्म के टिकट खूब ब्लैक किए जाते थे। बाद में मिनर्वा से यह फिल्म इसलिए उतरी, क्योंकि रमेश सिप्पी की दूसरी फिल्म 'शान' रिलीज को तैयार थी। शोले, जय और वीरू से ज्यादा गब्बर सिंह के लिए जानी जाती है। जहां जय और वीरू, लेखक सलीम के कॉलेज के दोस्तों के नाम थे, वहीं ग्वालियर में गब्बर सिंह नाम का एक डाकू हुआ करता था। सूरमा भोपाली का नाम भी भोपाल के एक रियल करैक्टर से लिया गया था। शोले की शूटिंग बेंगलुरु से सात किलोमीटर दूर रामनगरम गांव में की गई थी और फिल्म में गांव का नाम रामगढ़ रखा गया था।

शोले भारतीय फिल्म इतिहास की सबसे सफल और यादगार फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को देखें तो 50 साल बाद भी ठाकुर का उद्देश्य प्रासंगिक लगता है। जय और वीरू की दोस्ती आज भी कायम है, तो बसंती आज भी चुलबुली दिखाई देती है। राधा के भाग्य के आंसू आज भी बह रहे हैं, वहीं गब्बर सिंह आज भी अज्ञात भय को जगाता है। फिल्म में एक और अहम चीज है। ठाकुर और बसंती दोनों एक ही गांव में रहते हैं, लेकिन दोनों के बीच कोई संवाद या सीन नहीं है। बताते हैं कि उन दिनों संजीव कुमार और हेमा मालिनी में बोलचाल नहीं थी। इस वजह से ऐसा कोई सीन शूट ही नहीं किया जा सका।

फिल्म के डायलॉग- कितने आदमी थे, मैंने आपका नमक खाया है, तुम्हारा नाम क्या है बसंती, यूं तो मुझे ज्यादा बोलने की आदत तो है नहीं, घोड़ा घास से दोस्ती कर ले तो खाएगा क्या, इतना सन्नाटा क्यों है भाई आदि आज भी गूंजते हैं। जहां खैनी मलते हुए गब्बर सिंह का अंदाज आज भी लोग नहीं भूले हैं, वहीं इस फिल्म के सहायक कलाकारों सूरमा भोपाली, अंग्रेजों के जमाने के जेलर, सांबा और कालिया को भी घर-घर में जाना-पहचाना नाम बना दिया। शोले डकैती, बदला, दोस्ती जैसे विषयों को सामने लाने वाली पहली फिल्म नहीं थी, लेकिन जिस अंदाज से पटकथा को पेश किया गया, वह एक मिसाल बन गया।

# डिजिटल तानाशाही और नागरिक अधिकार के प्रश्न






अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार


व्यापार, तकनीकी प्रशिक्षण, सस्ते सामानों की खरीदारी और पर्यटन के लिए बीते वर्षों की तुलना में अपने यहां से काफी अधिक लोग चीन जाने लगे हैं। वे स्थानीय लोगों से किसी जगह का रास्ता पूछते हैं, तो असामान्य विनम्रता से न सिर्फ रास्ता बताया जाता है, बल्कि गंतव्य निकट हुआ तो भाषा या संकेतों को न समझ पाने से होने वाली स्वाभाविक उलझन की स्थिति में रास्ता बताने वाला खुद आगे बढ़कर वहां तक पहुंचा भी आता है। ऐसा नहीं है कि पहले चीन के नागरिक भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार करते थे या रास्ता पूछने पर गुमराह करते थे। लोक व्यवहार के इस मामले में नई बात असामान्य विनम्रता और परिश्रम है, जिसका कारण नागरिकों की स्वेच्छा नहीं, बल्कि चीन की सरकार द्वारा लागू किया गया 'सोशल क्रेडिट स्कोर सिस्टम' है।

इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर लगे कैमरों से चीनी नागरिकों के सामाजिक व्यवहार का विश्लेषण किया जाता है। क्रेडिट स्कोर, निर्धारित से कम होने पर नागरिक को खास वेतनमान की नौकरी, खास इलाकों में रिहाइश और खास स्कूलों में दाखिला समेत तमाम सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है। यहां अच्छे व्यवहार का कारण स्वेच्छा नहीं भय है, जिसे सतत् डिजिटल निगरानी से पैदा किया गया है। इस भय का उपयोग-दुरुपयोग कई दिशाओं में हो सकता है।

अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, समेत सभी विकसित कहे जाने वाले देशों में सरकार विरोधी या अन्य मुद्दों पर आवाज उठाने वाले प्रदर्शनकारियों को कैमरों के नेटवर्क के जरिए ट्रैक किया जाता है। वहां के निजता के अधिकार के पक्ष में और एक हद से अधिक नागरिक के जीवन में दखलअंदाजी के विरोध में आवाजें उठने लगी हैं। भारत में अपराधियों का सुराग लगाने और उन्हें पकड़ने के पुराने तरीके लगभग चलन से बाहर हो चुके हैं, क्योंकि पुलिस के लिए डिजिटल सर्विलांस आसान और अचूक तरीका बन गया है। व्यापारिक कंपनियां और सरकारें दोनों इस सर्विलांस का दुरुपयोग नागरिकों की आजादी को सीमित करने, व्यवहार को नियंत्रित करने, किसी मसले पर उनकी राय को मनमाफिक बदलने और चुनावों को प्रभावित करने में कर रही हैं।

टेलिकॉम कंपनियां और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर लोगों के कॉल, मैसेज, ब्राउजिंग हिस्ट्री के मेटाडेटा को स्टोर करते हैं, जो व्यापारिक कंपनियों के पास पहुंच जाता है। कंपनियों के विशेषज्ञ लोगों के डिजिटल पेमेंट के डेटा से उनके खर्च की प्राथमिकताओं और आदतों का खाका बनाते हैं, सोशल मीडिया के डेटा से पारिवारिक पृष्ठभूमि, राजनीतिक विचार और सामाजिक व्यवहार का विश्लेषण करते हैं। इन सब तरह के डेटा से विश्लेषित सूचनाओं को आपस में मिला देने पर जो निष्कर्ष निकाले जाते हैं उनके आधार पर किसी के भी उपभोक्ता-व्यवहार की भविष्यवाणी की जा सकती है। अकसर लोग कहते मिल जाते हैं कि वे किसी खास चीज के बारे चर्चा कर रहे थे और थोड़ी देर बाद फोन पर उसके विज्ञापन दिखाई देने लगे, यह कारनामा डिजिटल सर्विलांस या जासूसी के जरिए संभव किया जाता है।

हमारे यहां फेशियल रिकग्निशन तकनीक तेजी से निगरानी के औजार के रूप में उभरी है, जिसे हाउसिंग सोसाइटी, स्कूल, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों पर इस्तेमाल होते देखा जा सकता है। इस तकनीक को सुरक्षा और सुविधा के नाम पर बेचा जाता है। इससे किसी की भी गतिविधियों का स्थायी रिकार्ड बनाकर किसी भी एजेंसी के साथ साझा किया जा सकता है। नेशनल ऑटोमेटेड फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (एनएएफआरएस) देश भर के सीसीटीवी फुटेज, आधार, पासपोर्ट और अपराधों के रिकार्ड को एकीकृत करने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। कुछ ही दिनों में कंप्यूटर पर किसी का चेहरा स्कैन होते ही उसका आधार, बैंक खाता, सोशल मीडिया प्रोफाइल सब एक साथ सामने आने लगेगा। ड्रोन सर्विलांस भी है, जो पहले से फेशियल रिकग्निशन तकनीक से लैस है। पहले ऐसे चमत्कार हॉलीवुड फिल्मों में दिखते थे जो अब सच्चाई में बदल चुके हैं।

भारत में डेटा सुरक्षा कानून सरकार को व्यापक अधिकार देता है, जिससे बिना न्यायिक समीक्षा के डेटा को बदला और मिटाया जा सकता है। उदाहरण के लिए बिहार में बिना किसी पूर्व सूचना और स्पष्ट कारण के लाखों लोग मतदाता सूची से हटा दिए गए, इनमें से बहुत बड़ी आबादी ऐसी है जो भौतिक रूप में मौजूद है, लेकिन डेटाबेस में मृत हैं या उसकी उपस्थिति संदिग्ध है। अगर सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप न करता तो दोबारा मतदाता सूची में शामिल होने का आवेदन करने का भी मौका न मिलता। यहां ध्यान दिया जाना चाहिए कि अब डिजिटल अस्तित्व वास्तविक अस्तित्व से अधिक महत्वपूर्ण हो चुका है, किसी का भी अस्तित्व एक झटके में बैंक, अस्पताल, पेंशन-बीमा कार्यालय से समाप्त किया जा सकता है।

दरअसल हम एक डिजिटल तानाशाही के दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जिसके बारे में जागरूकता जरूरी है। नागरिक को पता होना चाहिए कि उसके बारे में कौन सा डेटा और किस मकसद से इकट्ठा किया जा रहा है। अपने डेटा के बारे में जानकारी रखना उसका संवैधानिक अधिकार होना चाहिए। डेटा को मिटाने, जोड़ने और अपडेट करने का एक सार्वजनिक न्यायिक औचित्य होना चाहिए, इसे सुनिश्चित किए बिना इसका दुरुपयोग रोकना कठिन होगा।

> व्यापारिक कंपनियां और सरकारें डिजिटल सर्विलांस का दुरुपयोग नागरिकों की आजादी को सीमित करने और चुनावों को प्रभावित करने में कर रही हैं।

### आमने सामने



अखिलेश यादव कभी अकेले मुख्यमंत्री नहीं रहे। जब वे मुख्यमंत्री थे, तब मुलायम सिंह यादव, रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव 'सुपर मुख्यमंत्री' थे। अब तो कुनबा और भी बड़ा हो गया है।

–सम्राट चौधरी
उपमुख्यमंत्री, बिहार

एक सलाह : उप रहें, चुप रहें! पहले अपने राज्य में विकास की ठप पड़ी सड़कें बनवाएं। तब देश के सबसे अच्छे और सबसे तेजी से विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे बनवाने वालों के बारे में बोलें और उनसे मेट्रो बनवाने की सलाह लें।

–अखिलेश यादव
अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी



# तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने का संकोच




अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार


राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा इन दिनों बिहार की सड़कों पर धूम मचा रही है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तरह ही राहुल गांधी यहां भी पूरे जोश के साथ डटे हुए हैं। यात्रा में मजा आना जरूरी है, जैसा कि राहुल खुद कहते हैं और लगता है कि उन्हें तेजस्वी यादव के साथ यह सफर खूब रास आ रहा है, लेकिन इस मजेदार सफर के बीच एक सवाल बार-बार उछल रहा है- क्या राहुल गांधी तेजस्वी यादव को बिहार के मुख्यमंत्री पद का चेहरा मानने से कतरा रहे हैं? तेजस्वी तो राहुल को प्रधानमंत्री बनाने की बात खुलकर कर रहे हैं, लेकिन राहुल की तरफ से वैसी ही निष्ठा क्यों नहीं दिख रही? यह सवाल बिहार की राजनीति में तूफान खड़ा कर रहा है, खासकर जब 2025 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं।

यात्रा की शुरुआत सासाराम से हुई, जहां राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने मिलकर चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोटर लिस्ट से नाम काट रहा है और इसे 'एसआईआर' (सिस्टेमेटिक इलेक्टोरल रोल) का नाम देकर संस्थागत चोरी कर रहा है। यात्रा में बुलेट बाइक पर सवार होकर दोनों नेता जनता के बीच पहुंचे, जो एक आकर्षक दृश्य था। तेजस्वी यादव राहुल को 'बड़े भाई' कहकर संबोधित कर रहे हैं और उनकी हर बात में सम्मान झलकता है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब चिराग पासवान पर सवाल उठा, तो तेजस्वी ने उन्हें 'बड़े भाई' बताते हुए शादी करने की सलाह दी। राहुल हंस पड़े और बोले, 'यह मेरे लिए भी लागू होता है।' तेजस्वी ने तुरंत जवाब दिया कि पापा (लालू यादव) ने आपको यह सलाह पहले ही दे दी है। याद कीजिए, लोकसभा चुनाव से पहले पटना की इंडिया ब्लॉक मीटिंग में लालू यादव ने राहुल से कहा था, 'आप दूल्हा बनिए, हम बाराती बनने को तैयार हैं।' अब तेजस्वी भी यही बात दोहरा रहे हैं कि राहुल देश के प्रधानमंत्री बनें, लेकिन राहुल तेजस्वी को बिहार का सीएम फेस घोषित करने से क्यों बच रहे हैं?

यह सवाल मीडिया ने राहुल से कई बार पूछा। अररिया में एक संवाददाता सम्मेलन में जब पूछा गया कि तेजस्वी आपको पीएम बनाने की बात कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस तेजस्वी को सीएम फेस क्यों नहीं मान रही? राहुल ने जवाब दिया, "हमारी पार्टनरशिप बहुत अच्छी है, कोई टेंशन नहीं, म्यूचुअल रिस्पेक्ट है, हम एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं, मजा आ रहा है। राजनीतिक और वैचारिक रूप से हम जुड़े हुए हैं, अच्छा रिजल्ट आएगा।" उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया। बिहार कांग्रेस के नेता जैसे कृष्णा अल्लावरु या राजेश कुमार भी यही सवाल टालते रहे हैं। वे कहते हैं कि यह फैसला आरजेडी का है, या फिर तेजस्वी चुनाव अभियान समिति के प्रमुख हैं, लेकिन सच्चाई यह लगती है कि कांग्रेस की हरी झंडी का इंतजार है।

लालू यादव ने नीतीश कुमार को भी पीएम बनाने पर हामी भरी थी, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था, क्योंकि वे नीतीश को सीएम भी नहीं रहने देना चाहते थे, लेकिन तेजस्वी के मामले में राहुल का डर क्या है? तेजस्वी तो ममता बनर्जी या अरविंद केजरीवाल की तरह चुनौती नहीं दे रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव में आरजेडी ने चार सीटें जीतीं, कांग्रेस ने तीन। 2020 के विधानसभा चुनाव में आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी 71 सीटों के साथ, लेकिन कांग्रेस जूनियर पार्टनर की भूमिका से बाहर निकलना चाहती है। राहुल की बिहार यात्राएं दलितों और युवाओं पर फोकस कर रही हैं, जो आरजेडी के वोट बैंक को प्रभावित कर सकती हैं। कांग्रेस को लगता है कि आरजेडी की जाति-आधारित राजनीति से अलग, वे रोजगार, शिक्षा और सेकुलरिज्म पर लड़ेगी, लेकिन इससे आरजेडी चिंतित है। वाम दल भी चुप हैं, लेकिन वे तेजस्वी को सीएम मानने में कोई दिक्कत नहीं देखते। क्या राहुल बिहार में कांग्रेस को मजबूत करना चाहते हैं, या तेजस्वी को सीएम बनने से रोक रहे हैं? लालू का सोनिया गांधी को समर्थन वैसा ही था, जैसा अब तेजस्वी का है, लेकिन राहुल का रुख अलग है। अगर महागठबंधन जीतता है, तो सीएम कौन बनेगा?

तेजस्वी की मेहनत और राहुल की लोकप्रियता मिलकर नीतीश को चुनौती दे सकती है, लेकिन भरोसे की कमी से हार भी हो सकती है। यात्रा में मजा आ रहा है, लेकिन सवाल बाकी हैं- क्या राहुल तेजस्वी को 'दूल्हा' बनने देंगे, या 'फूफा' बनकर रूठे रहेंगे? बिहार की जनता देख रही है और चुनाव बताएंगे कि यह पार्टनरशिप कितनी मजबूत है।

यह यात्रा सिर्फ वोटर अधिकारों की नहीं, बल्कि नेतृत्व की जंग भी है। लालू यादव की पुरानी बातें याद आती हैं, जब उन्होंने नीतीश को 'जहर पीकर' सीएम बनाया था, लेकिन अब मकसद तेजस्वी को सीएम बनाना है और राहुल रास्ते में रोड़ा नहीं बन सकते, क्योंकि वे खुद बिहार के सीएम नहीं बनने वाले। सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी है। लोग कहते हैं कि राहुल की यात्रा महागठबंधन को मजबूत कर रही है, लेकिन कुछ इसे राहुल का हाईजैक मानते हैं। तेजस्वी की तरफ से पूरा समर्थन है, लेकिन राहुल वैसा क्यों नहीं कर रहे? क्या यह रणनीति है, या भरोसे की कमी? चुनाव नजदीक हैं और यह सवाल, जवाब मांग रहे हैं। महागठबंधन की एकता पर निर्भर करेगा बिहार का भविष्य। राहुल और तेजस्वी का यह सफर मजेदार है, लेकिन राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण भी। जनता की नजरें टिकी हैं कि क्या यह जोड़ी नीतीश-मोदी को हरा पाएगी, या आंतरिक मतभेद सब बिगाड़ देंगे।

> क्या राहुल तेजस्वी को सीएम बनने से रोक रहे हैं? लालू का सोनिया गांधी को समर्थन वैसा ही था, जैसा अब तेजस्वी का है, लेकिन राहुल का रुख अलग है।

### सोशल फोरम

## चैट बॉट से क्रिएट हो रहा है इमोशनल वैक्यूम

कैलिफोर्निया में रहने वाला जीवन से भरपूर सोलह साल का एडम सुसाइड कर लेता है। उसे इरिटेबल बोवेल सिंड्रोम की दिक्कत थी। इस सिंड्रोम में पेट में दर्द, ऐंठन, सूजन, दस्त और कब्ज की समस्या लगातार बनी रहती है। इससे तंग आकर एडम ने ऑनलाइन स्कूल जॉइन कर लिया। इसके साथ ही पढ़ाई में मदद के लिए उसने चैटजीपीटी का इस्तेमाल शुरू किया। बाद में एडम चैटजीपीटी के साथ व्यक्तिगत बातें करने लगा। वह उससे अपना एकाकीपन बांटने लगा। चैटजीपीटी उससे सहानुभूति जताता है।




प्रियंका ओम
लेखिका


एडम ने एक कदम आगे बढ़कर चैटजीपीटी से सुसाइड के नुस्खे पूछे। बॉट ने उसे इस बारे में बताया, हालांकि चैटजीपीटी को उसके मानसिक असंतुलन की भनक लगी, तो उसने एडम को हेल्प लाइन प्रोवाइड की, लेकिन एडम ने कहा कि वह मात्र रिसर्च कर रहा था और फिर एक दिन बिना किसी चिट्ठी के, बिना किसी चेतावनी के वह आत्महत्या कर लेता है।

यह पहली घटना नहीं है। पिछले वर्ष फ्लोरिडा के एक युवा ने AI की मदद से आत्महत्या कर ली। इसके पहले बेल्जियम में ठीक ऐसी ही घटना नोट की गई थी। दुर्भाग्य से ऐसे मामले तेजी से आम होते जा रहे हैं। AI ने ऐसे हजारों चैटबॉक्स मुहैया कराए हैं, जो आपके लिए टाइप कर सकते हैं। आपसे बातें कर सकते हैं। आपको सुन सकते हैं। आज चैटजीपीटी के पास हफ्ते के सात सौ मिलियन यूजर्स हैं। आप इनसे कुछ भी पूछिए, मिनटों में जवाब हाजिर। गूगल बेशक आपको एक्यूरेट जवाब न दे सके, लेकिन बॉट देता है।

बात यहां तक सिमट कर रह जाती, तो फिर भी ठीक था। अकेलेपन की हद तो देखिए, यूजर्स बॉट पर इमोशनली लीन होते जा रहे हैं। फ्रेंडली कंपेनियन ढूंढने लगे हैं। युवा वहां पर रोमांटिक पार्टनर्स तलाशते हैं। यहां तक कि थेरेपिस्ट खोजते हैं। जनसंख्या विस्फोट के बावजूद लोगों के पास कोई बात करने वाला नहीं है। कोई सुनने वाला नहीं है। ऐसे में बॉट से बातें कर यूजर्स अच्छा महसूस करते हैं। यह जुड़ाव इतना स्वाभाविक है, जिसे समझना कतई मुश्किल नहीं, जबकि रिसर्च का कहना है कि आप जितना अधिक बॉट से जुड़ते हैं, उतने ही अधिक दुनिया से कटते जाते हैं। इमोशनली वैक्यूम होते जाते हैं और अंततः हिंसा का जन्म होता है। यह किसी भी रूप में हो सकता है, आत्महत्या भी।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## 'कमाने की मशीन' बने रहने की मजबूरी

भारतीय समाज में सदियों से पुरुष की पहचान उसकी कमाई और आर्थिक जिम्मेदारी से जोड़ी जाती रही है। बचपन से ही लड़कों को यह सिखाया जाता है कि वे परिवार की रीढ़ हैं और उनका असली कर्तव्य पैसा कमाना है। 'रोना मत, मजबूत बनो' और 'घर चलाना तुम्हारा काम होगा' जैसी बातें मर्दानगी की परिभाषा गढ़ती हैं। यही कारण है कि हमारे समाज में पौरुष का मानदंड संवेदनशीलता या देखभाल नहीं, बल्कि आय और नौकरी से तय होता है। समाजशास्त्री पियरे बोरदियू ने अपनी किताब Masculine Domination में लिखा था कि मर्दानगी को लगातार एक 'डॉमिनेशन प्रोजेक्ट' के रूप में दोहराया जाता है, जहां पुरुष की शक्ति और इज्जत उसकी आर्थिक भूमिका से मापी जाती है।

भारत में औद्योगिक क्रांति के बाद यह दबाव और गहरा हुआ, जब नौकरी और वेतन को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ा गया। परिवार की परंपरागत संरचना में भी यही नियम रहा। महिलाएं देखभाल करेंगी और पुरुष कमाई करेंगे, लेकिन इस बंटवारे ने पुरुषों पर एक ऐसा बोझ डाल दिया जो उन्हें लगातार 'कमाने की मशीन' बने रहने को मजबूर करता है। आईएलओ (International Labour Organization) के एक अध्ययन के मुताबिक, एशियाई देशों में 75% पुरुष मानते हैं कि परिवार की प्राथमिक आर्थिक जिम्मेदारी सिर्फ उन्हीं पर है। यानी यह बोझ केवल सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि आज भी जीवित सच्चाई है। यही दबाव धीरे-धीरे पुरुषों के मानसिक और भावनात्मक जीवन को खोखला करने लगता है।




वीरेंद्र कुमार
लेखक


लगातार 'कमाने की मशीन' बने रहने का दबाव पुरुषों के मानसिक और सामाजिक जीवन पर गहरी चोट करता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (2022) के आंकड़े बताते हैं कि आत्महत्या करने वाले पुरुषों की संख्या महिलाओं से लगभग तीन गुना अधिक है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसके पीछे बड़ा कारण आर्थिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएं हैं। एक तरफ पुरुष से यह उम्मीद की जाती है कि वह घर का खर्च बिना डगमगाए उठाए, वहीं उससे भावनाएं व्यक्त करने या मदद मांगने का हक लगभग छीन लिया जाता है।

अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की 2019 की रिपोर्ट कहती है कि पुरुष अवसाद और तनाव के लक्षण दिखाने के बावजूद पेशेवर मदद लेने में 50% कम सक्रिय होते हैं, क्योंकि उन्हें डर होता है कि समाज उन्हें 'कमज़ोर' समझेगा। यही दबाव उनके भीतर एक खामोशी और अकेलापन पैदा करता है। प्रसिद्ध समाजशास्त्री माइकल किमेल ने अपनी किताब The Gendered Society में लिखा है कि आधुनिक समय का सबसे बड़ा संकट यह है कि पुरुष अपनी असली पहचान से ज़्यादा उस पहचान में जीने को मजबूर हैं, जो समाज ने उनके लिए गढ़ दी है- यानी कमाने वाले की।

हमें स्वीकार करना होगा कि पुरुष केवल 'कमाने की मशीन' नहीं, बल्कि संवेदनशील इंसान है, जिन्हें भावनात्मक सहारे और जीवन की संतुलित भूमिका की जरूरत होती है। परिवारों में साझा जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित करनी होगी, जहां महिलाएं भी आर्थिक जिम्मेदारियां निभाएं और पुरुष भी देखभाल और घरेलू कार्यों में बराबर हिस्सेदारी करें। नीतिगत स्तर पर भी बदलाव जरूरी हैं। पितृत्व अवकाश, लचीली कार्य प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसी सुविधाएं पुरुषों पर वित्तीय दबाव को कम कर सकती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

### डेढ़ से तीन सेकेंड के भीतर पकड़ लेतीं 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार

# रफ्तार की तूफान ये बाइक बुलेट ट्रेन को भी देतीं मात



## कावासाकी निंजा H2R 400 किमी प्रति घंटा की स्पीड

दुनिया की सबसे तेज रफ्तार और ताकतवर बाइकों में कावासाकी निंजा H2R को शुमार किया जाता है। इसकी अधिकतम गति 400 किमी प्रति घंटा है, जो इसे रेसिंग के लिए मजबूत और दमदार बाइक बनाती है। कावासाकी निंजा H2R सिर्फ ट्रैक पर चलने वाली बाइक है। इंजन से 310 bhp की पॉवर और 998 सीसी सुपरचार्ज्ड इंजन के साथ, यह बाइक आटो इंजीनियरिंग का बेहतरीन नमूना है। एयरोडायनामिक कार्बन फाइबर फेयरिंग से लैस, कावासाकी निंजा H2R बाइक की कीमत भारत में 90 लाख रुपये के आसपास है। कावासाकी निंजा H2R का सड़क पर चलने वाले भाई जैसा वर्जन है, कावासाकी निंजा एच2। इसे पूरी तरह सड़क पर इस्तेमाल के लिए ट्यून किया गया है। इसकी भी अधिकतम गति 400 किमी प्रति घंटा है।

दुनिया भर में स्पीड के दीवाने बाइक प्रेमी हमेशा सबसे तेज सुपर बाइक की तलाश में रहते हैं। उनके लिए हवा से बातें करने वाली बाइक चलाने का मजा और रोमांच कुछ और ही होता है। अधिकतर युवाओं की इस चाहत को भांपते हुए ही बाइक निर्माता बेहतर एयरोडायनामिक्स, हल्के वजन की संरचना और उच्च-प्रदर्शन वाले इंजनों के जरिए सबसे शक्तिशाली बाइक विकसित करने के लिए लगातार नवाचार के साथ नई तकनीक पर शोध और अनुसंधान करते रहते हैं।



## डॉज टॉमहॉक की अधिकतम रफ्तार 650 किमी प्रति घंटा

- डॉज टॉमहॉक को भी दुनिया की सबसे तेज रफ्तार बाइक में गिना जाता है। अमेरिका की वाहन निर्माता कंपनी डॉजे ने इस बाइक में 8277 सीसी क्षमता का इंजन लगाया है। इस बाइक की अधिकतम गति 650 किमी प्रति घंटा तक रिकार्ड की गई है। डॉज टॉमहॉक को सड़क पर चलाने की अनुमति नहीं है। इस की बड़ी वजह यह है कि यह 1.7 सेकेंड के भीतर 100 किमी की गति पकड़ लेती है। हालांकि इस असाधारण बाइक में चार पहिये हैं, जो इसे एक पारंपरिक सवारी से कहीं ज्यादा इंजीनियरिंग का नमूना बनाते हैं। डॉज टॉमहॉक वी10 सुपरबाइक की कीमत करोड़ों में बताई जाती है।

### ढाई सेकेंड में 100 किमी की गति, एमटीटी वाई2 के

- अमेरिकी कंपनी एमटीटी टरबाइन टेक्नॉलाजी द्वारा निर्मित एमटीटी वाई2के सुपरबाइक की रफ्तार 365 किमी प्रति घंटा तक नापी गई है। इस बाइक में रोल्स-रॉयस एलिसन मॉडल 250 गैस टर्बाइन इंजन लगा है। ये बाइक सिर्फ 2.5 सेकेंड में 100 किमी की रफ्तार पकड़ लेती है। इसे सबसे महंगी प्रोडक्शन बाइक का खिताब भी मिला हुआ है। यह बाइक एक जेट इंजन जैसा अनुभव प्रदान करती है।

### पलक झपकते हवा से बातें करती डुकाटी पैनिगेल V4 R

- डुकाटी पैनिगेल V4 R रेसिंग बाइक है, जिसमें 1,103 सीसी डेस्मोसेडिसी स्ट्राडेल R इंजन लगा है। 212.5 बीएचपी और 123.6 एनएम टॉर्क देने वाली यह बाइक रेस ट्रैक के लिए ही बनाई गई है, लेकिन एड्रेनालाईन के दीवानों के लिए इसका एक स्ट्रीट लीगल वर्जन भी उपलब्ध है। इसकी अधिकतम गति 299 किमी प्रति घंटा है।

### Honda CBR 1100 XX टॉप स्पीड 305 किमी प्रतिघंटा

- जापानी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी होंडा की सुपरबाइक Honda CBR 1100 XX Blackbird में 1137 सीसी की क्षमता का लिक्विड कूल्ड इनलाइन 4 सिलेंडर युक्त इंजन प्रयोग किया गया है। यह बाइक को 153 HP की पॉवर देता है। ये बाइक महज 2.8 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है। इस बाइक की टॉप स्पीड 305 किलोमीटर प्रतिघंटा है।

### भारत में उपलब्ध सबसे तेज बाइक्स और कीमत

- Kawasaki Ninja H2
कीमत : 79 से 82 लाख (एक्स-शोरूम)
- Ducati Panigale V4 R
कीमत : 70 से 75 लाख रुपये
- BMW M 1000 RR
कीमत : 48 से 55 लाख रुपये
- Suzuki Hayabusa (Gen 3)
कीमत : 17 से 18 लाख रुपये
- Kawasaki Ninja ZX-10R
कीमत : 16 से 17 लाख रुपये

## टीवीएस का किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर ऑर्बिटर



- टीवीएस मोटर ने अपना नया किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर ऑर्बिटर लॉन्च किया है। यह छह रंगों में उपलब्ध होगा। आईक्यूब और टीवीएस X के बाद भारत में कंपनी का यह तीसरा ई-स्कूटर है। कंपनी का दावा है कि उसका नया स्कूटर एक बार फुल चार्ज करने पर 158 किमी तक चलेगा। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 99,900 रुपये रखी गई है। ऑर्बिटर की ऑनलाइन बुकिंग कराई जा सकती है। टीवीएस ऑर्बिटर पर 3 साल और 50 हजार किमी की वारंटी मिलेगी।

## नई G1 Cargo ई-साइकिल



- इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की डिमांड काफी बढ़ रही है। इसे देखते हुए कंपनियां अब तेजी से इलेक्ट्रिक साइकिल भी उतार रही हैं। पुणे की कंपनी EMotorad ने अपनी नई G1 Cargo ई-साइकिल लॉन्च की है। ये साइकिल 100 किलोमीटर का रेंज देती है। इसकी कीमत रुपये 49,999 रखी गई है। इस साइकिल को कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, डीलर नेटवर्क और चुनिंदा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से खरीदा जा सकता है।

## एडवांस्ड फीचर्स लेकर आई 9 सीटर टाटा विंगर प्लस



- देश की प्रमुख कॉमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी नई 9-सीटर टाटा विंगर प्लस लॉन्च कर दी है। कंपनी का दावा है कि यह वैन अपने सेगमेंट में बेस्ट इन क्लास है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 20.60 लाख रुपये रखी गई है। यह नई वैन पारिवारिक पर्यटन, आफिस स्टाफ तथा फ्लीट ऑपरेशन के लिए काफी उपयोगी है। इसका केबिन चौड़ा है और सामान रखने के लिए भी पर्याप्त जगह दी गई है। कंपनी का कहना है कि प्रीमियम सीटिंग, एडवांस्ड फीचर्स इस वैन को सुविधाजनक और बहुउपयोगी बनाते हैं।


# कार रहेगी हमेशा फिट फॉलो करें ये आसान टिप्स

*किसी भी वाहन के इंजन को उसका दिल कहा जाता है। इंजन ही वाहन की रफ्तार को पॉवर देता है। ऐसे में वाहन सही तरीके से चले, इसलिए इंजन की नियमित रूप से फिटनेस जांच करानी चाहिए।*



- हर 1500 किमी पर ऑयल का लेवल और रंग चेक करते रहना चाहिए। काला या गाढ़ा ऑयल बदलवाना ही सही फैसला है।
- बेहतर परफॉर्मेंस और इंजन में सही एयर फ्लो सुनिश्चित करने के लिए हर 5000 किमी में एयर फिल्टर चेक कराएं। गंदा फिल्टर इंजन पर दबाव डालता है और माइलेज घटाता है।
- रेडिएटर में कूलेंट और ब्रेक सिस्टम में ब्रेक ऑयल जरूरी होता है। इन्हें हर सर्विस या लंबी यात्रा से पहले जरूर चेक कर लें।
- बरसात में सबसे ज्यादा काम वाइपर्स करते हैं। इसिलए मॉनसून खत्म होते ही देखें कि वाइपर्स सही से काम कर रहे हैं या नहीं। अगर रबर ब्लेड घिस गए हों या फट गए हैं, तो तुरंत बदलें।
- जलभराव या बारिश का पानी ब्रेक पैड्स पर बुरा असर डाल सकते हैं। इसलिए मॉनसून के बाद कार की सर्विस कराते समय ब्रेक पैड्स और ब्रेक सिस्टम की अच्छी तरह से जांच करने को कहें।
- स्पंजी या हल्की ब्रेक पैडल जैसे चेतावनी संकेतों पर ध्यान देना जरूरी है। कम ब्रेकिंग पावर और ब्रेक फेल से बचने के लिए ब्रेक सिस्टम रखरखाव महत्वपूर्ण है।
- सस्पेंशन वाहन का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो इसे स्थिर रखता है, ताकि यह असमान सड़कों को संभाल सके। सस्पेंशन के निरीक्षण में शोर, राइड कंफर्ट और टायर की घिसावट को देखना चाहिए।
- सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने के लिए उचित अलइनमेंट भी महत्वपूर्ण है।
- कार सेकंड हैंड खरीदी है, तो इससे पहले कि बैटरी अपनी पावर स्टोर करने की क्षमता खो दे, समय रहते उसे बदलना जरूरी है।
- कार में टायर भी एक अहम हिस्सा है। अगर टायर ज्यादा घिस गया है और उसका प्रेशर सही नहीं है तो कार को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# सड़क सुरक्षा की अनदेखी से जीवन को बढ़ता खतरा






लेखक
*विमल पांडे*
संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) पौड़ी (उत्तराखंड)

सड़क दुर्घटना में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हेड इंजरी (सिर में घातक चोट) होता है। दोपहिया वाहन पर हेलमेट पहनना इसीलिए जरूरी है। आप बाइक चला रहे हैं या पीछे बैठे हैं तो हेलमेट जरूर लगाएं। हेलमेट इस तरह बांधें कि फीते की क्लिप और गले के बीच तीन अंगुलियां जाने लायक फासला ही रहे। इसी तरह कार में सीट बेल्ट पहनना भी अनिवार्य है, चाहे आप ड्राइवर हों या पैसेंजर।

- ट्रैफिक सिग्नल्स और रोड साइन के साथ स्पीड लिमिट का ध्यान रखें और निर्धारित गति में ही गाड़ी चलाएं।
- हमेशा अपने आगे और पीछे की गाड़ियों का ध्यान रखें। सामने वाले वाहन से 12 से 15 फीट की दूरी बनाये रखें। सड़क पर अचानक ब्रेक लगाने से बचें।
- सड़क के मोड़ पर इंडिकेटर का प्रयोग अवश्य करें।
- ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें। जरूरी होने पर हैंड्स-फ्री डिवाइस का इस्तेमाल करें।
- ड्राइविंग के दौरान खाना खाने या अन्य गतिविधियों से बचें।
- बारिश, धुंध या बर्फबारी के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतें।
- लंबी ड्राइव के दौरान नियमित ब्रेक लें और आराम करें।
- अगर आपको नींद आ रही है तो गाड़ी रोककर थोड़ी देर आराम करें या किसी अन्य व्यक्ति को ड्राइविंग करने दें। नशीली दवाओं और शराब से बचें।
- आपातकालीन स्थिति के लिए टूल किट और प्राथमिक चिकित्सा किट हमेशा वाहन में रखें।
- आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए महत्वपूर्ण नंबर जैसे कि इमरजेंसी सर्विस

## नई लॉन्चिंग



### सिट्रॉएन बेसाल्ट X की लॉन्चिंग

- सिट्रॉएन द्वारा देश में हैचबैक से लेकर एसयूवी सेगमेंट में कारों की बिक्री की जाती है। कंपनी ने कूप एसयूवी के तौर पर बेसाल्ट के नए वर्जन एक्स को पांच सितंबर को लॉन्च करने की तैयारी की है। इस कार की कीमत 14 लाख के आसपास रहने की उम्मीद है।



### विनफास्ट की दो इलेक्ट्रिक एसयूवी

- इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता विनफास्ट की ओर से भी सितंबर के पहले हफ्ते में दो नई एसयूवी को इलेक्ट्रिक सेगमेंट में लॉन्च किया जाएगा। विनफास्ट VF6 और VF7 इन दोनों ही एसयूवी में कई बेहतरीन फीचर्स को ऑफर किया जाएगा। विनफास्ट VF6 की कीमत करीब 25 लाख और विनफास्ट VF 7 की कीमत 50 लाख के आसपास होगी।

### तीन डोर वाली महिंद्रा थॉर फेस लिफ्ट

- महिंद्रा की ओर से ऑफर की जाने वाली तीन दरवाजों वाली थॉर के फेसलिफ्ट को भी सितंबर महीने में लॉन्च किया जाएगा। हालांकि अभी इस एसयूवी की लॉचिंग की तारीख तय नहीं हुई है। इसके फेसलिफ्ट में थार रॉक्स की तरह डिजाइन और फीचर्स को अपडेट किया जाएगा। इसकी आरंभिक कीमत 10 लाख रुपये से अधिक रहेगी।





### वॉल्वो EX30 भी इसी माह उतरेगी बाजार में

- वॉल्वो की ओर से भी कई सेगमेंट में वाहनों की बिक्री की जाती है। कंपनी सितंबर महीने में सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी के तौर पर Volvo EX30 को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। देश में इसकी कीमत 40 लाख से शुरू होगी।

### मारुति Escudo इसी हफ्ते आएगी

देश की प्रमुख वाहन निर्माता मारुति सुजुकी मारुति Escudo इसी हफ्ते लॉन्च करेगी। इस नई एसयूवी को लॉचिंग तैयारी पूरी कर ली गई है। यह एसयूवी मिड साइज एसयूवी सेगमेंट में ऑफर की जाएगी। इसे मारुति अपने एरीना डीलरशिप नेटवर्क से ग्राहकों को करीब 12 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में उपलब्ध कराएगी।



## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइली हमले में मारा गया हमास का प्रवक्ता

**दीर अल-बलाह।** इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने रविवार को घोषणा की कि हमास के सशस्त्र विंग के प्रवक्ता अबू ओबैदा को इस सप्ताहांत गाजा में मार गिराया गया। ओबैदा का आखिरी बयान शुक्रवार को आया, जब इजराइल ने गाजा शहर में एक नए हमले की शुरुआत करते हुए इस क्षेत्र को युद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया था। हमास ने इजराइल के इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### अफगानिस्तान में गोला बारूद, हथियार जब्त

**काबुल।** अफगानिस्तान में सुरक्षाकर्मियों ने उत्तरी कुंदुज प्रांत में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के तहत पिछले तीन महीनों में दर्जनों आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के अनुसार, प्रांतीय राजधानी कुंदुज और आसपास के नौ जिलों में चलाए गए अभियान में 16 पिस्तौल, विभिन्न मॉडलों की सात बन्दूकें, पांच पीके मशीन गन, एक कलाश्निकोव राइफल, 15 हथगोले, 12 रॉकेट राउंड और कारतूसों तथा गोलियों सहित बड़ी मात्रा में सैन्य उपकरण जब्त किया गया।

### अमेरिका: कई वाहन टकराए, 17 घायल

**लिंडेल।** अमेरिका में पूर्वी टेक्सास के एक अंतरराज्यीय राजमार्ग पर शनिवार को कई वाहनों के आपस में टकरा जाने से 17 लोग घायल हो गए। इस हादसे के कारण एक प्रमुख अंतरराज्यीय राजमार्ग घंटों तक बाधित रहा। टेक्सास के लिंडेल में अग्निशमन प्रमुख जेरेमी लारू ने बताया कि 'इंटरस्टेट 20' पर दो ट्रैक्टर-ट्रेलर और छह यात्री वाहनों के बीच टक्कर होने से 17 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और संभवत: कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं है।

### फलस्तीनी अफसरों पर वीजा प्रतिबंध हटाएं

**ओस्लो।** यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश मंत्रियों ने सर्वसम्मति से अमेरिका से फलस्तीनी अधिकारियों को प्रवेश वीज़ा देने से इन्कार के हालिया फ़ैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 29 अगस्त को एक बयान में कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा से पहले पीएलओ और पीए के सदस्यों के वीजा देने से इनकार कर रहा है और उन्हें रद्द कर रहा है।

# पाकिस्तान: गर्ल्स स्कूल में किया आईईडी विस्फोट

**पेशावर, एजेंसी**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मरवत जिले में रविवार तड़के आतंकवादियों ने एक सरकारी बालिका प्राथमिक विद्यालय को विस्फोटक पदार्थ (आईईडी) से निशाना बनाया। विस्फोट से इमारत के कुछ हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी की, आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि इसी जिले के पहाड़खेल पक्का गांव में एक अलग घटना में हथियारबंद लोगों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। उसे अर्ध-बेहोशी की

- बालिका शिक्षा के विरोधी आतंकी समूह टीटीपी पर पुलिस को शक

हालत में फेंकने से पहले प्रताड़ित किया गया। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया। लक्की मरवत में सक्रिय प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के उप-समूह लड़कियों की शिक्षा का विरोध करने के लिए जाने जाते हैं और अक्सर स्कूलों पर हमला करते हैं। गैर सरकारी संगठनों के अनुसार, 2015 से 2025 के बीच ऐसे हमलों में प्रांत के 450 से अधिक स्कूल नष्ट किए जा चुके हैं, जिससे छात्रों को क्षतिग्रस्त इमारतों में पढ़ने या पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## युद्ध और युद्धविराम दोनों से फायदा उठाते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

# ट्रंप और शांति का नोबेल



डोनाल्ड ट्रंप एक ऐसे देश के राष्ट्रपति हैं जो दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा सौदागर है। वैश्विक स्तर पर जब भी दो देशों के बीच तनाव उभरता है, अमेरिका अपनी भूमिका तलाश कर लेता है। एक तरफ शांति दूत बनकर मध्यस्थता की भूमिका निभाने के लिए आगे आता है और दूसरी तरफ इन्हीं देशों में अपने हथियारों का बाजार तलाश करता है। रूस और यूक्रेन का युद्ध इसका ताजा उदाहरण है। गाजा में युद्ध को लेकर इजराइल का समर्थन भी एक उदाहरण हैं जहां अब तक 65 हजार से ज्यादा बेकसूर लोगों की हत्या की जा चुकी हैं जिनमें बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पत्रकार तक शामिल हैं। दिलचस्प है कि ट्रंप इसके बाद भी शांति के नोबेल पुरस्कार के ख्वाहिशमंद हैं।

### हथियारों के सौदागर

- अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका ने हथियारों और रक्षा समझौतों से 318.7 बिलियन डॉलर यानी करीब 27.57 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया।
- इसमें से 200.8 बिलियन डॉलर यानी लगभग 17.37 लाख करोड़ रुपये की कमाई हथियार बेचकर अमेरिकी कंपनियों ने की जो पिछले कई सालों की तुलना में सर्वाधिक थी।
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक पांच सालों में वैश्विक हथियार व्यापार में अमेरिका का दबदबा बढ़ा है जिसने रूस को पीछे छोड़ दिया है।

### अमेरिका की रणनीति

अमेरिका अपनी इंटरवेंशन पॉलिसी के तहत वैश्विक संघर्षों में दखल देता है और फिर शांति की अपील करता है। भारत-पाकिस्तान हो, चीन-ताइवान हो या अजरबैजान-आर्मेनिया, अमेरिका हर तनाव में अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है।

### युद्धों में पर्दे के पीछे से भूमिका

**पहला कार्यकाल**

- ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान में 2017 में अमेरिकी सैनिकों की संख्या पहले बढ़ाई लेकिन बाद में 2020 में तालिबान से शांति समझौता किया।
- 2017 और 2018 में सीरियाई सरकार पर रासायनिक हथियार के बाद मिसाइल हमले किए। सीरिया-इराक में आईएस के खिलाफ सहयोग।
- इराक में अमेरिकी उपस्थिति बनाए रखी, जनवरी 2020 में ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का आदेश दिया जिससे ईरान से तनाव बढ़ा।
- सऊदी अरब और यूएई के यमन में युद्ध को हथियारों और खुफिया सहयोग किया। कांग्रेस की हथियार बिक्री रोकने की कोशिश को वीटो कर दिया।

**दूसरा कार्यकाल**

- कई बार रूस-यूक्रेन युद्ध 24 घंटे में खत्म करने का दावा लेकिन यूक्रेन की मदद सीमित करके रूस के साथ डील करने की भी कोशिश।
- दुनिया भर के विरोध के बावजूद गाजा में कत्ले आम पर इजराइल को समर्थन जारी, इजराइल के गाजा के हिस्सों पर योजना पर भी खामोश।
- ईरान से टकराव के बीच इजराइल को समर्थन, हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान इजराइल की सैन्य मदद, ईरान में बी-2 बॉम्बर विमान भी भेजे।

### शांति का नोबेल

- यह पुरस्कार उन व्यक्तियों या संगठनों को मिलता है जिन्होंने राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने, सैन्य तनाव घटाने और शांति स्थापना के लिए असाधारण काम किया हो।
- नोबेल पुरस्कार के लिए हर साल एक फरवरी तक नामांकन जमा लिए जाते हैं। नामांकन प्रक्रिया 8 महीने तक चलती है। इसका संचालन नॉर्वेजियन नोबेल समिति करती है।
- पांच सदस्यीय नोबेल समिति की नियुक्ति नॉर्वे की संसद करती है। देशों के राष्ट्रपति और पूर्व पुरस्कार विजेता जैसे चुनिंदा लोग और संस्थाएं ही किसी को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकती हैं।

# ट्रंप ने किया शिकागो में आव्रजन कार्रवाई का एलान, मेयर ने कहा- सहयोग नहीं करेंगे

## नियंत्रण से बाहर की स्थिति बताया, बोले- संघीय सरकार के आदेश मानने के लिए बाध्य नहीं

**शिकागो, एजेंसी**

शिकागो के मेयर ने बड़ी संख्या में संघीय अधिकारियों को शहर में भेजने की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की संभावित योजना का शनिवार को खुला विरोध करते हुए इसे 'नियंत्रण से बाहर की स्थिति' करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिकागो पुलिस आव्रजन कार्रवाई में संघीय अधिकारियों का सहयोग नहीं करेगी।

बताया जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन अमेरिका के तीसरे सबसे बड़े शहर में कुछ ही दिनों में संघीय अधिकारियों को भेज सकता है। मेयर ब्रैंडन जॉनसन के एक शासकीय आदेश के अनुसार, शिकागो पुलिस तलाशी अभियान, वाहनों की जांच जैसी आव्रजन से जुड़ी कार्रवाई में संघीय अधिकारियों की मदद नहीं करेगी। संघीय सरकार द्वारा 'नेशनल गार्ड' की तैनाती किए जाने की अटकलों के बीच मेयर ने शहर के सभी विभागों को निर्देश दिया है कि वे शिकागो के लोगों



ट्रंप के फैसले के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते शिकागो के मेयर ब्रैंडन जॉनसन।

के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करें।

जब एक संवाददाता सम्मेलन में मेयर जॉनसन से पूछा गया कि संघीय एजेंट शायद आदेश का पालन कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, हां, लेकिन मैं संघीय सरकार से किसी भी तरह का आदेश नहीं लेता। जॉनसन ने शिकागो पुलिस को मास्क लगाकर ड्यूटी करने से भी रोक दिया है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि इस साल ट्रंप प्रशासन के आने के बाद अधिकतर संघीय आव्रजन और सीमा शुल्क अधिकारी मास्क लगाकर काम कर रहे हैं। नाम न उजागर करने की शर्त पर दो अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि आव्रजन कार्रवाई शुरू करने के लिए संघीय अधिकारियों की तैनाती शिकागो में पांच सितंबर से शुरू हो सकती है और यह करीब 30 दिन तक रह सकती है। हालांकि इस बारे में कोई अभी तक औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारतीयों के बढ़ते प्रवास के खिलाफ अभियान को नकारा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने भारतीयों के बढ़ते प्रवास के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में चलाए जा रहे अभियानों की निंदा करते हुए उन्हें अस्वीकार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार का कहना है कि इस 'नस्लवाद और जाति पर आधारित अतिदक्षिणपंथी सक्रियता' के लिए देश में कोई स्थान नहीं है। एक समूह की वेबसाइट के अनुसार, आव्रजन के खिलाफ मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया नामक रैलियां सिडनी, मेलबर्न, ब्रिस्बेन, कैनबरा, एडिलेड, पर्थ, होबार्ट में आयोजित की गईं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा है कि वह इन रैलियों के खिलाफ है। कहा, सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, हमारे समुदाय में सुरक्षित और स्वागतयोग्य महसूस करने का अधिकार है। गृह मंत्री टोनी बर्क ने कहा, हमारे देश में उन लोगों के लिए कोई जगह नहीं है जो हमारी सामाजिक एकता को बांटना और कमज़ोर करना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया इसे सहन नहीं करेगा।

# रूस-चीन ब्रिक्स सदस्य देशों पर भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ

**तियानजिन, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस एवं चीन ने ब्रिक्स सदस्य देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले 'भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों' के खिलाफ साझा रुख अपनाया है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने यहां पहुंचे पुतिन ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि रूस और चीन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए ब्रिक्स की क्षमता को मजबूत करने के लिए एकजुट हैं। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि मॉस्को और बीजिंग ब्रिक्स सदस्यों और समग्र विश्व के 'सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के विरुद्ध एक साझा रुख' अपनाते हैं। पुतिन ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं।

ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात



- पुतिन ने ट्रंप की ब्रिक्स देशों पर 10% शुल्क लगाने की धमकी का दिया जवाब

इसके नए सदस्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन से मुलाकात करेंगे। पुतिन ने कहा कि रूस और चीन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में सुधार का समर्थन करते हैं। शिखर सम्मेलन में भाग लेने और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ वार्ता करने के अलावा, पुतिन द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित परेड में भी शामिल होंगे।

पुतिन ने आशा जताई कि एससीओ शिखर सम्मेलन 10-सदस्यीय संगठन को नई शक्तिशाली गति देगा और समकालीन चुनौतियों एवं खतरों का सामना करने की इसकी क्षमता को मजबूत करेगा तथा साझा यूरेशियाई क्षेत्र में एकजुटता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, इससे एक अधिक न्यायसंगत बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में मदद मिलेगी।

# जर्मनी : फलस्तीन का समर्थन करने को प्रदर्शन में जुटे अनुमान से दोगुने लोग

**बर्लिन, एजेंसी**

जर्मनी के प्रमुख शहर फ्रैंकफर्ट में शनिवार को फलस्तीन समर्थकों ने एक रैली निकाल कर अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन किया है। फ्रैंकफर्टर अल्गेमाइन ज़ितुंग अखबार ने बताया यूनाइटेड 4 गाजा नाम से हुए इस प्रदर्शन में अनुमान लगाया गया था कि इसमें 5,000 तक लोग शिरकत कर सकते हैं लेकिन इस अटकल से दोगुनी भीड़ रैली में पहुंची।

रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने इस विरोध प्रदर्शन को गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद से शहर में सबसे बड़ी फलस्तीन समर्थक रैली बताया। रैली में आए कुछ लोगों ने जर्मनी में प्रतिबंधित नारे लगाए और गाजा में फौजी कार्रवाई को नरसंहार जैसा बताया। पुलिस ने कई बार मार्च को रोका। गत 20 अगस्त को इजराइली मीडिया कान ने बताया था कि रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने



- फ्रैंकफर्ट में आयोजित की गई यूनाइटेड 4 गाजा रैली

गाजा शहर पर कब्ज़ा करने के एक अभियान को मंजूरी दे दी है।

इजराइली सेना के रेडियो स्टेशन गैली तज़ाहल ने भी उसी दिन पहले बताया था कि गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए इजराइल का अभियान 2026 तक चलेगा और युद्धाभ्यास के चरम पर 1,30,000 तक रिजर्व सैनिक इसमें शामिल होंगे। नेतन्याहू ने गाजा शहर पर नियंत्रण करने और चरमपंथी संगठन हमास को हराने के लिए फौजी योजनाओं को 21 अगस्त को मंजूरी दे दी थी।

### फलस्तीन को मान्यता देने के मैक्रों के फैसले से अमेरिका नाराज

**पेरिस।** फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है। इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह बेंजामिन नेतन्याहू को एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। मैक्रों ने कहा, फ्रांस के कूटनीतिक प्रयास गाजा में उस भयावह मानवीय आपदा पर हमारे आक्रोश से उत्पन्न हुए हैं।

## भारत करेगा 1 लाख करोड़ के दो पनडुब्बी सौदों पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** चीन की बढ़ती नौसैना ताकत के मद्देनजर भारत अपनी समुद्री युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अगले साल के मध्य तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के दो बड़े पनडुब्बी सौदों को अंतिम रूप दे सकता है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पहला सौदा तीन स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियों के लिए है, जिनका निर्माण 'मझगांव डॉक लिमिटेड' और फ्रांस की रक्षा कंपनी 'नेवल ग्रुप' मिलकर करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने करीब 36,000 करोड़ रुपये के इस सौदे को दो साल पहले मंजूरी दे दी थी लेकिन तकनीकी और वित्तीय शर्तों को लेकर बातचीत में देरी हुई है। दूसरा बड़ा सौदा छह डीजल-इलेक्ट्रिक स्टील्थ पनडुब्बियों के निर्माण का है, जिसकी अनुमानित लागत 65,000 करोड़ रुपये है। सूत्र ने उम्मीद जताई कि अगले साल मध्य तक दोनों सौदों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष एंड्री पारुबिय की शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में गोली मारकर हत्या कर दी गई।

यूक्रेनी अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि अज्ञात बंदूकधारी के गोली मारने से 54 वर्षीय राजनेता की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमलावर डिलीवरी राइडर का वेश

- डिलीवरी राइडर के वेश में आया हमलावर ई बाइक से भागा



धारण कर इलेक्ट्रिक बाइक पर भाग गया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हत्या की निंदा करते हुए इसे भयावह हत्या बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, हत्यारे की तलाश और जांच में सभी आवश्यक बल और साधन लगे हुए हैं। पारुबिय यूक्रेन के 2004 और 2014 के विरोध आंदोलनों में एक प्रमुख व्यक्ति थे और कुछ समय के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव भी रहे। पूर्व यूक्रेनी राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको ने इस हत्या को यूक्रेन के दिल पर मारी गई गोली कहा।

### पोप ने हथियारों की महामारी की निंदा की

**वेटिकन सिटी।** पोप लियो-14वें ने अमेरिका में एक कैथोलिक स्कूल में सामूहिक प्रार्थना के दौरान गोलीबारी के पीड़ितों के लिए रविवार को सार्वजनिक रूप से प्रार्थना की और बड़े तथा छोटे हथियारों की महामारी की निंदा की। इतिहास के पहले अमेरिकी पोप ने अंग्रेजी में बोलते हुए हथियारों के तर्क को खत्म करने और भाईचारे की संस्कृति को कायम रखने की अपील की।

# लंदन : हिंदू सामुदायिक केंद्र में लगी भीषण आग

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की राजधानी लंदन के पूर्वी हिस्से में स्थित एक हिंदू सामुदायिक केंद्र में आग लग गई, जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

लंदन के दमकल विभाग के मुताबिक इल्फोर्ड में क्लीवलैंड रोड स्थित श्री सोरठिया प्रजापति सामुदायिक केंद्र को शनिवार को

- पुलिस ने शुरू की जांच, गणपति विसर्जन का चल रहा था कार्यक्रम

गणपति विसर्जन कार्यक्रम के लिए सजाया गया था और हिंदू समुदाय के सदस्य प्रार्थना और उत्सव के लिए एकत्र हुए थे। स्थानीय खबरों के मुताबिक, संभवतः आतिशबाजी की वजह से आग लगी। लंदन महानगर पुलिस ने कहा कि उसे ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है, जिससे संकेत मिले कि आग जानबूझकर लगाई गई है।

लंदन महानगर पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया, घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, हम स्थानीय लोगों की सहायता के लिए रेडब्रिज काउंसिल के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे धुएं के कारण खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें।


पुलिस ने बताया कि उसके अधिकारियों को गश्त के दौरान आग लगने की जानकारी मिली और उन्होंने लंदन के दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। दमकल विभाग ने बताया कि उसे आग के बारे में लगभग 14 कॉल प्राप्त हुए थे, और इल्फोर्ड, बार्किंग, स्ट्रैटफ़ोर्ड, लेटन, हैनाल्ट और रोमफोर्ड अग्निशमन केंद्रों से छह दमकल गाड़ियों और लगभग 40 अग्निशामकों को घटनास्थल पर भेजा गया था।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 सितंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 2 सितंबर 02.43 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग



**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 19.55 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** — आज आपकी पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। लंबित योजनाएं समय पर पूर्ण हो जाएंगी। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहने वाली है। किसी बड़े समारोह में भाग ले सकते हैं। मांगलिक कार्यों को लेकर मन में कुछ दुविधा रहेगी।

**वृष** — आज नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति होने की संभावना है। पूरे जोश और मेहनत के साथ अपने काम में लगे रहेंगे। ऑफिस का काम आपको घर पर करना पड़ सकता है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज परिवार के साथ मांगलिक कार्यक्रमों का आनंद उठायेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। जिसमें आपको सफलता भी अवश्य मिलेगी। नए उपक्रमों की शुरुआत कर सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज व्यवसाय में बड़े निवेशकों का सहयोग मिलने की भी संभावना बन रही है। आपकी सूझबूझ और बुद्धिमत्ता की प्रशंसा होगी। प्रतियोगी परीक्षा में आपका प्रदर्शन जबरदस्त रहने वाला है। साहित्य से जुड़े लोगों को पुरस्कार मिल सकता है।

**सिंह** — आज आपका समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में वृद्धि होगी। परिजनों की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखें। घर के लिए महत्वपूर्ण एक्सेसरीज की खरीदारी कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में आपका प्रदर्शन जबरदस्त रहेगा।

**कन्या** — आज आपकी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। घर या ऑफिस के नवनिर्माण को लेकर योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति प्रेम और सम्मान भाव बढ़ेगा। अपने दांपत्य जीवन से अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। टेक्सटाइल से जुड़े कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

**तुला** — आज आपका सामाजिक संबंधों का दायरा विस्तृत होगा। अपनी उपलब्धियों पर गर्व की अनुभूति होगी। अपनी दिनचर्या में अच्छी आदतों को सम्मिलित कर सकते हैं। संतान को करियर के नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज आप स्वयं को और अपनी जीवनशैली को पर्याप्त समय देंगे। विधिक मामलों में आपको विजय मिल सकती है। छोटे भाई-बहनों की उपलब्धियों पर आपको गर्व होगा। पेट में गैस और एसिडिटी बन सकती है।

**धनु** — आज आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। रिश्तेदार आपसे कुछ निजी मामलों को लेकर राय ले सकते हैं। यदि आप सजग रहे तो आपके काम निर्बाध रूप से हो जायेंगे।

**मकर** — आज प्रेम संबंधों को नए रिश्ते की ओर परिणित कर सकते हैं। आप अपने पसन्दीदा कार्यों को लेकर अत्यंत उत्सुक रहेंगे। आपको परिवार का अतिरिक्त ध्यान रखना पड़ेगा। नजदीकी मित्रों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कारोबार में आपको मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। तकनीकी शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को करियर के उत्तम विकल्प मिल सकते हैं। आपका मन पूजा-पाठ में लगेगा। नया वाहन खरीद सकते हैं।

**मीन** — आज विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। कारोबार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग आपकी चिन्ताओं को कम करेगा।

## सुडोकू-86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 8 | | 5 | | 3 | |
| | 9 | | | 3 | 4 | | | |
| | 2 | | 9 | | | 6 | | |
| 6 | | 3 | | | | | | 4 |
| | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | | | 7 | | | | | 6 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

### सुडोकू - 85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 8 | 1 |



हमने शुरुआती दो क्वार्टर में दबदबा कायम किया, लेकिन तीसरे क्वार्टर में जापान ने पलटवार किया क्योंकि वे बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे। मुझे लगा चौथे क्वार्टर में हम अपनी बढ़त और और बढ़ाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

**-क्रेग फुल्टन, हॉकी टीम के मुख्य कोच**



## हाईलाइट



उत्तर क्षेत्र के आयुष बडोनी शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते हुए। एजेंसी

### बडोनी के दोहरे शतक से उत्तर क्षेत्र सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु :** आयुष बडोनी के नाबाद दोहरे शतक की मदद से उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के चौथे और आखिरी दिन रविवार को यहां पूर्व क्षेत्र को वापसी करने का मौका नहीं दिया और पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहली पारी में 183 रन की बढ़त लेने वाली उत्तर क्षेत्र की टीम ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 388 रन से आगे से की। टीम ने चार विकेट पर 658 रन पर पारी घोषित की तब उसकी बढ़त 833 रन की हो चुकी थी और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ समाप्त करने पर सहमति जता दी। बडोनी 223 गेंद पर 204 रन पर नाबाद रहे।

### मध्य क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के अंतिम चार में पहुंचा

**बेंगलुरु :** पूर्वोत्तर क्षेत्र ने संयम और दिलेरी से बल्लेबाजी करते हुए रविवार को चौथे और आखिरी दिन मध्य क्षेत्र को जीत से वंचित कर दिया, लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर उन्हें दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने से नहीं रोक सके। पूर्वोत्तर क्षेत्र ने जीत के लिए मिले 679 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 200 रन बनाए जिससे मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मध्य क्षेत्र ने पहली पारी में चार विकेट पर 532 रन बनाने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र को 185 रन पर आउट कर दिया था।

### यू मुंबा ने थलाइवाज को 3 अंक से हराया

**विशाखापट्टनम :** यू मुंबा ने अपने शानदार हरफनमौला खेल की बदौलत तमिल थलाइवाज को 36-33 से हरा दिया। मुंबा की यह लगातार दूसरी जीत है जबकि थलाइवाज को दो मैचों में पहली हार मिली है। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के तीसरे दिन रविवार को विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेले गये मैच में मुंबा ने इसे जीतने के लिए जो हो सकता था किया। उसने एक समय नौ अंकों से पिछड़ रहे होने के बावजूद शानदार वापसी की।

### संन्यास लेना चाहती थीं लवलीना

**नई दिल्ली :** लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अकादमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्केबाजी से संन्यास लेने पर विचार किया था, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक से चूकने के बाद उन्होंने यह फैसला टाल दिया। असम की यह मुक्केबाज आगामी विश्व चैंपियनशिप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में दूसरा पदक जीतना है।

# आप टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती की दिलाते थे याद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की सराहना करते हुए लिखा कि उनकी दृढ़ खेल शैली टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती की याद दिलाती थी। पुजारा ने पिछले रविवार को अपने 103 टेस्ट मैच के शानदार करियर का अंत करते हुए संन्यास की घोषणा की थी।

मोदी ने पुजारा को एक पत्र में लिखा क्रिकेट के छोटे प्रारूपों के प्रभुत्व वाले युग में आप खेल के लंबे प्रारूप की खूबसूरती की याद दिलाते थे। आपके अडिग धैर्य और लंबे समय तक एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता ने आपको भारतीय बल्लेबाजी क्रम का आधार बनाया। भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले इस पूर्व बल्लेबाज ने पत्र की प्रति सोशल मीडिया पर पोस्ट की और प्रधानमंत्री को उनके गर्मजोशी भरे शब्दों के लिए धन्यवाद दिया।



● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतेश्वर पुजारा को लिखा पत्र

### पुजारा बोले- धन्यवाद सर

- पुजारा ने अपनी प्रतिक्रिया में लिखा मैं अपने संन्यास पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री से प्रशंसा पत्र प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा आपकी भावनाओं की मैं बहुत सराहना करता हूं। अपनी दूसरी पारी में कदम रखते हुए मैं मैदान पर बिताई हर याद और मुझे मिले प्यार और प्रशंसा को संजोकर रखूंगा। धन्यवाद सर।


प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 और 2021 में ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो सीरीज जीतने के दौरान पुजारा की अहम भूमिका का जिक्र करते हुए लिखा आपका उत्कृष्ट क्रिकेट करियर उल्लेखनीय कौशल तथा दृढ़ संकल्प के क्षणों से भरा पड़ा है, विशेषकर विदेशों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में। उन्होंने कहा उदाहरण के लिए प्रशंसक ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जैसे मौकों को हमेशा याद रखेंगे जब आपने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत के पहली बार ऐतिहासिक सीरीज जीतने की नींव रखी थी!

मोदी ने लिखा सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमणों में से एक के सामने डटे रहकर आपने दिखाया कि टीम की जिम्मेदारी उठाने का क्या मतलब होता है।

मोदी ने घरेलू क्रिकेट के प्रति पुजारा की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। उन्होंने कहा खेल के प्रति आपका जुनून इस बात से भी झलकता है कि एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर होने के बावजूद आपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना जरूरी समझा, चाहे वह सौराष्ट्र के लिए हो या विदेश में। प्रधानमंत्री ने आगे कहा सौराष्ट्र क्रिकेट के साथ आपका लंबा जुड़ाव और राजकोट को क्रिकेट के नक्शे पर लाने में आपका योगदान इस क्षेत्र के हर युवा के लिए अपार गर्व का स्रोत रहेगा।



**एशिया कप की तैयारी :** बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर क्रिकेटर मोहम्मद सिराज रविवार को पहुंच गए। यहां टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और वनडे कप्तान रोहित शर्मा सहित अन्य सभी भारतीय क्रिकेटरों ने फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है। रोहित का आगामी एकदिवसीय सीरीज के लिए परीक्षण हुआ है। एजेंसी



भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह। एजेंसी

# लगातार दूसरी जीत से भारत सुपर चार में

## हॉकी एशिया कप के रोमांचक मुकाबले में जापान को हराया, हरमनप्रीत फिर चमके

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल ए के कड़े मुकाबले में जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई किया। चीन के खिलाफ पहले मैच में हैट्रिक बनाने वाले हरमनप्रीत ने पांचवें और 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे जबकि भारत के लिए एक अन्य गोल मनदीप सिंह ने चौथे मिनट में किया। जापान की ओर से दोनों गोल कोसेई कावाबे ने 38वें और 59वें मिनट में किए।

भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीन पर 4-3 की जीत के साथ की थी। दो मैच में दो जीत के बाद भारत छह अंक के साथ पूल ए में शीर्ष पर है। जापान और चीन ने एक-एक जीत दर्ज की है। मेजबान टीम अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी जबकि जापान और चीन के बीच होने वाले मुकाबले से पूल ए से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारत ने पिछले मैच की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। टीम में बेहतर समन्वय दिखा और उसे तेज हॉकी खेली जिसके कारण प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर लगातार हमले हुए। भारत को पहला मौका दूसरे मिनट में ही मिल गया जब हरमनप्रीत ने मनप्रीत को गेंद दी लेकिन सर्कल के ठीक अंदर से लिया गया। उनका शॉट गोल से कुछ इंच दूर से बाहर निकल गया। भारत को बढ़त लेने में अधिक समय नहीं लगा और कुछ ही मिनट बाद मनदीप के शानदार मैदानी गोल से मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। भारत को पांचवें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और हरमनप्रीत ने दूसरे प्रयास में गोल करके भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। पहला क्वार्टर खत्म होने से दो मिनट पहले जापान को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दोनों ही मौकों पर अपना 150वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने बेहतरीन बचाव किया।



जापान की टीम व गोलकीपर किशो कुरोदा को छकाते हुए गोल करने का प्रयास करते हुए भारत के मनदीप सिंह। एजेंसी

दूसरे क्वार्टर में जापान को लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय टीम ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया। मध्यांतर से तीन मिनट पहले भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम ने मौका गंवा दिया। मध्यांतर के बाद खेल शुरू होने के कुछ मिनट बाद सुखजीत ने मनदीप को सर्कल के अंदर पास दिया, लेकिन उनके शॉट को जापान के गोलकीपर ने रोक दिया। जापान ने 38वें मिनट में काइतो तनाका के पास पर कावाबे के गोल से भारत की बढ़त को कम किया लेकिन मेजबान टीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के एक और गोल से फिर दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। जापान को 49वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने दो शानदार बचाव किए। मैच खत्म होने से दो मिनट पहले कावाबे ने जरमनप्रीत की कमजोरी का फायदा उठाकर गोल किया लेकिन जापान को हार से नहीं बचा पाए।

### हमें और बेहतर करना होगा : फुल्टन

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन एशिया कप के सुपर चार के लिए क्वालीफाई करने के अपने पहले लक्ष्य को हासिल करके खुश हैं, लेकिन उन्हें टूर्नामेंट में टीम से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। फुल्टन ने मैच के बाद कहा हमने अपने पहले लक्ष्य को हासिल कर लिया है। हमें हालांकि और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। सही तालमेल से ऐसा कर सकेंगे।

### चीन 13-1 से जीता

पूल ए के दूसरे मैच में चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की और सुपर चार में जगह बनाने का दावा बरकरार रखा। कजाखस्तान को मैच शुरू होने के 12 सेकंड के अंदर ही पेनल्टी मिली और अगिमटे डुइसेंगजी ने सटीक फ्लिक से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। चीन के लिए डू शिहाओ (10वें, 53वें), किजुन चेन (13वें), चांगलियांग लिन (15वें, 39वें), बेनहाई चेन (29वें, 56वें), युआनलिन लू (31वें), जिशेंग गाओ (33वें) शियाओलोंग गुओ (41वें, 58वें) और युआनलिन लू (42वें, 44वें) ने गोल दागे।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता

**पेरिस, एजेंसी**

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था, लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है।

इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया।

### विश्व बैडमिंटन

● सेमीफाइनल में चीन से हारने के बाद गोल्ड मैडल का सपना टूटा

वे पिछले मैचों की तुलना में अधिक आत्मविश्वास के साथ खेले। वे हमारी तुलना में अधिक सहज होकर खेल रहे थे। पहले गेम में भले ही हम आगे थे फिर भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे थे। मुझे लगता है कि हमने पिछले मैचों में यही किया था।

**-सात्विक साईराज**

हार के बाद चिराग ने कहा हम लय हासिल नहीं कर पाए। हमने (तीसरे गेम में) आसान अंक गंवा दिए। हमें थोड़ा और समझदारी दिखानी चाहिए थी। लेकिन, इसका श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने तीसरे गेम की शुरुआत से ही अच्छी सर्विस की। हम फाइनल में नहीं पहुंच पाए लेकिन कुल मिलाकर यह टूर्नामेंट हमारे लिए अच्छा रहा। सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली। लेकिन इसके बाद चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही।



सात्विक साईराज (बाएं) और चिराग शेट्टी चीन के खिलाफ एक्शन में। एजेंसी

# कोको गॉफ और नाओमी ओसाका चौथे दौर में होंगी आमने-सामने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

कोको गॉफ और नाओमी ओसाका ने शनिवार को जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया जहां उनका आमना सामना होगा। इन दोनों पूर्व चैंपियन के बीच इससे पहले अमेरिकी ओपन में 2019 में मुकाबला हुआ था। ओसाका तब मौजूदा चैंपियन थी और उन्होंने 15 साल की गॉफ़ को सीधे सेटों में हरा दिया था। गॉफ़ इस हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाई थी और ओसाका ने उन्हें सांत्वना दी थी। ओसाका ने शनिवार को कहा मैं उसे एक छोटी बहन की तरह मानती हूं, इसलिए यहां उसके साथ दोबारा खेलना अच्छा है। ओसाका 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंची हैं। उन्होंने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले गॉफ ने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के अंतिम 16 में जगह बनाई।

इस बीच 45 वर्षीय वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने उलरिके ईकेरी और एरी होजुमी को 7-6 (1), 6-1 से हराकर महिला युगल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।



नाओमी ओसाका। एजेंसी

### मैं कोई मशीन नहीं हूं : सिनर

- **न्यूयॉर्क :** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

### भांबरी और वीनस की शानदार जीत

**न्यूयॉर्क :** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने यहां मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की अमेरिकी जोड़ी को करारी शिकस्त देकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए।

भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। उन्होंने अपनी विरोधी टीम को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया और मैच में सिर्फ तीन गेम गंवाए।

भारत के स्टार खिलाड़ी बोपन्ना और मोनाको के उनके जोड़ीदार रोमेन अर्नेडो शनिवार की रात को खेले गए मैच में रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी से मात्र एक घंटे पांच मिनट में 4-6, 3-6 से हार गए। कैश और ट्रेसी ने शानदार प्रदर्शन किया।

**टीम की घोषणा** | 13 सितंबर से होने वाली इस प्रतियोगिता में भाला फेंक में भारत के सबसे अधिक खिलाड़ी

# विश्व चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे नीरज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भारत के पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक होगी। इसमें नीरज चोपड़ा की अगुआई में देश के चार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह वैश्विक मंच पर दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा के प्रदर्शन से आई गई क्रांति का उल्लेखनीय प्रतिबिंब है।

भारत ने 13 से 21 सितंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए रविवार को 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें भाला फेंक स्पर्धा में चोपड़ा के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टोक्यो में प्रतिस्पर्धा करने वाले शुरुआती 36 खिलाड़ियों के समूह में जगह बनाने में नाकाम रहे रोहित को विश्व एथलेटिक्स से आमंत्रण मिला जब विश्व रैंकिंग में उनसे ऊपर के प्रतियोगियों ने नाम वापस ले लिया। पिछले टूर्नामेंट में भी चार भारतीयों ने क्वालीफाई किया था लेकिन रोहित चोट के कारण बाहर हो गए थे। चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था जबकि किशोर जेना और डीपी मनु क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे थे। देश के इतिहास में पहली बार चार भारतीय विश्व चैंपियनशिप की किसी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

गत चैंपियन होने के कारण 27 वर्षीय चोपड़ा ने वाइल्ड कार्ड से विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जिससे तीन अन्य भारतीयों के उनके साथ जुड़ने का रास्ता साफ हुआ। किसी भी देश को प्रतिस्पर्धा में अधिकतम तीन प्रतिभागियों को शामिल करने की अनुमति है लेकिन यदि कोई खिलाड़ी वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रतियोगिता में जगह बनाता है तो यह संख्या चार हो सकती है। चोपड़ा ने 85.50 मीटर का क्वालीफाइंग स्तर भी पार कर लिया था जबकि अन्य तीन भारतीयों ने विश्व रैंकिंग के माध्यम से कट हासिल किया।



नीरज चोपड़ा। एजेंसी

### भारतीय टीम

- **पुरुष :** नीरज चोपड़ा, सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव (भाला फेंक), मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद), गुलवीर सिंह (5,000 मीटर और 10,000 मीटर), प्रवीण चित्रावेल और अब्दुल्ला अबुबाकर (त्रिकूद), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद), अनिमेष कुजूर (200 मीटर), तेजस शिरसे (110 मीटर बाधा दौड़), सर्विन सबेस्टियन (20 किमी पैदल चाल), राम बाबू और संदीप कुमार (35 किमी पैदल चाल)।
- **महिलाएं :** पारुल चौधरी और अंकिता ध्यानी (3000 मीटर स्टीपलचेज), अन्नू रानी (भाला फेंक), प्रियंका गोस्वामी (35 किमी पैदल चाल), पूजा (800 मीटर और 1500 मीटर)।